रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, गुरुवार 25 फरवरी 2021 पृष्ठ-12 वर्ष-05, अंक- 186 मूल्य 3.00 ₹


## क्विक न्यूज

### दत्तात्रेय ने पुस्तक भेंट की नायडू को

**नयी दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय ने बुधवार को उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू से मुलाकात की और उन्हें अपने कार्यकाल पर आधारित एक पुस्तक भेंट की। उप राष्ट्रपति सचिवालय ने यहां बताया कि श्री दत्तात्रेय ने श्री नायडू से उप राष्ट्रपति निवास पर आज सुबह भेंट की। इस अवसर पर दत्तात्रेय ने हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल के रुप में एक वर्ष पूरा होने पर आधारित एक पुस्तक की प्रति उप राष्ट्रपति को दी।

### इंग्लैंड ने 81 रन पर गंवाए चार विकेट

**अहमदाबाद।** इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ चार मैचों की सीरीज के तीसरे दिन रात्रि मैच के पहले दिन बुधवार को खराब शुरुआत करते हुए टी ब्रेक तक 81 रन पर चार विकेट खो दिये। टी ब्रेक होने तक इंग्लैंड के जैकक्रौली, डोमिनिक सिब्ले, जॉनी बेयरेस्टो और जो रुट (कप्तान) आउट होकर पवेलियन लौट चुके हैं। जैक क्रॉली 84 बॉल पर 53 रन बनाने के बाद लेफ्ट आर्म स्पिनर अक्षर पटेल की गेंद पर एलबीडब्ल्यू हो गये। सिब्ले और बेयरेस्टो खाता खोले बिना ही आउट हो गये। सिब्ले को तेज गेंदबाज इशांत शर्मा और बेयरेस्टो को अक्षर पटेल ने आउट किया। इसके बाद कप्तान रुट 37 बॉल पर 17 रन बनाकर रविचंद्रन अश्विन की गेंद पर एलबीडब्ल्यू हो गये।

### मथुरा में सड़क हादसे में एक परिवार के छह सदस्यों समेत सात मरे

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश में मथुरा के नौझील क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे पर टैंकर की चपेट में आने से कार सवार एक परिवार के छह सदस्यों समेत सात लोगों की मृत्यु हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि मंगलवार रात करीब 12 बजे माइलस्टोन 68 के पास यह हादसा उस समय हुआ जब वृंदावन से दर्शन कर हरियाणा के जींद जिले स्थित अपने घर लौट रहे एक परिवार की कार डिवाइडर तोड़ कर दूसरी लेन में आये टैंकर से टकरा गयी। हादसा इतना भीषण था कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी और उसमें सवार सभी सात लोगों की मौके पर मौत हो गयी। उन्होने बताया कि हादसे मे मारे गये जींद जिले के गढ़ सफीदो के निवासी थे। डीजल से भरा टैंकर नोएडा से आगरा की तरफ जा रहा था।

# बिना मांग के खरीदे 35 स्कार्पियो, कैम्पा की राशि का खुला दुरूपयोग

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com


पायनियर
कोरोनाकाल में कैम्पा मद से अधिकारियों को खरीदी चमचमाती ब्लैक स्कार्पियो
कई विभागों में 30 प्रतिशत तक के बजट की हुई थी कटौती
रमन शासनकाल से अब तक काबिज हैं राव
कैम्पा से सभी अधिकारियों को चमचमाती ब्लैक स्कॉर्पियो
आखिर इतना खर्च क्यों?

पायनियर लगातार

पूरे भारत वर्ष में छत्तीसगढ़ ही एक ऐसा प्रदेश है जहां कोरोनाकाल में अधिकारी अपनी शान-ए-सौकत पूरा करने में लगे रहे। छत्तीसगढ़ राज्य में कैम्पा मद से सभी वनमण्डलों के अधिकारियों के लिए 35 ब्लैक कलर की चमचमाती स्कार्पियों की खरीदी की गई। जबकि सभी वनमण्डल में पहले से ही सरकारी वाहन मौजूद हैं। हैरत की बात यह है कि किसी वनमंडल से गाड़ियों की मांग नहीं की गई थी। न ही वनमंडल के द्वारा कोई भी मांग पत्र मुख्यालय को भेजे गए है। लेकिन कैम्पा की राशि से खरीदी गई गाड़ियों की पूरे प्रदेश में चर्चा हो रही है। कई विभागों के अधिकारियों को आने-जानें के लिए वाहन नसीब नहीं हो रहे हैं। लेकिन वन विभाग में पहले से मौजूद गाड़ियों को बिना राइटप कराये सीधा नए वाहन खरीद दिए गए। वो भी बिना किसी मांग के। ज्ञात हो इसके पूर्व जो वाहन वनमंडलाधिकारियों को दिए गए थे वे तकरीबन 5-6 लाख की कीमत के थे। अभी 35 वनमंडल के अधिकारियों को स्कार्पियो वाहन दिया गया है जिसकी कीमत तकरीबन 15 लाख से भी अधिक है।


छत्तीसगढ़ में कैम्पा की राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है। जिस प्रकार संकट के समय लोगों ने एक-एक पैसे का उपयोग किया है। मुसीबतों को समाना किया। वहीं अधिकारी सरकारी राशि का दुरुपयोग कर रहे हैं। कैम्पा की राशि सामान्य तौर पर वनों के संधारण के लिए, उजड़े हुए वन को लगाने के लिए, कटाव को रोकने के लिए उपयोग होनो चाहिए। उसके बजाय यहां के अधिकारी इस प्रकार की महंगी गाड़ियां खरीद करके कैम्पा की राशि का पूरा दुरुपयोग कर रहे हैं।

**धरमलाल कौशिक, नेता प्रतिपक्ष**


कैम्पा मद में जमा राशि राज्य सरकार के बजट में सम्मिलित नहीं है, इस मद के उपयोग हेतु राज्य सरकार द्वारा भारत सरकार को एपीओ प्रेषित किया गया है, जिसकी स्वीकृति भारत सरकार द्वारा दी जाती है। कैम्पा मद के एपीओ 2019-20 में वनमंण्डल स्तरीय स्ट्राइक फोर्स हेतु वाहनों के क्रय का प्रावधान स्वीकृत है, जिसके आधार पर 35 नग वाहन क्रय किया गया है। कोरोना संकट काल के दौरान राज्य सरकार द्वारा विभागीय वजट में कमी के निर्देश जारी किए थे परन्तु कैम्पा मद हेतु पारित बजट में कोई कमी नही की गई है। क्योकि कैम्पा मद की राशि राज्य के बजट का हिस्सा नहीं है।

**श्रीनिवास राव, सीईओ, कैम्पा**


छत्तीसगढ़ में कैम्पा की राशि का पूरी तरह से दुरुपयोग किया जा रहा है। सभी डीएफओं के पास पहले से ही सरकारी वाहन उपलब्ध हैं। उनका न ही आरटीओ फिटनेस निरस्त हुआ है और नहीं वे वाहन अभी कंडम हुए हैं। कुल मिलाकर देखा जाए तो यह कैम्पा की राशि का खुला बंदरबांट है।

**नितिन सिंहवी, वन तथा वन्यजीव प्रेमी**

# पहाड़ी कोरवा जमीन खरीदी मामले की जांच करने पहुंची बीजेपी की टीम, कहा-राष्ट्रपति को सौंपेंगे ज्ञापन



पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जिले के सोनक्यारी थाना क्षेत्र के गुतकिया, हर्रापाठ इलाके में निवासरत पहाड़ी कोरवा परिवारों की सम्मिलित खाते की 24.88 एकड़ जमीन को जिले के प्रभारी मंत्री अमरजीत भगत के न्यायाधीश पुत्र आशीष भगत के द्वारा खरीदे जाने के मामले को लेकर बीजेपी ने मोर्चा खोल दिया है। खरीदी-बिक्री में धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए जमीन की वापसी करने और दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की नियमित मांग की जा रही है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय की ओर से एक टीम का गठन किया गया जो जांच के लिए बुधवार को मौके पर गुतकिया हर्रापाठ पहुंची थी। वहीं से वस्तुस्थिति देखकर और पहाड़ी कोरवाओं की दयनीय स्थिति को समझकर टीम दोपहर में जशपुर पहुंची और प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए मामले को सामने रखा। टीम में रायगढ़ लोकसभा सांसद गोमती साय, पूर्व आदिवासी विकास मंत्री गणेश राम भगत, रायपुर जिले के ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र धरसींवा से विधायक रहे देवजी भाई पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नरेश नंदे, जिला पंचायत अध्यक्ष रायमुनि भगत, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नीतिन राय, जनपद जशपुर उपाध्यक्ष राजकपूर उर्फ रामू के साथ ही युवा मोर्चा से दीपक गुप्ता उपस्थित थे।

### कलेक्टर की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए देवजी भाई पटेल ने कहा राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र पहाड़ी कोरवाओं की पूरी जमीन खरीदकर उनकी जीविकोपार्जन के संसाधनों को छीन लेन अनुचित है। पहाड़ी कोरवाओं की स्थिति अत्यंत दयनीय है। हालात को देखकर प्रभारी मंत्री के पुत्र के द्वारा ऐसा नहीं किया जाना चाहिए था। जिला प्रशासन पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि कलेक्टर को पहाड़ी कोरवाओं और आदिवासियों की जमीन की खरीद बिक्री पर बारिकी से नजर रखना चाहिए और ऐसे कृत्य पर अंकुश लगाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा हम जांच रिपोर्ट प्रदेश अध्यक्ष को सौंपेंगे और उनके माध्यम से मामले की जानकारी प्रदेश के राज्यपाल और देश के राष्ट्रपति को भी देंगे।

# राहुल सांकेतिक प्रदर्शन में मछुआरों का साथ देने के लिए समुद्र में उतरे

वार्ता ◄ कोल्लम
www.dailypioneer.com



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी गहरे समुद्र में मछली पकड़ने के अनुबंध से संबंधित विवाद के खिलाफ प्रतीकात्मक प्रदर्शन का हिस्सा बनने के लिए बुधवार को यहां मछुआरों के साथ समुद्र में उतरे।

श्री गांधी कोल्लम के पास वाडी तट से तड़के करीब 05.15 बजे एक नाव में रवाना हुए और मछुआरों के साथ समुद्र में जाल डालकर मछली भी पकड़ी। वह करीब पौने आठ बजे वापस लौटे।


उन्होंने अपनी समुद्री यात्रा के बारे में पूछे जाने पर कहा कि वह मछुआरों के जीवन का अनुभव करना चाहते हैं। वह मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी नीत लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट सरकार की कथित गलत नीतियों के कारण मछुआरों के सामने आने वाली समस्याओं पर उनके साथ चर्चा करने से पहले समुद्र में गये। उन्होंने कहा कि मैं आज तड़के अपने भाइयों के साथ समुद्र में गया था। मैं देखना चाहता था कि वे ट्रॉलर के साथ क्या करने जाते हैं। हमने मछली पकड़ने की कोशिश की, लेकिन केवल एक ही मिली। हम खाली जाल के साथ वापस आ गये। यह मेरा अनुभव था। उन्होंने कहा कि उन्हें ऐसा लगता है कि मछुआरों के लिए समर्पित मंत्रालय नहीं होने के कारण मछुआरों के हितों की रक्षा नहीं हो पा रही है। इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए, केरल विधानसभा में विपक्ष के नेता रमेश चेन्निथला ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष को मछुआरों के दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों को समझने के लिए समुद्र में उनके साथ सुबह बिताने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि यह साबित करता है कि यूडीएफ और कांग्रेस पार्टी लोगों की आवाज सुनने ➢शेष पेज 8 पर

# सरकार की योजनाओं और नीतियों से खेती किसानी के प्रति आकर्षण बढ़ा : सीएम भूपेश

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

- विधानसभा में 505 करोड़ 700 रुपए का तृतीय अनुपूरक बजट पारित
- राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी किश्त इसी वित्तीय वर्ष की समाप्ति तक
- पिछली सरकार के समय छत्तीसगढ़ में कृषि का आकार लगातार सिकुड़ा

छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज चर्चा के बाद वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए 505 करोड़ 700 रुपए का तृतीय अनुपूरक बजट पारित किया गया। मुख्य बजट 95 हजार 650 करोड़ रुपए का था। प्रथम, द्वितीय और तृतीय अनुपूरक बजट को मिलाकर बजट का आकार अब एक लाख 02 हजार 349 करोड़ रुपए हो गया है। इससे पहले मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने सदन में अनुपूरक बजट प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि राज्य शासन की योजनाओं और नीतियों के कारण छत्तीसगढ़ में किसानों का खेती-किसानी के प्रति आकर्षण बढ़ा है। उन्होंने सदन को आश्वस्त किया कि किसानों को राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी किश्त इस वित्तीय वर्ष के समाप्त होने के पहले मिल जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकार ने किसानों की कर्जमाफी और हर साल बोनस देने का वादा किया था जिसे पूरा नहीं किया। पिछली सरकार के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ में कृषि का आकार लगातार सिकुड़ता रहा। समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए 15 लाख किसानों ने रजिस्ट्रेशन कराया था, जिसमें से केवल 12 लाख किसानों ने धान बेचा था। इस वर्ष 21 लाख किसानों ने समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए पंजीयन कराया जिसमें से साढ़े 20 लाख से अधिक किसानों ने धान बेचा। इस बार हमारे कार्यकाल में धान के रकबे में 21 लाख हेक्टेयर तक की वृद्धि भी हुई। उन्होंने कहा कि दिल्ली में धरने पर बैठे किसान मांग कर रहे हैं कि जैसे छत्तीसगढ़ में धान खरीदी हो रही है, वैसी ही खरीदी पूरे देश में की जाए।



मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार छत्तीसगढ़ के साथ भेदभाव कर रही है। जब से छत्तीसगढ़ में नयी सरकार बनी है केंद्र सरकार द्वारा केंद्रीय करों में राज्य के हिस्से में 14 हजार 73 करोड़ रुपए की कमी की गई है। केंद्र सरकार के नये बजट में एक्साइज ड्यूटी कम करने और पेट्रोल-डीजल में 4 प्रतिशत सेस लगाने का प्रावधान किया गया है। सेस की पूरी राशि केंद्र को जाएगी जिससे छत्तीसगढ़ को लगभग 1000 करोड़ रुपए का नुकसान होगा। 14 हजार 73 करोड़ रुपए की राशि कम नहीं होती, यदि यह राशि मिल जाती तो हमें कर्ज लेने की आवश्यकता ही नहीं होती। पिछली सरकार जितना लोन लेती थी, उसी प्रतिशत में ही वर्तमान राज्य सरकार कर्ज ले रही है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि जब केंद्र में यूपीए की सरकार थी तब छत्तीसगढ़ को केंद्रीय करों में मिलने वाले हिस्से में मात्र 1058 करोड़ रुपए की कमी हुई, इस दौरान कई वर्षों में प्रावधानित राशि से अधिक राशि राज्य को मिली। मुख्यमंत्री ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2020-21 के मुख्य बजट, प्रथम और द्वितीय अनुपूरक बजट में विकास कार्यों के लिए पर्याप्त प्रावधान कर दिए गए हैं, तृतीय अनुपूरक में केवल वही प्रावधान किए गए हैं, ➢शेष पेज 8 पर

## प्रधानमंत्री मोदी के नाम पर स्टेडियम का नामकरण

# राष्ट्रपति ने किया सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम का उद्घाटन

एजेंसी ◄ अहमदाबाद
www.dailypioneer.com

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम यहां मोटेरा स्थित नरेंद्र मोदी स्टेडियम का औपचारिक उद्घाटन और इसके पास ही बनने वाले सरदार वल्लभभाई पटेल स्पोर्ट्स एनक्लेव का भूमिपूजन किया। इस मौक़े पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और खेल मंत्री किरण रिजिजु भी मौजूद थे। आज से ही इस स्टेडियम पर भारत भारत और इंग्लैंड के बीच मौजूदा श्रृंखला का तीसरा टेस्ट शुरू होगा। जब 2016 में इसे पुनर्निर्माण के लिए ध्वस्त किया गया तो इसकी 54,000 दर्शकों की क्षमता थी और तब इसका नाम सरदार वल्लभभाई पटेल स्टेडियम था। अब इसका नया नामकरण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर किया गया है जो पहले गुजरात क्रिकेट संघ के अध्यक्ष भी रहे थे। नए क्रिकेट स्टेडियम का शिलान्यास जनवरी, 2018 में किया गया था। इसमें इंग्लैंड और भारत की टीमें चौथा टेस्ट मैच और कुल 5 टी ट्वेंटी मैच भी खेलेगी। दूसरी तरफ़ पास ही बनने वाला स्पोर्ट्स एनक्लेव 233 एकड़ क्षेत्र में फैला होगा इसमें 12 हज़ार दर्शक क्षमता वाला एक इंडोर स्टेडियम भी होगा। नरेंद्र मोदी स्टेडियम भी 4600 करोड़ की लागत से केंद्र और राज्य सरकार की मदद से बनने वाले इस एनक्लेव का एक हिस्सा बन जाएगा। इसमें 12500 खेल प्रशिक्षुओं के लिए 3000 फ्लैट वाले अपार्टमेंट भी होंगे और मेजर ध्यानचंद के नाम पर हॉकी का एक अत्याधुनिक स्टेडियम सह प्रशिक्षण केंद्र भी होगा। मोटेरा स्थित यह स्टेडियम 63 एकड़ में फैला है,




जिसमें 1.32 लाख लोगों की बैठने की क्षमता है। अब तक मेलबोर्न का एमसीजी दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम था जिसमें एक साथ में 90,000 लोग बैठ सकते हैं। गुजरात में निर्मित दुनिया की सबसे बड़ी प्रतिमा 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' के बाद,अब राज्य क्रिकेट में दुनिया के सबसे बड़े स्टेडियम का रिकॉर्ड स्थापित कर रहा है। अनुमानित 800 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित,इस स्टेडियम का निर्माण लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) कंपनी द्वारा किया गया है जिसने स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का निर्माण भी किया था। 32 ओलम्पिक साइज़ के स्टेडियम के आकार का यह है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस ड्रीम प्रोजेक्ट में 76 कॉर्पोरेट बॉक्स, ओलंपिक स्तर का स्विमिंग पूल, इनडोर अकादमी, चार ड्रेसिंग रूम,फूड कोर्ट और जीसीए क्लब हाउस भी शामिल किया गया है। स्टेडियम में छह लाल और पांच काली मिट्टी की कुल 11 पिचें तैयार की गई हैं। मुख्य और अभ्यास पिचों के लिए दोनों मिट्टी का उपयोग करने वाला यह पहला स्टेडियम है। बारिश की स्थिति में, पिच को केवल 30 मिनट में सुखाया जा सकता है। अत्याधुनिक एलईडी फ्लडलाइट से वातावरण गर्म नहीं होगा और दर्शकों के साथ-साथ क्रिकेटरों को भी आराम मिलेगा। इस स्टेडियम की एक विशेषता यह भी है कि 9 मीटर की ऊंचाई पर 360 डिग्री पोडियम कोनकोर्स दर्शकों की आवाजाही को सरल बनाती है, साथ ही यह किसी भी स्टैंड से दर्शकों को एक समान दृश्य प्रदान करता है। कॉरपोरेट बॉक्स में प्रत्येक की बैठने की क्षमता 25 है। 150 टन का एयर-कूलिंग टॉवर स्टेडियम के क्लोज ईन हिस्से को वातानुकूलित बनाए रखेंगा। दोनों टीमों के खिलाड़ियों की आवश्यकता के अनुसार विशाल ड्रेसिंग रूम बनाए हैं। दोनों टीमों के लिए अलग-अलग अत्याधुनिक जिम स्थापित किए गए हैं। खिलाड़ी और वीआईपी प्रवेश द्वार के पास एक विशेष लाउंज बनाया गया है।स्टेडियम में ऑटोग्राफ गैलरी में अब तक खेले गए आईपीएल और विश्व कप मैचों की टीमों के खिलाड़ियों के हस्ताक्षर वाले बल्लों का संग्रह (ऑटोग्राफ्ड बैट कलेक्शन) आकर्षण का केंद्र है। विश्व प्रसिद्ध क्रिकेटरों की तस्वीरों वाला 'हॉल ऑफ फ़ेम' स्टेडियम का एक अन्य आकर्षण है।

# आईटी में उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना को मंजूरी

वार्ता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



सरकार ने देश में लैपटाप, टैबलेट, सर्वर आदि के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए आईटी हार्डवेयर से जुड़ी उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना को मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बुधवार को हुयी बैठक में यह निर्णय किया गया। योजना में आईटी हार्डवेयर की मूल्य श्रृंखला में घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने और बड़े पैमाने पर निवेश आकर्षित करने के लिए उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन का प्रस्ताव दिया गया है। प्रस्तावित योजना के लक्षित क्षेत्र में लैपटॉप, टैबलेट, ऑल-इन-वन पीसी और सर्वर शामिल हैं। योजना के तहत पात्र कंपनियों को चार वर्षों की अवधि के लिए लक्षित क्षेत्र के तहत और भारत में निर्मित उत्पादों के लिए कुल वृद्धिशील बिक्री (आधार वर्ष, 2019-20) पर चार प्रतिशत से दो प्रतिशत की प्रोत्साहन राशि देने का प्रस्ताव किया गया है। इस योजना से लैपटॉप, टैबलेट, ऑल-इन-वन पीसी और सर्वर समेत आईटी हार्डवेयर निर्माण से जुडी पांच प्रमुख वैश्विक कंपनियों और 10 घरेलू कंपनियों को लाभ मिलने की संभावना है। यह आत्मनिर्भर भारत के तहत विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण क्षेत्र है क्योंकि वर्तमान में इन वस्तुओं के लिए आयात निर्भरता बहुत अधिक है।

# महिलाओं से अनाचार पर विपक्ष लाया स्थगन, नेता प्रतिपक्ष ने कहा- गृह मंत्री खुद लाचार

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com




विधानसभा में महिलाओं के साथ बढ़ते अनाचार की घटनाओं पर विपक्षी दल भाजपा ने स्थगन लाया और उस पर चर्चा कराने की मांग की। नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा कि प्रदेश के गृह मंत्री करें तो क्या करें वे खुद लाचार हैं। सभापति व्दारा स्थगन को अग्राह्य कर दिए जाने पर भाजपा विधायकों ने विरोध जताते हुए जमकर नारेबाजी की।



शून्यकाल के दौरान भाजपा सदस्य शिवरतन शर्मा ने यह मामला उठाया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में महिलाओं के साथ अनाचार, छेड़छाड़ एवं मानव तस्करी जैसी संगीन घटनाएं लगातार घटित हो रही हैं। राजधानी रायपुर में राखी क्षेत्र में एक नाबालिग के साथ 3 लोगों ने दुष्कर्म किया। इसके अलावा मंदिर हसौद, कोरबा जिले में बरपानी एवं पत्थलगांव में भी इस तरह की घटनाएं हुई हैं।



नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा कि समाचार पत्र उठाकर देख लें कोई दिन ऐसा नहीं जाता कि अनाचार की घटनाएं पढ़ने को न मिलें। यह भयावह स्थिति है। प्रदेश के गृह मंत्री करें भी तो क्या करें। वे भी लाचार हैं। उन्हें तो ट्रांसफर की खबरें भी अखबारों से मालूम होती हैं। विपक्ष व्दारा इस पर दिए गए स्थगन पर सारे कामों को रोककर चर्चा कराई जाए।पूर्व मुख्यमंत्री डॉ, रमन सिंह ने कहा कि दुष्कर्म पीड़िताओं की एफआईआर तक नहीं लिखे जाने की शिकायतें सामने आई हैं। पूरे प्रदेश में महिलाओं में असूरक्षा का भाव है। बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि पूरे छत्तीसगढ़ में महिला उत्पीड़न की घटनाएं बढ़ी हैं। जिस प्रदेश में महिलाओं का सम्मान न हो वह कभी आगे नहीं बढ़ सकता। भाजपा सदस्य अजय चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश में संगठित यौन अपराध हो रहे हैं। एक दुष्कर्म पीड़िता 6 बार आत्महत्या का प्रयास कर चुकी है। भाजपा सदस्य नारायण चंदेल ने कहा कि बरपाली में पहाड़ी कोरवा परिवार की 16 वर्षीय नाबालिग के साथ 6 युवकों ने गैंग रेप किया। लड़कियों को बेचा जा रहा है। आदिवासी वर्ग की महिलाएं ज्यादा असूरक्षित हैं। भाजपा सदस्य रंजना डिपेन्द्र साहू ने कहा कि दुर्ग भिलाई क्षेत्र में महिलाओं से हुए अनाचार के कितने ही उदाहरण सामने हैं। इस पर सरकार मौन है।

सभापति देवव्रत सिंह व्दारा स्थगन को अग्राह्य कर दिए जाने की सूचना देने पर विपक्षी भाजपा विधायकों ने कड़ा विरोध दर्ज कराते हुए जमकर नारेबाजी की।

## यश बैंक ने की 5 करोड़ से अधिक राशि की गड़बड़ी, विपक्ष ने जोरशोर से उठाया मुद्दा



छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन बुधवार को सदन में भाजपा सदस्यों ने प्रदेश में देशी तथा विदेशी मदिरा के विक्रय से प्राप्त राशि तथा महासमुंद जिले में शराब बिक्री की पांच करोड़ से अधिक राशि यश बैंक द्वारा गड़बड़ी करने का मुद्दा जोरशोर से उठाया। इस मुद्दे पर आबकारी मंत्री कवासी लखमा द्वारा मिले उत्तर से असंतुष्ट होकर भाजपा सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन भी किया।भाजपा सदस्य नारायण चंदेल ने प्रश्नकाल में आज 01 जनवरी 2019 से लेकर 31 जनवरी 2021 तक प्रदेश में देशी तथा विदेशी मदिरा के विक्रय से प्राप्त राशि तथा प्रश्नावधि में दुकानो को कितनी-कितनी राशि जमा करना शेष तथा जमा नहीं करने का कारण के साथ-साथ विक्रय से प्राप्त राशि विभाग द्वारा कहां-कहां जमा करायी जाती है कि जानकारी आबकारी मंत्री से मांगी।

इसके जवाब में आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने बताया कि प्रश्नावधि में देशी मदिरा से 06 हजार 279 करोड़ 60 लाख 55 हजार 590 तथा विदेशी से 05 हजार 870 करोड़ 51 लाख 28 हजार 930 रूपये की राशि प्राप्त हुई है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रश्नावधि में शराब बिक्री राशि में महासमुंद जिले में 05 करोड़ 25 लाख 28 हजार 650 रूपये जमा होना शेष है। वित्तीय वर्ष 2018-19 में मदिरा विक्रय राशि संग्रहण एवं निगम के खाते में जमा करने हेतु यस बैंक प्रबंधन की अनियमितता के फलस्वरूप उक्त राशि निगम के खाते में जमा नहीं हो सकी। राशि जमा नहीं किये जाने पर निगम द्वारा यश बैंक को ब्लैक गारंटी निगम के पक्ष में राशि जमा कराई गई है। उन्होंने यह भी बताया कि देशी-विदेशी मदिरा विक्रय से प्राप्त राशि छग स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड रायपुर द्वारा निगम के बैंक खाते में जमा करायी जाती है। इस मामले में पूरक प्रश्न करते हुए भाजपा सदस्य नारायण चंदेल ने कहा कि जब एक प्लेसमेंट कर्मी द्वारा राशि जमा नहीं कराया जाता है तो उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दिया जाता है फिर 05 करोड़ से अधिक की राशि जमा नहीं कराने पर बैंक प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है।

आबकारी मंत्री लखमा ने स्वीकार किया कि इस मामले में यश बैंक द्वारा लापरवाही किया गया है और यह गड़बड़ी ऑडिट के दौरान पकड़ाई है। जिसके बाद बैंक को ब्लैक गारंटी निगम के तहत उसकी एफडी कराई गई 10 करोड़ रूपये की राशि में से जमा कराया गया है। भाजपा सदस्य ने पूछा कि यश बैंक क्या राष्ट्रीकृत बैंक है अगर नहीं तो उक्त बैंक में राशि जमा कराने के लिए कोई बाध्यता या फिर कोई और कारण है। इसके जवाब में आबकारी मंत्री ने कहा कि भाजपा शासनकाल से ही यश बैंक का नाम सरकार की सूची में शामिल है।

भाजपा सदस्य शिवरतन शर्मा ने इस मामले में प्रश्न करते हुए कहा कि यश बैंक को पैसा जमा करने की अनुमति कब और किन शर्तों पर दी गई। मंत्री ने इस पर कहा कि इस संबंध में वे अलग से जानकारी उपलब्ध करा देंगे।

नेताप्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने इस मामले में कहा कि 05 करोड़ से अधिक की राशि जमा नहीं किया गया। यह पहली सरकार है जब करोड़ों का चूना लगाने वाले को संरक्षण दे रही है। सरकार क्यों बैंक के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि इस मामले में आबकारी मंत्री द्वारा आये उत्तर से उनके दल के सभी सदस्य असंतुष्ट है इसलिए वे सदन से बहिर्गमन करते है। यह कहते हुए भाजपा सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन किया।

## प्रदेश में बढ़ती रेप की घटनाएं एवं महिला उत्पीड़न के मुद्दे पर विधानसभा गरमाया

प्रदेश में बढ़ते दुष्कर्म और महिला उत्पीड़न के मामलों को लेकर विधानसभा आज गरमाया। प्रतिपक्ष भाजपा ने इस मुद्दे को लेकर काम रोको प्रस्ताव लाकर चर्चा कराये जाने की मांग की, जिसे आसंदी ने अग्राह्य कर दिया, जिसके बाद भाजपा सदस्यों ने सदन में नारेबाजी शुरू कर दी। इस हंगामे के दौरान सभापति ने सदन की कार्यवाही पांच मिनट के लिए स्थगित कर दी। शून्यकाल में आज भाजपा सदस्यों ने प्रदेश में बढ़ते दुष्कर्म और महिलाओं के उत्पीड़न मामला उठाते हुए स्थगन प्रस्ताव लाया। भाजपा सदस्य शिवरतन शर्मा ने सबसे पहले स्थगन प्रस्ताव की जानकारी देते हुए आसंदी से कहा कि प्रदेश में महिलाओं से अत्याचार, यौन शोषण की घटनाएं लगातार बढ़ रही है, जिससे महिलाएं प्रदेश में असुरक्षित महसूस कर रही है। इस विषय पर चर्चा होनी जरूरी है।

भाजपा सदस्य नारायण चंदेल ने कहा कि प्रदेश में महिलाओं के साथ नये किस्म की घटनाएं हो रही है। आदिवासी बालाओ के छात्रावास में अनाचार होने लगे है जो शर्मनाक है। यह बहुत गंभीर विषय है इस पर सदन में चर्चा होनी चाहिए।



भाजपा सदस्य अजय चंद्राकर ने कहा कि एक लड़की 6 बार बिकती है फिर लापता हो जाती है, जिसके बाद वो आत्महत्या कर लेती है ऐसा प्रकरण थाने में पड़ा रहता है। ऐसे गंभीर विषय पर चर्चा होनी चाहिए। भाजपा सदस्या श्रीमती रंजना साहू ने कहा कि प्रदेश में महिलाओं के साथ छेड़छाड़, रेप, उत्पीड़न की लगातार घटनाएं बढ़ रही है लेकिन प्रदेश के सभी मंत्री से लेकर मुख्यमंत्री इतक का कोई बयान नहीं आता है, बल्कि एक मंत्री एक घटना को छोटा कहते है जो बेहद शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के साथ हो रहे अपराध पर सरकार का मौन रहना एक प्रकार से मौन सहमति दिखती है।



प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने स्थगन प्रस्ताव पर आसंदी से चर्चा कराये जाने की मांग करते हुए कहा कि यह गंभीर विषय है। उन्होंने कहा कि अपराध दर्ज नहीं होने की वजह से सभी जिलों में घटनाएं घट रही है, जिससे पूरे प्रदेश की महिलाओं में असुरक्षा का भाव है। इस विषय पर चर्चा होने पर सारे तथ्य सामने आयेंगे। भाजपा सदस्य बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि महिलाओं के साथ हो रही अपराधिक घटनाओं को लेकर पूरे प्रदेश में भाजपा महिला मोर्चा द्वारा आंदोलन किया जा रहा है।

# गेरवानी-घरघोड़ा ईएचटी लाइन ऊर्जीकृत

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा शहरों की भांति सुदूर ग्रामीण वनांचलों की पारेषण प्रणाली को सुदृढ़ बनाने हेतु राज्य शासन की ऊर्जा नीति के अनुरूप उच्चस्तरीय प्रयास किये जा रहे हैं। ऐसे कारगर प्रयासों और सुनियोजित कार्ययोजना के बूते आज 132 के.व्ही. क्षमता की नवनिर्मित डी.सी.एस.एस. गेरवानी-घरघोड़ा लाइन को ऊर्जीकृत करने में पारेषण कंपनी को बड़ी कामयाबी मिली। उक्त जानकारी प्रबंध निदेशक अशोक कुमार ने दी। आगे उन्होंने बताया कि 14.3 करोड़ की लागत से निर्मित इस लाइन के ऊर्जीकृत हो जाने से जशपुर, पत्थलगांव, बतौली जैसे सघन वनांचलों के ग्रमों को समुचित वोल्टेज पर विद्युत की आपूर्ति हो सकेगी। एम.डी. कुमार ने बताया कि 25 किलोमीटर से अधिक उक्त अतिउच्च दाब लाईन को लेबर कांन्टेऊक्ट बेसिस के आधार पर पूर्ण किया गया। छत्तीसगढ़ अंचल के जशपुर एवं आसपास की भौगोलिक संरंचना में नदी, पहाड़, जंगल की भरमार हैं। ऐसे क्षेत्रों में सघन वन और पहाडियों के बीच अतिउच्च दाब लाईनों का निर्माण चुनौती भरा कार्य होता है जिसे पूर्ण करके पारेषण कंपनी के अधिकारियों-कर्मचारियों ने अपनी कार्यदक्षता को प्रदर्शित किया हैं। ऐसे अनथक प्रयासों के परिणामस्वरूप प्रदेश में अतिउच्च दाब लाइनों की लंबाई 12 हजार 823 सर्किट किलोमीटर से अधिक हो गई है। ऐसी कामयाबी के लिए पारेषण कंपनी की टीम के कर्मी बधाई के पात्र है। आगे उन्होंने जानकारी दी कि प्रदेश की विद्युत पारेषण प्रणाली को सुदृढ़ बनाने की दिशा में आगे बढ़ते हुए चार दशक से अधिक पुराने ईएचटी उपकेन्द्रों के रखरखाव, कुशल प्रबंधन और बेहतर निगरानी को कार्यशैली में प्राथमिकता से शामिल किया गया हैं। इससे राज्य की पारेषण प्रणाली की उपलब्धता 99.93 प्रतिशत दर्ज हो रही हैं जो कि एक कीर्तिमान है। साथ ही प्रदेश की पारेषण हानि 3.09 प्रतिशत से घट कर वर्ष 2019-20 में 2.96 प्रतिशत दर्ज हुई। यह तथ्य इस बात का पुख्ता प्रमाण है कि प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण बिजली प्रदाय करने के साथ-साथ उन्नत अधोसंरचना का समुचित विकास हुआ है।

# जल जीवन मिशन अंतर्गत प्रत्येक घर में दिया जायेगा नल कनेक्शन : रूद्रकुमार

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com




लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरू रूद्रकुमार के निर्देशन पर जल जीवन मिशन के अंतर्गत वर्ष 2024 तक राज्य के प्रत्येक ग्रामीण परिवार को घरेलू नल कनेक्शन प्रदान किया जायेगा। योजना के क्रियान्वयन के लिए राज्य के सभी जिलों में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन तथा ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम जल एवं स्वच्छता मिशन का गठन किया गया है। इसी कड़ी में कांकेर कलेक्टर श्री चन्दन कुमार की अध्यक्षता में आज जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक आयोजित की। बैठक में जानकारी दी गई, इस योजना के तहत् कांकेर जिले के 454 ग्राम पंचायतों के 1069 ग्रामों में 4355 बसाहटों में निवासरत 01 लाख 45 हजार 255 परिवार लाभान्वित होंगे। वर्तमान में 500 से कम जनसंख्या के बसाहटों में सोलर आधारित लघु नलजल योजना और 500 से अधिक जनसंख्या वाले बसाहटों में नवीन सोलर आधारित नलजल योजना के माध्यम से ग्रामों को पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। बैठक के दौरान बताया गया कि कांकेर जिले में 165 योजना के अंतर्गत 132 पूर्ण नलजल प्रदाय योजना एवं 33 प्रगतिरत योजना, इस प्रकार कुल 165 योजनाओं के तहत् ऐसे बसाहट जहां पाईप लाईन का विस्तार नहीं हुआ है, उन बसाहटों में भी पाईप लाईन विस्तार एवं आवश्यकता के आधार पर उच्च स्तरीय आर.सी.सी. जलागार का निर्माण वर्तमान जनसंख्या को आधार मानते हुए 30 वर्ष के लिए रूपांकित करते हुए योजना प्रस्तावित की गई है। यह कार्य रेक्ट्रोफिटिंग के अंतर्गत किया जाएगा, जिससे कि ग्राम के प्रत्येक घर में घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। सिंगल विलेज के अंतर्गत 778 ग्रामों में नलजल योजना का क्रियान्वयन कर 66 हजार 388 नल कनेक्शन प्रदाय किया जावेगा। जिले के जिन क्षेत्रों में सतही जल स्त्रोत, जिसमें पर्याप्त मात्रा में जल उपलब्ध है, जैसे नदी में निर्मित डेम इत्यादि को स्त्रोत मानकर जल की उपलब्ध मात्रा के आधार पर विभिन्न ग्रामों की समूह नलजल प्रदाय योजना तैयार की जा रही है, 05 समूह जल प्रदाय योजना अंतर्गत 226 ग्रामों के 23 हजार 861 परिवारों को घरेलू कनेक्शन प्रदाय किया जाना प्रस्तावित है। इन सभी कार्यो की डीएपी एवं स्वीकृत कार्यो को ऑनलाइन निविदा के माध्यम से कराये जाने हेतु समिति द्वारा अनुमोदन किया गया तथा योजनाओं से संबंधित बचे शेष कार्यों का डीपीआर तत्काल प्रशासकीय स्वीकृति हेतु समिति में प्रस्तुत किये जाने के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड कांकेर के कार्यपालन अभियंता एस.आर. नेताम को निर्देशित किया गया है। इस अवसर पर जिला जल एवं स्वच्छता मिशन के सदस्य जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, वन मण्डलाधिकारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज क्रिकेट टूर्नामेंट का सीएम करेंगे 5 का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



सड़क सुरक्षा के महत्व के विषय में जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए नवा रायपुर स्थित शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 5 मार्च से 21 मार्च तक रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरिज क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान कुल 15 मैच होंगे। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल इस टूर्नामेंट का शुभारंभ करेंगे। परिवहन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर ने आज विधानसभा परिसर स्थित समिति कक्ष में कार्यकारणी समिति की बैठक में तैयारियों की समीक्षा की। परिवहन मंत्री श्री अकबर ने प्रवेश द्वार, बेरिकेट, पार्किंग, पानी, सेक्टरवार ग्रुप निर्धारण, विद्युत कनेक्शन, फ्लड लाईट, जनरेटर, एयर कंडिशन सहित सभी आवश्यक तैयारियां 5 मार्च से पूर्व सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में सचिव परिवहन डॉ. कमलप्रीत सिंह ने टूर्नामेंट आयोजन के लिए की जा रही तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि टूर्नामेंट आयोजन में भारत सरकार द्वारा जारी कोरोना गाइडलाइन का पूरी तरह से पालन किया जाएगा।

इसके तहत राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ियों को एयरपोर्ट में स्क्रीनिंग टेस्ट किया जाएगा। खिलाड़ियों को लाने के लिए बसों और उनके ठहरने के लिए उत्तम प्रबंध किए जा रहे हैं। क्रिकेट टूर्नामेंट के दौरान संचार व्यवस्था के लिए अस्थाई मोबाइल टावर भी लगाया जाएगा। बैठक में बताया गया कि टूर्नामेंट में टिकटों की कीमत अलग-अलग श्रेणियों में 500 से 10 हजार रूपए रखी गई है। इनमें सामान्य टिकट 500, 700, 1100 एवं 1500 रूपए तथा गोल्डन 6000, प्लेटिनम एवं सिलवर 8000 और बॉक्स 10 हजार रूपए निर्धारित की गई है।

बैठक में अपर परिवहन आयुक्त दीपांशु काबरा, संचालक खेल श्वेता सिन्हा, कलेक्टर डॉ.एस.भारतीदासन, रायपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक डॉ. आनंद छाबड़ा, दुर्ग रेंज के पुलिस महानिरीक्षक विवेकानंद सिन्हा, आयुक्त एनआरडीए अय्याज तम्बोली, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय यादव, आयुक्त नगर निगम सौरभ कुमार, मुख्य अभियंता लोक निर्माण ज्ञानेश्वर कश्यप सहित विद्युत वितरण कम्पनी, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और क्रिकेट लीग मैनेजमेंट ग्रुप मुंबई के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# 22 जिले के निवेशक विधानसभा घेराव करने के लिए निकले, पुलिस ने रोका

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



राजधानी रायपुर में 22 जिले से चिटफंड कंपनी के सैकड़ों निवेशक पैदल मार्च कर पहुंचे। यहां से सभी निवेशक विधानसभा घेराव करने के लिए निकले थे। जिसे पुलिस ने बूढ़ातालाब के पास ही रोक लिया. यह प्रदर्शन छत्तीसगढ़ अभिकर्ता एवं उपभोक्ता सेवा संघ के बैनर तले किया गया। प्रदेशभर के अलग-अलग जिलों के निवेशकों के करोड़ों रुपए फंसे है. चिटफंड कंपनी के डायरेक्टर करोड़ों रुपए चूना लगाकर फरार हो गए हैं. छत्तीसगढ़ अभिकर्ता एवं उपभोक्ता सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष गगन कुंभकार ने बताया कि 22 फरवरी से प्रदेश के अलग-अलग जिलों से निकलकर आज रायपुर में पैदल मार्च निकाले हैं। 2015 से हम लोग न्याय के लिए आवेदन ज्ञापन, धरना आंदोलन करते आ रहे हैं. जिसका समर्थन पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष होते हुए भूपेश बघेल ने भी किया था. साथ ही विपक्ष में होते हुए विधानसभा में भी इसका मुद्दा उठाया था। अपने चुनावी घोषणा पत्र में निवेशकों को पैसा वापसी का भरोसा भी दिलाया था, लेकिन सरकार बनने के 2 साल बाद भी केवल एक मात्र कंपनी यालको के 30 प्रतिशत निवेशकों के ही पैसे वापिस किये गए है. बाकी निवेशकों के पैसे अब तक नहीं लौटाए गए है, इसीलिए बचे पैसों को तत्काल लौटाने की मांग को लेकर हम सब प्रदेशभर के 22 जिलों के निवेशक रायपुर में पैदल मार्च निकाले है।

# बिलासपुर, दुर्ग सहित कई निगमों के कमिश्नर बदले

**रायपुर**। राज्य सरकार ने कई निगम कमिश्नर सहित राज्य प्रशासनिक सेवा 10 अफसरों के ट्रांसफर आर्डर जारी किये हैं। जीएडी की तरफ से जारी ट्रांसफर आदेश में 5 निगमों के कमिश्नरों को तबादला किया गया है। बिलासपुर, राजनांदगांव, अंबिकापुर, धमतरी, दुर्ग निगम के आयुक्त को बदला गया है। आशुतोष चतुर्वेदी राजनांदगांव नगर निगम के नये आयुक्त होंगे, वहीं प्रभाकर पांडेय अब अंबिकापुर के नये कमिश्नर होंगे। अजय कुमार त्रिपाठी को सरगुजा संयुक्त कलेक्टर से बिलासपुर का नया निगम आयुक्त बनाया गया है। वहीं डिप्टी कलेक्टर धमतरी मनीष मिश्रा को धमतरी का नया निगम आयुक्त बनाया गया है। राजनांदगांव के निगम आयुक्त चंदकांत कौशिक को संयुक्त कलेक्टर धमतरी, दुर्ग निगम आयुकत इंद्रजीत वर्मा को कवर्धा संयुक्त कलेक्टर, आशीष कुमार टिकरिहा को धमतरी निगम आयुक्त से सूडा का सीईओ, हरीष मंडावी को अंबिकापुर निगम आयुक्त से दुर्ग का नया निगम आयुकत बनाया गया है।

## 600 से 1400 रुपए तक भाड़ा

# छत्तीसगढ़ रेत परिवहन संघ ने रेत खदानों से रेत का परिवहन भाड़ा बढ़ाया

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



डीजल की आग में अब रेत और गिट्टी भी झुलस गई है। छत्तीसगढ़ रेत परिवहन संघ ने बैठक कर प्रदेश की रेत खदानों से रेत का परिवहन भाड़ा बढ़ा दिया है। अब इसमें दो रुपए प्रति फीट पर ज्यादा देने होंगे। तीन सौ फीट वाले ट्रक में छह सौ, पांच सौ वाले में हजार और सात सौ वाले में 14 सौ रुपए भाड़ा बढ़ गया है। इसके एक दिन पहले ही सीमेंट उद्योगों से माल उठाने वाले रायपुर बस्तर कोरपुट परिवहन संघ ने भी किराया बढ़ाने का फैसला कर सीमेंट उद्योगों को इसके लिए अल्टीमेटम दिया है। देश के साथ प्रदेश में पेट्रोल और डीजल की आसमान छूती कीमतों का असर अब परिवहन भाड़े पर दिखने लगा है। हर तरह के माल की सप्लाई करने वाले ट्रांसपोर्टर अब एकजुट होने लगे हैं। आने वाले समय में हर तरह का परिवहन महंगा होने वाला है। सबसे पहले सीमेंट उद्योगों का परिवहन महंगा करने का फैसला हुआ और अब एक दिन बाद इस कड़ी में मंगलवार को रेत का परिवहन भी महंगा करने का फैसला हो गया है। रेत परिवहन संघ के अध्यक्ष गिरधारी लाल सोनवानी और उपाध्यक्ष मो. हनीफ निजामी ने बताया, डीजल की कीमतों को देखते हुए मंगलवार को हमारे संघ से जुड़े ट्रक मालिकों की बैठक की गई। संघ में चार सौ ट्रक मालिकों की करीब तीन हजार ट्रकें चलती हैं, जो रेत के साथ गिट्टी का परिवहन करती हैं। रेत महासमुंद और गरियाबंद से आती है। यहां से पहले रेत नया रायपुर में 11 रुपए और रायपुर शहर में 13 रुपए फीट के हिसाब से आती थी, इसको अब 13 और 15 रुपए फीट कर दिया गया है। इसी के साथ जिन भी शहरों में पहले जो रेट तय था, उसमें दो रुपए का इजाफा किया गया है। इसी तरह से रायपुर से गिट्टी प्रदेश के कई शहरों में जाती है। रायपुर से देवभोग पहले 26 रुपए फीट में गिट्टी जाती थी, इसको अब 28 रुपए कर दिया गया है। इसी तरह से अब धमतरी और गरियाबंद का रेट 13 रुपए, नगरी का 20 रुपए, चारामा का 16 रुपए, कुरुद का 10 रुपए, बागबाहरा का 15 रुपए किया गया है। एक ट्रक में तीन, पांच और सात सौ फीट रेत या गिट्टी आती है।

# आत्मनिर्भर बन लोगों को दे रहे हैं रोजगार

## स्वयं की इंडस्ट्रीज स्थापित कर भावेश बने सफल व्यवसायी

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



आत्मनिर्भरता हासिल करने व बेरोजगारों को रोजगार दिलाने के लिए शासन द्वारा चलाए जा रहे कई रोजगारन्मुखी कार्यक्रम का ही सार्थक परिणाम है कि आज युवा अपने सपनों को पूरा कर पा रहे हैं। कांकेर जिले के चारामा तहसील के ग्राम हाराडुला निवासी भावेश बघेल जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र में संचालित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना के तहत ऋष्टा प्राप्त कर आज एक सफल व्यवसायी बन चुके हैं और साथ ही 10 बेरोजगार युवकों को अपनी दुकान में रोजगार दे रहें हैं। कक्षा 10वीं तक पढ़े भावेश आत्मनिर्भर बनने के लिए स्व-रोजगार की तलाश में थे। खुद का व्यवसाय स्थापित करने के लिए भावेश ने जब बैंक चारामा में ऋण लेने की प्रक्रिया की जानकारी लेने गया। तब शाखा प्रबंधक द्वारा ने उसे जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र में संचालित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना की जानकारी दी। श्री भावेश ने देर न करते हुए ऋण लेने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। संपूर्ण प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात् बैंक ऑफ बड़ोदा शाखा-चारामा के माध्यम से 8 लाख रूपये का ऋण स्वीकृत किया गया। ऋण प्राप्त कर वह गुरूकृपा ट्रेडर्स फेंसिंग जाली इण्डस्ट्रीज के नाम से उद्योग स्थापित किया। उसके पश्चात् ग्राम-हाराडुला एवं आसपास के गांव की आवश्यकता अनुसार उसने जाली-तार से संबंधित उद्योग खोलने का निर्णय लिया। स्वयं के उद्योग में भावेश जाली-तार मशीन स्थापित कर विभिन्न प्रकार के फेंसिंग जाली, तार इत्यादि का निर्माण कर आस-पास के गांव के साथ-साथ जिले में भी मार्केटिंग का कार्य कर रहा है। इससे उन्हें प्रतिमाह अच्छी आमदनी हो जाती हैं। साथ ही अपने दुकान में 10 बेरोजगारों को रोजगार प्रदान कर रहा है। भावेश की स्वावलम्बी बनने की इस इच्छा ने ही उसे आर्थिक रूप से सशक्त बनाया। वे क्षेत्र के बेरोजगार युवकों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बन गये हैं।

## क्विक न्यूज

### आत्मसमर्पित महिला नक्सली ने की आत्महत्या

**दंतेवाड़ा।** जिले में आत्मसमर्पित महिला नक्सली पांडे कावासी ने बाथरूम में चुन्नी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। लोन वर्राटू अभियान के तहत 19 फरवरी को नक्सलियों के सीएनएन सदस्य पांडे कावासी ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया था, कावासी ने कहा था कि उसने नक्सलियों की खोखली विचारधारा से तंग आकर सरेंडर करने का फैसला किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दंतेवाड़ा में लोन वर्राटू अभियान के तहत 19 फरवरी को सीएनएन सदस्य पांडे कावासी ने आत्मसमर्पण किया था, आत्मसमर्पण के बाद उसे कारली कैंप के शांतिकुंज में रखा गया था। मंगलवार देर शाम पांडे कावासी ने बाथरूम में चुन्नी से लटक कर आत्महत्या कर लिया खबर लगते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची, जिसके बाद उसकी पुलिस ने शव को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। एसपी अभिषेक पल्लव ने इसकी पुष्टि की है।

# महिला से लूट वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

- ग्राम टाटीपारा व ढोंढरा के बीच जंगल की घटना
- थाना फरसगांव पुलिस की कार्यवाही

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



ग्राम टाटीपारा की रहने वाली प्रार्थियां ने थाना फरसगांव में रिपोर्ट दर्ज कराया कि यह 16 फरवरी 2021 को दोपहर 02.30 बजे अपने घर टाटीपारा से मायका ग्राम ढोंढरा जा रही थी। टाटीपारा व ढोंढरा के बीच जंगल में पहुंची ही थी कि दो अज्ञात व्यक्ति मोटर सायकल से आकर चाकू दिखाकर डरा धमका कर पहने हुए सोने का माला 01 नग, नाक की सोने की फुली 02 नग, 02 नग चांदी की पोहोंची एवं 02 नग चांदी की बिछियां जुमला कीमती 82,500.00 रूपये की लूट कर ले गये। प्रार्थियां कि रिपोर्ट पर अपराध धारा 392 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों की गिरफ्तार हेतु, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के द्वारा पुलिस अनुविभागिय अधिकारी फरसगांव पुष्पेन्द्र नायक के नेतृत्व में टीम गठित की गयी तथा पूरी टीम को ग्राम टाटीपारा में कैम्प करने हेतु निर्देशित किया गया पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु प्रार्थियां के द्वारा बताये गये हुलियों के आधार पर छत्तीसगढ़ - उड़ीसा बार्डर पर पता तलाश की जा रही थी, मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई की संदेही तरूण सरकार निवासी कंचना पारा उड़ीसा घटना दिनांक को छत्तीसगढ़ में बकरा खरीदने आया हुआ था तथा उसका हुलिया आरोपी से मेल खाता हैं मुखबीर के द्वारा बताये सूचना के आधार पर संदेही तरूण सरकार को गमरी से हिरासत में लिया गया तथा प्रार्थियां से संदेही तरूण सरकार का कार्यपालिक मजिस्ट्रेट फरसगांव के समक्ष पहचान कार्यवाही करायी गयी, प्रार्थियां ने तरूण सरकार को ही अपने साथी के साथ लूट की घटना को अंजाम देना बतायी। तरूण सरकार से घटना में लुटे गये मशरूका फुली, बीछियां एवं घटना में प्रयुक्त 01 नग चाकू तथा मोटर सायकल को बरामद किया गया। आरोपी तरूण सरकार पिता स्व गंगाधर उम्र 54 वर्ष साकिन कचरापारा थाना रायघर जिला नवरंगपुर उड़ीसा को 23फरवरी 2021 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय कोण्डागांव भेजा गया। उक्त कार्यवाही में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पुष्पेन्द्र नायक, निरी विनोद साहू, उप निरीक्षक प्रेमशंकर ठाकुर, स उ नि राजकुमार कोमरा, दिनेश ठाकुर, आरक्षक घासू मरकाम, पंचू मरकाम, सलीम तिग्गा, मंगलू मंडावी, सायबर सेल से अजय श्रीवास्तव एवं जितेन्द्र मरकाम का योगदान रहा।

## कोण्डागांव पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

जिला कोण्डागांव में पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनंत साहू के मार्गदर्शन में तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कोण्डागांव कपिल चन्द्रा के पर्वेक्षण में 23 फरवरी 2021 को दुष्कर्म के आरोपी राजकुमार लहरे को कोण्डागांव पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किया गया।

कोण्डागांव सिटी कोतवाली में 20 जनवरी 2021 को प्रार्थी पीड़िता के पिता की रिपोर्ट पर दुष्कर्म का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया, शिकायत अनुसार आरोपी राजकुमार लहरे ने पीड़िता को पकड़ कर, मुंह को दबाकर मक्का खेत (बाड़ी) में ले जाकर, तथा आरोपी द्वारा डरा धमकाकर जबरदस्ती दुष्कर्म किया, और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दिया है। विवेचना के दौरान आरोपी राजकुमार लहरे लगातार घटना से फरार चल रहा था, जिसकी लगातार पता तलाश की जा रही थी, मुखबीर सूचना के आधार पर 23 फरवरी 2021 को गठित टीम व सायबर सेल स्टाफ के साथ आरोपी को प्रेमनगर कोण्डागांव से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक नरेन्द्र पुजारी, सउनि अनिता मेश्राम, सउनि लोकेश्वर प्रसाद नाग, आरक्षक तोमेश ठाकुर, कृष्णा मरकाम, महिला आरक्षक उषा दुग्गा सिटी कोतवाली एवं आरक्षक जितेन्द्र कुमार मरकाम, अजय श्रीवास्तव सायबर सेल कोण्डागांव के द्वारा किया गया।

## हत्या के प्रयास के पुराने मामले का आरोपी को किया गया गिरफ्तार

- ग्राम भानपुरी की घटना, फरसगांव पुलिस की कार्यवाही

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



जिले के फरसगांव ब्लाक अंतर्गत ग्राम भानपुरी निवासी मनोज शार्दुल . शाम 05.00 बजे खेत में मछली पकड़ने गया था, शाम लगभग 07.00 बजे मछली पकड़कर गांव की ओर आ रहा था, की स्थानीय निवासी तुला के खेत पास पुराने जमीन विवाद की रंजिश के चलते पूर्व से घात लगाकर बैठे आरोपी लोकेश दीवान, सुखराज सिन्हा, मुकुन्द दीवान व भोला दीवान ने धारदार हथियार से मनोज शार्दुल के उपर प्राण घातक हमला कर दिया, जिससे मनोज शार्दुल बुरी तरह से घायल हो गया। गांव वालों के पहुंचने पर आरोपी भाग निकले।

प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध धारा 307,120बी, 34 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी सुखराज दीवान 19सितंबर 2020 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। प्रकरण के शेष आरोपी घटना से फरार चल रहे थे।

कोण्डागांव पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनंत कुमार साहू के मार्गदर्शन एवं पुलिस अनुविभागिय अधिकारी फरसगांव पुष्पेन्द्र नायक के पर्यवेक्षण में शेष अन्य आरोपीयों की गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रयास किया जा रहा था, मुखबीर से सूचना मिली की आरोपी मुकुन्द दीवान अपनी पत्नि एवं माता पिता से मिलने ग्राम भानपुरी आया हुआ हैं, मुखबीर के द्वारा बताये गये सूचना के अधार पर तत्काल थाना फरसगांव से टीम तैयार कर ग्राम भानपुरी रवाना किया गया। आरोपी के घर की तलाशी लेने पर वह घर के कमरे में छुपा हुआ मिला, जिसे हिरासत में लेकर थाना लाकर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किया आरोपी मुकुन्द दीवान पिता बुधलाल दीवान उम्र 28 वर्ष साकिन भानपुरी थाना फरसगांव जिला कोण्डागांव को 23 फरवरी 2021 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक विनोद साहू, उप निरीक्षक प्रेमशंकर ठाकुर, स उ नि राजकुमार कोमरा, स उ नि दिनेश ठाकुर, आर.घासू मरकाम,आर. पंचू मरकाम, महिला आरक्षक साधना सिंह, दयाबती सोरी का योगदान रहा।

## जिप अध्यक्ष देवचंद ने किया 24 लाख से अधिक निर्माण कार्यो का भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



जिले के केशकाल ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत अढेंगा में जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मातलाम द्वारा 24 लाख से अधिक की लागत के निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया गया, इस अवसर पर उन्होंने अढेंगा के नव निर्मित गोठान में मवेशी आश्रय स्थल, मुर्गी सेड निर्माण का भूमि पूजन किया जिसकी लागत 15 लाख रुपए से बनाया जाना है, इसके साथ ही गोठान के समीप ही सीसी रोड निर्माण ( 9 लाख ) का भी भूमि पूजन किया गया, कोरोना संक्रमण के बीच निर्माण कार्यो में रोक लग चुका था जिसके चलते कार्य को गति देते हुए समस्त जिला पंचायत क्षेत्रो में तेजी के साथ निर्माण कार्यो को करने हेतु निर्देश दिया गए है । कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मातलाम ने बताया कि अपने चुनावी वादे को पूरा करने वह भरसक प्रयासरत रहते हैं, वह सदैव करते रहेंगे अढेंगा उनका जिला पंचायत क्षेत्र भी है, जिसको लेकर उन्होंने चुनाव में वादा भी किया था साथ ही गोठान हेतु भी भरसक प्रयास करते हुए विभिन्न निर्माण कार्यों के स्वीकृति करवा उनका भूमि पूजन कर कार्यो को अति शीघ्र पूर्ण करने का भी अधिकारियों को निर्देश दिया। साथ ही ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि आपका बेटा सदैव आपके उम्मीदों पर खरा उतरेगा निर्माण कार्य में कभी भी कोई कमी नहीं आएगी, इसका विश्वास दिलाते हुए उन्होंने आगामी समय में अढेंगा को एक भव्य मॉडल के तौर पर खड़े करने की बात भी कही ।

## वर्कर फेडरेशन ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

पायनियर संवाददाता < जगदलपुर
www.dailypioneer.com



नगरनार स्टील प्लांट बचाओ संघर्ष समिति व वर्कर फेडरेशन ने मंगलवार को मुख्यमंत्री मंत्री भूपेश बघेल से मुलाकात कर नगरनार स्टील प्लांट पर एनएमडीसी की मंशा से अवगत कराया व कहा गया कि किस तरह प्रबंधन स्टील प्लांट को जल्द से कमीशन कर डीमर्जर और विनिवेशीकरण (निजीकरण) करना चाहता है और इसके लिए अनुबंध पर अधिकारियो और कर्मचारियों के साथ कमीशन करना चाहता है, इससे साफ है कि यहां के बेरोजगारों के लिए रोजगार के अवसर समाप्त हो जाएंगे, फेडरेशन के अध्यक्ष आरडीसीपी राव ने मुख्यमंत्री से कहा कि नगरनार में भुप्रभावितो को भी अभी तक पुरी तरह से रोजगार उपलब्ध नहीं कराये गये हैं, जिनकी नौकरीयां लग चुकी है उनके भविष्य पर कोई नीति तय नहीं किए गए हैं, पुनर्वास के काम नहीं किए गए हैं, नगरनार स्टील प्लांट के निजीकरण से फेडरेशन तथा स्थानीय जनता मे भारी आक्रोश है , किसान कर्मचारी लगातार पिछले 122 दिनों से धरना में बैठे हैं जिसमें महिलाएं भी शामिल है । वर्कर फेडरेशन को मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया है कि इन परिस्थितियों में हम आपके साथ है और इसको लेकर जल्द सांसद बस्तर एवं नगरनार स्टील प्लांट बचाओ संघर्ष समिति के द्वारा आधिकारिक बयान दिया जाएगा, साथ ही उन्होंने कहा कि आप सब के संघर्ष में छत्तीसगढ़ सरकार आप के साथ है इस दौरान उद्योग मंत्री कवासी लखमा, पीसीसी अध्यक्ष मोहन मरकाम, नगरनार स्टील प्लांट बचाओ संधर्स समिति के अध्यक्ष सांसद दीपक बैज, उपाध्यक्ष विधायक जगदलपुर रैखचंद जैन, विधायक लखेश्वर बघेल, चन्दश कश्यप, विक्रम मंडावी, विधायक चित्र कोट राजमन बेजांम आंल इंडिया वर्कर् फेडरेशन के कार्यकारी अध्यक्ष आरडीसीपी राव, महासचिव एस क्यू जामा, राजेश संधु, ए.के. सिंग, पी एल साहू, मधुकर सिपत राव, बलवंत कौशल, शंकर राव, आशिष यादव, संतराम सेठिया, प्रभुलाल बधेल, महेंद्र जजांन, जितेन्द्र नाथ, महेश्वर बधेल, रमेश कश्यप, गुरूबंधु बघेल, विन्येन्द नाथ, राकेश सेठिया, महेंद्र कश्यप सरपंच संघ के सम्भागीय अध्यक्ष लैखन बघेल उपस्थित रहे।

## अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को सम्मानित करने मंगाए गए आवेदन

पायनियर संवाददाता < जगदलपुर
www.dailypioneer.com

अंतराष्ट्रीय महिला दिवस 08 मार्च के अवसर पर राज्य स्तर पर इस वर्ष 2021-21 में सम्मान, पुरस्कार प्रदान किया जाना है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राज्य स्तर पर वर्ष 2021-21 में सम्मान या पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

इस सम्मान के लिए विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। जिसमें साहित्य के क्षेत्र में, लोककला एवं सांस्कृतिक के क्षेत्र में जो स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा दे, शिक्षा के क्षेत्र में, महिला एवं बाल विकास के लिये गए सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने जिसमें महिलाओं एवं बच्चों के जीवन स्तर में सुधार शामिल है। पुरस्कार प्राप्तकर्ता की उम्र 25 वर्ष या उससे अधिक होना अनिवार्य है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुसार पुरस्कार, सम्मान के लिए 28 फरवरी 2021 को संध्या 5.30 तक आवेदन आमंत्रित किया जाएगा। इच्छुक महिलाएं पुरस्कार के संबंध में विवरण एवं आवेदन का प्रारूप कार्यालय, महिला एवं बाल विकास विभाग जगदलपुर में उपलब्ध है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

## किरंदुल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया श्रीबालाजी कल्याण महोत्सव



पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com

लौहनगरी किरंदुल में 24 फरवरी दिन बुधवार को श्रीश्री बालाजी कल्याण महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया।बता दें प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी तेलुगु कल्चरल एसोसिएशन द्वारा 11वीं बालाजी कल्याण महोत्सव का आयोजन धूम धाम के साथ मनाया गया साथ ही कोविड दिशा निर्देशों के बीच श्री बालाजी महाराज की पूजा अर्चना सम्पन्न की गई। श्री श्री बालाजी कल्याण महोत्सव तेलगू कल्चरल एसोसिएशन के अध्यक्ष गणपत नायडू एवं सचिव गोविंद राजू ने बताया कि प्रातः 06 बजे से पूजा प्रारम्भ की गई जिसमें विश्वक्षेनापूजा,पुण्यह वाचनाम, मंडप आवाहनम,मंगला साँसन्नम,थीर्धा प्रसादम पूजा की गई जिसके बाद सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

**जिला में खेलों का वातावरण बनाने के उद्देश्य से इस प्रतियोगिता का आयोजन**

## जिला बैडमिंटन संघ ने किया संभाग स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



जिला मुख्यालय कोण्डागाँव में कनेरा रोड पर बनाये गए न्यू बैडमिंटन हॉल, में 26,27 व 28?रवरी 2021 को संभाग स्तरीय बेडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी । प्रतियोगिता स्वर्गीय मोहन लालजी गोलछा एवं स्वर्गीय श्यामराव मड़ामें की स्मृति में जिला बैडमिंटन संघ द्वारा का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रवेश शुल्क 600 रुपये रखी गयी है। प्रवेश की अंतिम तिथि 24 फरवरी है बाहर से आने वाले खिलाड़ियों के लिए ठहरने और खाने की व्यवस्था की गई है।

इसमें बस्तर संभाग के सभी जिलों से टीमें शामिल हो सकती है । यह प्रतियोगिता ओपन डबल्स पुरुष वर्ग और 40प्लस ओपन डबल्स वर्ग में खेली जाएगी। इस प्रतियोगिता में ओपन डबल्स पुरुष वर्ग में पहला पुरस्कार 7001रुपए और शील्ड रखी गई है । जबकि दूसरा पुरस्कार 5001 रुपए और शील्ड है। एवं 40प्लस ओपन डबल्स वर्ग में पहला पुरस्कार 5001 रुपए रखा गया है, व दूसरा पुरस्कार 3001 रुपए रखा गया है। इसमें बेस्ट प्लेयर का पुरस्कार भी दिया जाएगा । बैडमिंटन की उभरती प्रतिभाओं को सामने लाने हेतु आयोजनः हरीश गोलछा कोण्डागांव जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष हरीश गोलछा ने बताया कि जिला सहित पूरे बस्तर संभाग में खेलों का वातावरण बनाने के उद्देश्य से इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है । इसके अलावा जिला में बैडमिंटन की उभरती प्रतिभाओं को सामने लाने और उन्हें प्रतिस्पर्धी माहौल के अनुरूप अपने आपको सामने प्रदर्शित करने के लिये इस तरह का आयोजन किया जा रहा है ।

### प्रतियोगिता के नियम व शर्ते

जिला बैडमिंटन प्रतियोगिता में 1.खिलाड़ियों को रजिस्ट्रेशन हेतु प्रवेश शुल्क के माध्यम से जमा करना होगा । 2. प्रतिभागियों को दोनों खिलाड़ियों का नाम देना अनिवार्य है। 3. प्रतियोगिता योनेक्स नायलोन शटल से कराया जाएगा । 4. खिलाड़ियों द्वारा समय पर उपस्थिति नही देने पर प्रतियोगिता से बाहर किया जाएगा । 5. कौशल नेताम 9584082164, दीपक मिनोचा 7000900028, तामेश्वर यादव 8435367666 फोन पे, गूगल पे नम्बर।

## सुदूर अंचल लिंगापुर में टेनिस बाल क्रिकेट टूर्नामेंट समापन

पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com

सुदूर अंचल लिंगापुर में टेनिस बाल क्रिकेट टूर्नामेंट समापन में पहुंचे भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार व अन्य जिला पदाधिकारी। पूर्व मंत्री महेश गागड़ा के सौजन्य से भोपालपट्टनम के लिंगापुर में टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया,टूर्नामेंट में सुदुर क्षेत्रों के खिलाडियों ने भाग लिया लगातार एक सप्ताह तक चला टूर्नामेंट में कुल 32 टीमों ने भाग लिया था। फाइनल मुकाबला में आवापल्ली और लिंगापुर कि टीम पहुंची,इन दोनों टीमों के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया। फाइनल मुकाबला 12-12 ओवर का खेला गया था जिसमे लिंगापुर की टीम विजेता रही तो वही उपविजेता आवापल्ली की टीम रही। विजेता टीम को 40000 रुपये पूर्व मंत्री महेश गागड़ा की ओर से दिया गया,उपविजेता को 20000 रुपये लिंगापुर समिति एंव तृतीय पुरुस्कार 10000 रुपये अजय कोरम की ओर से दिया गया। समापन में पहुंचे मुख्यातिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा आयोजन समिति को बधाई जिन्होंने ऐसे सुदूर अंचलों में भी खेल जुनून को देखते हुए ऐसे आयोजन रखा, ऐसे ही अवसर मिलने से हमारे क्षेत्र के खिलाड़ी आने वाले समय प्रदेश और देश के लिए खेलेंगे, इन्हें ऐसे ही अवसर की दरकार है,क्षेत्र की अन्य समस्याओं के साथ-साथ खेल पर भी महेश गागड़ा का विशेष ध्यान है। वे आज स्वयं उपस्थित नहीं हो सके पर हमेशा खेल को लेकर तत्पर रहते हैं और आगे भी युवाओं को लेकर बेहतर मंच देने का प्रयास रहेगा। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री सतेन्द्र सिंह ठाकुर,किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष घासीराम नाग,अनुसूचित जनजाति प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुखलाल पुजारी, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष पी संतोष, जनपद सदस्य तिरुपति कटला,भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य फूलचंद गागड़ा, नरगेश, गिरिजा शंकर तामड़ी व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पुरस्कार के लिए महिलाओं से 28 तक प्रस्ताव आमंत्रित

**बलौदाबाजार।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं से 28 फरवरी तक प्रविष्टियां आमंत्रित की गई हैं। इच्छुक महिलायें संयुक्त जिला कार्यालय स्थिम महिला एवं बाल विकास कार्यालय में उक्त तिथि तक प्रस्ताव जमा कर सकते हैं। चयनित महिला को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च को राजधानी रायपुर में आयोजित मुख्य समारोह में सम्मानित किया जायेगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी एल.आर. कच्छप ने बताया कि प्रस्ताव के इच्छुक महिलायें साहित्य, संस्कृति, लोककला, समाज सेवा, महिला एवं बच्चों के विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली हाने चाहिये।उम्र नामांकन की अंतिम तिथि तक 25 वर्ष अथवा इससे अधिक होने चाहिये।

## तम्बाकू नियंत्रण पर आज कार्यशाला

**बलौदाबाजार।** राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत कल 24 फरवरी को सवेरे 11.30 बजे यहां जिला कार्यालय के सभाकक्ष में प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम स्वास्थ्य विभाग की तम्बाकू नियंत्रण ईकाई एवं समाजसेवी संस्था द यूनियन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित है। तम्बाकू एवं तम्बाकू उत्पादों के उपयोग एवं उपभोग को हतोत्साहित करने के साथ ही कोटपा एक्ट 2003 के पालन के संबंध में विचार-विमर्श किया जायेगा।

## पीएमकेवीवाय के अन्तर्गत प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्राप्त करने का सुनहरा अवसर

**बलौदाबाजार।** प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के आरपीएल के तहत विभिन्न व्यवसायों में पूर्व प्रशिक्षित एवं अनुभवी हितग्राही जिनको उनकी योग्यता एवं अनुभव के आधार पर कौशल प्रमाण पत्र की आवश्यकता है वह इसके तहत लाभांवित हो सकतें है। प्रशिक्षण एवं सर्टिफिकेशन जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी जिला बलौदाबाजार और केयर एजुकेशन एण्ड वेलफेयर सोसायटी बलौदाबाजार के द्वारा यह प्रदान की जायेगी। इसके तहत प्रशिक्षण अवधि अधिकतम 6 घंटा प्रतिदिन है। साथ ही आयु सीमा 18 वर्ष से 45 वर्ष तक का है। सभी हितग्राहियों के पास आधार नम्बर एवं आधार लिंक्ड बैंक खाता होना अनिवार्य है। प्रशिक्षकों की उपस्थिति बायोमेट्रिक मशीन से दर्ज की जाएगी। इसके साथ ही प्रशिक्षित सर्टिफाईट हितग्राहियों को 3 वर्ष का कौशल बीमा एवं निःशुल्क प्रशिक्षण किट भी प्रदान किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत 171 आवेदन हुए प्राप्त

**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत जिले से कुल 171 आवेदन प्राप्त हुए है। जिसमें से अनुसूचित जन जाति के 17 अनुसूचित जाति के 59 एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के 95 हितग्राहियों के आवेदन प्राप्त हुए हैं। छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड विभाग की प्रभारी जिला अधिकारी अर्चना गुप्ता ने बताया की समस्त आवेदकों की सूची कार्यालय के सूचना पटल में चस्पा कर दी गयी है।

# गैस का दाम बढ़ने से रसोई का बजट बिगड़ा गरीब और मध्यवर्गीय परिवारों पर महंगाई की मार

दिलीप माहेश्वरी ◂ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

गैस के दाम बढने से रसोई का बजट बिगड़ गया है गैस में लगातार वृध्दि होने के कारण महिला गृहणी बहुत परेशान बलौदाबाजार में 11 दिन के अंदर सिलेंडर के दाम में 75 रूपये की वृध्दि से आम आदमी को महंगाई का एक और झटका लगा हैं। एक तरफजहां पेट्रोल और डीजल की आसमान छूती कीमतों से आम आदमी कराह रहा हैं, वही दूसरी और अब रसोई गैस सिलेंडर के दाम में भी बड़ा इजाफा हुआ है। घरेलू एलजीपी सिलेंडर के दाम 50 रूपए बढ़ने से रसोई का बजट गड़बड़ा गया है। 10 दिन पहले भी एलपीजी सिलेंडर के दाम में 25 रूपए की वृध्दि हुई थीं। इस तरह 11 दिन के अंदर सिलेंडर के रेट में 75 रूपए की वृध्दि होने से गृहणियों भी परेशान हैं। जबकि, लोगो का कहना है कि पिछले एक वर्ष से सिलेंडर के दाम में भी नहीं आ रही है। दूसरी ओर कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में भी एक माह में 200 रूपए की वृध्दि से दुकानदार भी परेशान हैं। अब इसकी कीमत 850 रूपए होगी। मालूम ू हो कि देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। कुछ जगहों पर इसके दाम 90 से 100 रूपए के बीच पहुंच गए हैं।







- घरेलू रसोई गैस के दाम बेलगाम हो गए हैं। तीन महीने में 175 रूपए की वृध्दि होने से गरीब परिवार परेशान हैं। गृहिणियों का बजट बिगड़ गया है। सरकार का गरीब व मध्य परिवार की ओर ध्यान नहीं है। भुनेश्वरी वर्मा,गृहणी
- घरेलू गैस के बढ़ते दाम को लेकर गृहणी परेशान हैं। सरकार का मध्यम वर्गीय लोगो की ओर कोई ध्यान नहीं है। सरकार को रसोई में प्रयोग होने वाले सामान के दाम पर नियंत्रण रखना चाहिए। राजकुमारी वर्मा, गृहणी,
- घरेलू गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने से गरीब व मध्यम वर्गीय परिवारों को दिक्क तों का सामना करना पड़ गया है। दस दिन में दोबारा गैस के दाम बढ़ाए गए है। सावित्री मानिकपुरी गृहणी,
- घरेलू रसोई गैस का उपयोग गरीब परिवार भी करते है। उन पर महंगाई की मार पड़ रही है। गरीब परिवारों को गैस के बढ़ते दामो से राहत मिलनी चाहिए। चित्ररेखा यादव, गृहणी

दिसंबर में गैस के दाम दो बार 100 रूपए की बढ़ोतरी की गई थी। अब फिर 75 रूपए बढ़ा दिए गए । सरकार को गैस के बढ़ते दामो पर अंकुश लगाकर आम लोगों को राहत देनी चाहिए।

### धुएं से मुक्ति दिलाकर आंखो से आंसू निकलवा रहे सरकार

संसदीय सचिव शंकुतला साहू ने कहा केन्द्र की सरकार पेट्रोलियम पदार्थो के दामों के साथ गैस के दामों में बढ़ोतरी पर अंकुश लगाने में नाकाम।

**कसडोल विधायक शंकुतला साहू**

इन दिनों लगातार बढ़ रही महंगाई के चलते मध्यम वर्ग व गांव की गरीब महिलाओं को जिस प्रकार से घर का बजट बनाने में मुश्किलों से जुझते हुये देखा जा रहा है,मगर वही दूसरी ओर जिस प्रकार से बीते हुए दिनों में केन्द्र सरकार द्वारा अचानक से गैस सब्सीडी वाले गैस सिलेण्डरों में बढ़ोतरी की गई हैं। जिससे गरीब परिवार की महिलाओं का बजट बिगड़ गई हैं। वही केन्द्र सरकार द्वारा दिये गये अच्छे दिन आने के भरोसे के चलते किसी भी प्रकार से महिलाएं अपनी रसोई चलाते हुए देखी जा रही थी, मगर जिस प्रकार से बीते हुए दिनों गैस सिलेण्डर के दामो में लगातार हो रही बढ़ोतरी के कारण उन मजदूर वर्ग से लेकर मध्यम वर्गो के महिलाओं की आंखों में आंसू लाने में कोई कसर नहीं छोड़ी गई।

## अल्ट्राटेक हिरमी सीमेंट महिला पंचायत प्रतिनिधियों को दिया द्वारा पंचायती राज पर प्रशिक्षण



पायनियर संवाददाता ◂ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

केंद्रीय श्रमिक शिक्षा बोर्ड रायपुर तथा अल्ट्राटेक के ग्रामीण विकास केंद्र हिरमी के संयुक्त तत्वाधान में महिला पंचायत प्रतिनिधियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें ग्राम हिरमी, कुठरोड, सकलोर तथा परसवानी की 30 से अधिक महिला पंचायत प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में केंद्रीय श्रमिक शिक्षा बोर्ड के अधिकारी कोमल सिंह ठाकुर, जनपद सदस्य अनुपम अग्रवाल, ग्रामीण विकास से वैभव त्रिपाठी तथा संयंत्र से प्रशासनिक प्रमुख जितेंद्र सिंह तंवर उपस्थित थे। कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य महिला पंचायत प्रतिनिधियों को पंचायती राज के मूलभूत अधिकारों की जानकारी देना तथा पंचायत प्रतिनिधि के रूप में उनके कर्तव्य के प्रति उन्हें जागरूक करना था जिससे पंचायती राज के क्रियान्वयन में वह अपना सुचारू एवं सक्रिय रूप से योगदान दे सकें। जनपद सदस्य अनुपम अग्रवाल ने पंचायत प्रतिनिधियों को पंचायत की विभिन्न कार्य योजनाओं तथा पंचायती राज के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी प्रदान की तथा बताया कि एक पंच के रूप में उनके कौन-कौन से उत्तरदायित्व हैं जिनसे वह अपने ग्राम का विकास कर सकती हैं।

संयंत्र के प्रशासनिक प्रमुख जितेंद्र सिंह तंवर ने बताया कि पंचायतों का बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान होता है इसलिए महिला पंचायत प्रतिनिधियों को अपने गांव के विकास के लिए सक्रिय रूप से आगे आना चाहिए तथा ग्राम विकास की योजना में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए।

## परमेश्वरी जयंती में शामिल हुए गिरीश देवांगन

**तिल्दा।** देवांगन समाज के द्वारा प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी परमेश्वरी जयंती का आयोजन सामाजिक भवन तिल्दा में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन जी तथा अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महामंत्री राम गिंडलानी ने की विशेष अतिथि सुनील सोनी नपा अध्यक्ष लिमिक्षा गुरू डहरिया सहित देवांगन समाज के पदाधिकारियो की उपस्थिति में मनाया गया। मुख्य अतिथि गिरीश देवांगन ने अपने उद्बोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है जिससे युवा एवं महिलाएं अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत बना सकती है। हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी भी देवांगन समाज पर बहुत भरोसा करते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राम गिंडलानी ने कहा कि देवांगन समाज एक प्रतिष्ठित समाज है इस समाज के लोग भी व्यापार करने लगे हैं जिससे पूरा समाज आर्थिक रूप से सक्षम होते जा रहा है जो बहुत ही खुशी की बात है। विशेष अतिथि नपा अध्यक्ष लीमिक्षा गुरू डहरिया ने कहा कि समाज के द्वारा आयोजित ऐसे कार्यक्रमों से आपस में भाईचारा बढ़ता है तथा समाज को मजबूती मिलती है हम सभी को सामाजिक बुराइयों से दूर रहते हुए कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम को राहुल तेजवानी आदि ने भी संबोधित किया।



## नया सहकारी बैंक छूईपाली में खुलेगा विधायक के प्रयास से

**सरायपाली।** छुईपाली में जिला सहकारी बैंक खोलने की किसानों की वर्षों पुरानी मांग आखिरकार अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं विधायक किस्मत लाल नंद के प्रयास से पूरी हो गई। छूईपाली मैं बैंक खुलने से सरायपाली तो रेसिंग जिला सहकारी बैंक के अंतर्गत आने वाले 9 उपार्जन केंद्रों को भी जोड़ने की बात सामने आ रही है नया बैंक खुलने से उड़ीसा सीमा से लगे दर्जनों गांव के किसानों को इसका लाभ मिलेगा जो सुबह से ही धान की राशि पाने के लिए 30 से 35 किलोमीटर मोटरसाइकिल से सवार होकर सरायपाली तक बैंक में आकर रतजगा कर राशि प्राप्त करते थे। अंचल के उड़ीसा सीमा क्षेत्र के ग्रामीणों को धान की राशि पाने के लिए कई किलोमीटर का सफर करना पड़ता था और जिला सहकारी बैंक सरायपाली में आकर रतजगा करके पैसा प्राप्त करते थे दिनभर लाइन में लगे रहने के बाद उन्हें धान की राशि प्राप्त होती थी किसानों के इन सभी समस्याओं को सरायपाली विधायक ने ध्यान में रखते हुए उनकी वर्षों पुरानी मांग को गंभीरता से लेते हुए संचनालय रायपुर को पत्र लिखा था विधायक की मांग को संचालनालय ने स्वीकृति दी और अंततः किसानों की मांग पूरी हुई छूईपाली में नया जिला सहकारी बैंक खुलने से सराईपाली क्षेत्र के उपार्जन केंद्रों चिवराकुटा, सिगबाहल, सागरपाली, तिहारीपाली, मल्दामाल, पुटका, भोथलडीह, के साथ-साथ चौरसिया क्षेत्र के गिर्रा और केना के किसानों को लाभ मिलने की बात सामने आ रही है इस तरह इन 9 उपार्जन केंद्रों के अंतर्गत आने वाले 98 गांव के किसानों को इसका लाभ मिलेगा बैंक कहां पर खुलेगा।

## महिला स्व सहायता समूहों को स्व-रोजगार के लिए 23.80 लाख ऋण स्वीकृत

पायनियर संवाददाता ◂ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जिले की ग्रामीण इलाकों में कार्यरत 56 महिला स्व सहायता समूहों को स्व रोजगार के लिए 23.80 लाख रूपये ऋण राशि स्वीकृत की गई है। कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने महिला एवं बाल विकास विभाग की अनुशंसा पर छत्तीसगढ़ महिला कोष योजना के तहत यह ऋण राशि स्वीकृत किए है। योजनांतर्गत मात्र 3 प्रतिशत वार्षिक ब्याज पर महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी एवं सशक्त बनाने के लिए यह ऋण दिया जाता है। जिला कार्य म अधिकारी एल.आर. कच्छप ने बताया कि लाभान्वित स्व सहायता समूहों में 36 समूह में से प्रत्येक को 50 हजार रूपये, 19 समूहों में से प्रत्येक को 30 हजार रूपये और एक समूह को 10 हजार रूपये जारी किया गया हैं। जिला कार्य म अधिकारी ने बताया 50 हजार रूपये ऋण वाले महिला समूहों में मिनी माता स्व सहायता समूह दशरमा, जय मां लक्ष्मी स्व सहायता समूह सरकीपार, मां गौरा स्व सहायता समूह सिंचाई कॉलोनी ब.बाजार, गायत्री स्व सहायता समूह कुकुरदी, सीता स्व सहायता समूह रवान, वंदना स्व सहायता समूह रवान वार्ड . 5, आरोही स्व सहायता समूह सलौनी, आरोही स्व सहायता समूह सलौनी, नवजोत स्व सहायता समूह मिश्राइनडीह, साक्षी स्व सहायता समूह खैंदा, मितानिन स्व सहायता समूह खैदा, सतनाम स्व सहायता समूह धारासिव, मां बंजारी स्व सहायता समूह तिल्दा, जय कर्मा माता स्व सहायता समूह लाटा, मीरा देवी स्व सहायता समूह, ग्राम-खटियापाटी, सरस्वती स्व सहायता समूह, ग्राम-सिरियाडीह, उपासना स्व. सहायता समूह, लवन, सतनाम स्व सहायता समूह, ग्राम-खैंदा, दुर्गा स्व. सहायता समूह, ग्राम-बगबुड़ा, महालक्ष्मी महिला स्व सहायता समूह, ग्राम-बगबुड़ा, उड़ान स्व सहायता समूह, ग्राम-सुड़ेली, जय सतनाम स्व सहायता समूह सुन्द्रावन, जय गांयत्री मां स्व सहायता समूह रीवाडीह, शारदा महिला स्व सहायतासमूह रीवांडीह, प्रेरणा स्व. सहायता समूह सुन्द्रावन, जय मां बगुला मुखी समूह ग्राम तेलासी, ज्योति कलश महिला स्व. सहायता समूह नयापारा वार्ड भाटापारा, मिनी माता स्व सहा. समूह मिनी माता भवन के सामने महासती वार्ड भाटापारा, इंदिरा गृहिणी दिव्यांग स्व. सहायता समूह तुरमा, साक्षी स्व सहायता समूह भोथीडीह, मां सरस्वती स्व सहायता समूह दतरेंगी, जय सहाड़ा देव सहा. समूह नवागांव, जय मां लक्ष्मी ग्राम पंन्ड्री, मां बजारी स्व सहायता समूह, ग्राम-बासीन, रोशनी स्व सहायता समूह, ग्राम-रावन, लक्ष्मी स्व सहायता समूह, ग्राम-मांढरकला शामिल है।

## सिरियाडीह में श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ कथा शोभायात्रा के साथ प्रारंभ, 2 मार्च तक जारी रहेगा

पायनियर संवाददाता ◂ लवन
www.dailypioneer.com



समीपस्थ ग्राम पंचायत सिरियाडीह में श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ कथा का प्रारंभ 22 फरवरी सोमवार को दोपहर में भव्य कलश शोभायात्रा के साथ पुराना मंडी हनुमानजी चौक में कथा प्रारंभ हुआ है, जो आगामी 02 मार्च तक जारी रहेगा। श्रीमद्भागवत सभी ग्राम वासियों के आपसी भाई चारे एवं सहयोग की भावना से आयोजित है। श्रीमद्भागवत कथा वाचक पंडित श्याम जी महाराज वृंदावन धाम वाले हैं, एवं आचार्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय (सुदामा महाराज) हैं।कथा के प्रथम दिन सोमवार को कलश यात्रा, वेदी पूजन एवं महात्म्य कथा एवं दूसरे दिन मंगलवार को परीक्षित जन्म, वराह अवतार ,तीसरे दिन बुधवार को कपिल अवतार, जड़भराज कथा का वर्णन कथा वाचक पंडित श्याम जी महाराज द्वारा श्रोताओं को श्रवण कराए गए।एवं आगामी दिनों में चौथे दिन प्रहलाद चरित्र, नरसिंह अवतार,पांचवें दिन श्रीराम चरित्र, कृष्ण जन्मोत्सव, छठवें दिन बाल्य लीला, गोवर्धन पूजा, महात्म्य कथा, सातवें दिन मथुरा गमन, रूखमणी विवाह, आठवें दिन सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, कथा विराम एवं नवमें व आखरी दिन को गीता, तुलसी वर्षा, हवन ,सहस्र धारा, पूर्णाहुति, ब्राह्मभोज के साथ समापन होंगे। गौरतलब हो कि कथा के प्रथम दिनांक को जंहा पूरे ग्राम वासियों ने कलश एवं शोभायात्रा में शामिल हुए वहीं क्षेत्र के लोकप्रिय एवं जनहितैषी जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 08 मोनिका पटेल भी ग्राम सिरियाडीह पहुंच कर कलश एवं शोभायात्रा में शामिल होकर पुनीत कार्य के साक्षी बने। कथा आयोजन में ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों में सरपंच देवकुमार यादव, पंच देवा उर्फ पद्मशंकर पटेल ,पद्दुम पटेल, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति प्रबंधक गोविंद पटेल सहित सभी ग्राम वासियों का उत्कृष्ट एवं सराहनीय योगदान है। उक्त कथा आयोजन की जानकारी गोलू कैवर्त को युवा नेता एवं पंच देवा पटेल ने दिये हैं।

## मुख्य अतिथियों की उपस्थिति में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का हुआ समापन

पायनियर संवाददाता ◂ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com





यातायात राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापन सुरेंद्र शर्मा अध्यक्ष कृषक कल्याण बोर्ड, जुगल भट्टर अध्यक्ष चेंबर ऑफ कॉमर्स, राकेश वर्मा जिला पंचायत अध्यक्ष, हितेन्द्र ठाकुर जिलाध्यक्ष कांग्रेस पार्टी, चितावर जयसवाल अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार, अंजय शुक्ला सीमेंट ट्रांसपोर्ट संघ, सुमन योगेश वर्मा जनपद पंचायत अध्यक्ष, जनकराम वर्मा पूर्व विधायक, सुनील जैन कलेक्टर बलोदाबाजार, पुलिस अधीक्षक आई.के. एलेसेला, निवेदिता पाल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, निरीक्षक प्रमोद सिंह प्रभारी यातायात बलोदा बाजार के आतिथ्य में संपन्न हुआ। राष्ट्रीय यातायात जागरूकता सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ दिनांक 23.01.2021 को पुलिस अधीक्षक आई.के.एलेसेला के निर्देशन में हेलमेट जागरूकता रैली से किया गया। इस दौरान बलौदाबाजार, भाटापारा एवं सिमगा शहर ही नहीं अपितु जिले के ग्रामीण अंचलों में प्रत्येक दिवस विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें आम नागरिकों, वाहन चालकों, स्कूली छात्र-छात्राओं एवं सप्ताहिक हाट बाजार में यातायात नियमों की जानकारी देकर उसका पालन करने समझाइश देते हुए जन जागरूकता पाम्पलेट वितरण किया गया। वाहन चालकों व परिचालकों का नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। समापन के अवसर पर यातायात थाना बलौदाबाजार परिसर में यातायात एवं विभिन्न स्कूलों के बच्चों के द्वारा यातायात जागरूकता संबंधी चित्रकला, पोस्टर की प्रदर्शनी लगाई गई। रेड क्रॉस सोसाइटी के वॉलिंटियर्स, गुरुकुल स्कूल के बच्चों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से समापन समारोह में उपस्थित स्कूली छात्र छात्राओं, गणमान्य नागरिकों एवं आम जनता को यातायात के नियमों की जानकारी दी गई। निवेदिता पाल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदा बाजार ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2021 के दौरान चलाये गये जन जागरूकता अभियान के संबंध में संक्षिप्त जानकारी दी गई। सड़क सुरक्षा माह के समापन कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक आई.के.एलेसेला ने अपने उद्बोधन में उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि जीवन की रक्षा, सुरक्षा स्वयं के हाथों में होती है। सड़क सुरक्षा माह के दौरान बलौदाबाजार पुलिस ने आम जनता तक पहुंचने का प्रयास किया है। व्यवस्था बनाए रखने हेतु जनता की सहभागिता आवश्यक है। यातायात नियमों का पालन करके अपने साथ-साथ दूसरों की सुरक्षा में भी योगदान दे सकते हैं। साथ ही आम नागरिकों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने अपील की गई। साथ ही दुर्घटना के कारणों पर प्रकाश डालते हुए आम जनता को यातायात नियमों के प्रति जागरूक होकर उसका पालन करने समझाइश दी गई। समापन समारोह में उपस्थित अतिथियों के द्वारा सड़क सुरक्षा माह के दौरान यातायात नियमो का पालन करने वाले, सड़क सुरक्षा व्यवस्था जागरूकता हेतु अपना बहुमूल्य सहयोग प्रदान करने वाले आम नागरिकों, शासकीय जिला अस्पताल की टीम, परिवहन विभाग, समाजसेवी संस्थाओं के पदाधिकारी, मोहन एस फाउंडेशन, अग्रवाल मोटर्स, यामाहा शोरूम, किरण होंडा, टीवीएस शोरूम के संचालकों, गुरुकुल स्कूल को सम्मानित किया गया। यातायात सड़क सुरक्षा माह के दौरान स्कूली बच्चों को प्रोत्साहित किए जाने हेतु आयोजित निबंध, स्लोगन, चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले स्कूली छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो देकर पुरस्कृत किया गया। सड़क सुरक्षा माह समापन कार्यक्रम मंच संचालन रामाधार पटेल वरिष्ठ पत्रकार द्वारा किया गया। पुलिस अधीक्षक आई.के.एलेसेला के निर्देशन में सड़क सुरक्षा माह का क्रियान्वयन बेहतर ढंग से किया गया। पुलिस के इस सार्थक प्रयास से जिले के लोगों में यातायात नियमों के प्रति काफी जागरूकता देखी गई। *यातायात प्रभारी निरीक्षक प्रमोद सिंह ने उपस्थित अतिथि गणों का आभार प्रदर्शित करते हुए यातायात सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान सहयोग प्रदान करने वाले विभिन्न संस्थाओं को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### मेला में आमजन की सुरक्षा की दृष्टि से मेला स्थलो में 120 सीसीटीवी कैमरा से होगी निगरानी

# पुलिस कप्तान राजिम माघी पुन्नी मेला को लेकर लिये समीक्षा बैठक

पायनियर संवाददाता ◂ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



पुलिस कप्तान राजिम माघी पुन्नी मेला के संबंध में लिये समीक्षा बैठक। समीक्षा बैठक में गरियाबंद, रायपुर, धमतरी के राजपत्रित एवं अन्य अधिकारी हुये शामिल। बैठक के दौरान मेला में यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में किया गया चर्चा।

मेला में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने 03 जोन एवं 12 सेक्टर में डिवाईड किया गया । मेला के दौरान ड्यूटीरत अधिकारी कर्मचारियों के लिए रूकने एवं भोजन का रहेगा पुख्ता इंतजाम। मेला में आमजन की सुरक्षा की दृष्टी से मेला स्थलो में 120 सीसीटीवी कैमरा से होगी निगरानी ।

पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज रायपुर डॉ. आनंद छाबड़ा के दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन में पुलिस कप्तान भोजराम पटेल के द्वारा राजिम माघी पुन्नी मेला के दौरान यातायात व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए गरियाबंद, रायपुर, धमतरी के राजपत्रित एवं अन्य अधिकारियों की समीक्षा बैठक लिया गया।

समीक्षा बैठक के दौरान मेले में यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर महत्वपूर्ण बिन्दुओं में चर्चा किया गया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी राजिम माघी पुन्नी मेला में अधिक मात्रा में श्रद्धालुगण राजिव लोचन एवं कुलेश्वर महादेव के दर्शन के लिए आयेंगे। जिससे भीड़ की स्थिति निर्मित होगी। भीड़ की अधिक्ता के कारण यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था बहुत ही महत्वपूर्ण रहेगी। यातायात एवं सुरक्षा की दृष्टि से मेला को 03 जोन एवं 12 सेक्टर में डिवाईड किया गया है। ताकि किसी भी व्यक्ति को परेशानी ना हो। मेला ड्यूटी में आये पुलिस जवानों के लिए मेला ड्यूटी बहुत ही चुनौतीपूर्ण रहती है।

जवानों की ड्यूटी की गंभीरता को ध्यान में रख कर सभी जवानों के लिए रूकने एवं भोजन व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम किया गया है। मेला के दौरान अधिक मात्रा में श्रद्धालुगण आने से मंदिरों में अधिक भीड़ ईकट्ठा हो जाती है। भीड़ का फायदा उठाते हुये कुछ असमाजिक तत्वों के द्वारा चैन स्नैचिंग, चोरी, छेडछाड करते है, उन सभी असमाजिमक तत्वों के उपर निगाह रखने के लिए 120 सीसीटीवी कैमरा लगवाया गया है।

जिसका 24 घण्टा मॉनिटरिंग किया जायेगा। समीक्षा मीटिंग में सुखनंदन राठौर, संतोष महतो अति पुलिस अधीक्षक, विश्वदीपक त्रिपाठी सीएसपी रायपुर, सारिका वैद्य अनु.अधिकारी कुरूद जिला धमतरी, उमेश राय रक्षित निरीक्षक गरियाबंद, निरीक्षक कृष्णकांत सिदार थाना प्रभारी गोबरा नयापारा, निरीक्षक प्रणाली वैद्य, एसके साहू एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की बैठक, 27 को मैनपुर में मोर्चा का सम्मेलन

पायनियर संवाददाता ◂ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

तहसील मुख्यालय मैनपुर लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में मंगलवार को भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष चन्द्रशेखर सोनवानी की अध्यक्षता में बैठक आहूत किया गया, बैठक मे भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला महामंत्री हेमत त्रिपुडे, बिसेसर सिक्का, चैनसिंह कश्यप, भुवन बघेल , भैय्या लाल नागेश , धनी राम बघेल , कृपाशंकर सगरिया आदि उपस्थित थे, बैठक में निर्णय लिया गया कि भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा को क्षेत्र में अधिक मजबूत बनाने के लिए और मोर्चा के विस्तार के लिए 27 फरवरी को पैरी उदग्म स्टेडियम भाठीगढ में सम्मलेन का आयोजन किया जायेगा।

इस सम्मेलन में अतिथि के रूप मे पूर्व विधायक रामलाल चौहान सह प्रभारी इंद्रभान पाटिल उपस्थित रहेंगे साथ ही बिन्द्रानवागढ़ विधायक डमरुधर पुजारी पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी पूर्व विधायक राजिम संतोष उपाध्याय भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश साहू जिला महामंत्री अनिल चंद्राकर की उपस्थिति में यह कार्यक्रम होना है जिसमें जिले के समस्त अनुसूचित जाति मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

## गोपाल शर्मा ने जिला-प्रदेश कांग्रेस कमेटी का आभार माना



**भाटापारा।** गोपाल शर्मा ने सचिव नियुक्त किए जाने पर प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम छाया विधायक सुनील महेश्वरी जी जिलाध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर एवं सभी वरिष्ठ जनों का आभार व्यक्त किया है। जमीनी कार्यकर्ता जिला सचिव के पद पर नवाजा गया है उसके लिए मैं आप सभी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं गोपाल शर्मा की नियुक्ति से कांग्रेस परिवार में खुशी की लहर है बधाई देने वालों में नानू सोनी वैभव केसरवानी मुकेश साहू गिरीश पारपायानी गेंदु साहू अशोक ध्रुव पवन यादव राजकुमार वर्मा सुरेंद्र वैष्णव अशोक तिवारी यश जाधव शादाब जलियांवाला अजय यादव हीरा नामदेव संदीप शर्मा मोनू भाचा मयंक तिवारी राजेंद्र वर्मा दीपक निर्मलकर राजा तिवारी जीतू ठाकुर प्रशांत गाँधी नविन बॉक्स सोनू पांडे समस्त कांग्रेस जनों ने अपनी बधाई दी।

# पैदल गस्त सर्चिंग करते घोर नक्सल प्रभावित ग्राम कुमारी पहुंचे पुलिस अधीक्षक व आईटीबीपी के कमांडेंट

## पुलिस कोंडागांव व आईटीबीपी 29वी बटालियन ने लगाया सिविक एक्शन कैम्प

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



जिला के धनोरा थाना क्षेत्रान्तर्गत अतिसंवेदनशील गांव कुएमारी सुदूर पहाड़ी अंचल में कांकेर और कोंडागांव जिले के सरहदी इलाके में स्थित है, जो हमेशा से नक्सल प्रभावित रहा है वहाँ की नक्सल गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से 21 फरवरी को जिला कोंडागांव एसपी सिद्धार्थ तिवारी व कमांडेंट आईटीबीपी 29वी वाहिनी समर बहादुर सिंह के नेतृत्व में जिला बल और आईटीबीपी जवानों की संयुक्त टीम जंगल व पहाड़ों के रास्ते पैदल गस्त सर्चिंग करते गांव में शिविक एक्शन कार्यक्रम हेतु पहुंची। गांव के रहवासियों ने भी सुरक्षा बलों का स्वागत करते हुए, भारी संख्या में उनसे मुलाकात हेतु उपस्थिति दर्ज कराई। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी और कमांडेंट 29वी बटालियन आईटीबीपी समर बहादुर ने कुएमारी के ग्रामीणों से चौपाल लगाकर चर्चा की जिसमे उन्होंने सभी का हाल जाना, उनकी आवश्यकता और जरूरतों का जायजा लिया। साथ ही उन्होंने गांव वालों से नक्सलवाद के उन्मूलन हेतु सहयोग देने व शासन की योजनाओं से जुड़कर समाज की मुख्य धारा में जुड़ने की अपील की। अधिकारियों ने गांव के ऐसे युवाओं जो पुलिस व आर्मी भर्ती हेतु प्रशिक्षण प्राप्त करने की चाह रखते हो उनके प्रशिक्षण की व्यवस्था धनोरा कैम्प में उपलब्ध कराने का वायदा भी किया। जिसके बाद उन्होंने गांव के जरूरतमंद व्यक्तियों को कपड़े वितरित किये, बच्चों और युवाओं को खेल सामग्रियां बांटी।

### गांव के युवाओं साथ एसपी खेलने लगे वॉलीबाल ग्रामीणों ने की सराहना

इस दौरान एसपी व उनके जवानों ने गांव के युवाओं के साथ उत्साहवर्धन हेतु वॉलीबाल का मैच भी खेला। जिले के आला अधिकारियों को अपने बीच सहजता से पाकर ग्रामीणों ने भी खुलकर अपने दिल की बात रखी और उनके इस अंदाज से आम रहवासियों से घुलने मिलने के प्रयास की सराहना की।

### आईटीबीपी के डॉ राहुल रावत जैनरिक दवाई बांटी

इस अभियान में आईटीबीपी के डॉक्टर राहुल रावत भी साथ रहे जिन्होंने मौके पर ग्रामीणों की आम मेडिकल समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण कर आवश्यकतानुसार सामान्य दवाइयां वितरित की तथा ग्रामीणों को बदलते मौसम में स्वस्थ रहने के लिए नुस्खों के बारे में भी बताया। इस पूरे अभियान में आईटीबीपी के धनोरा कैम्प प्रभारी ललित कुमार, थाना प्रभारी धनोरा निरीक्षक रोहित बंजारे और निरीक्षक देवेंद्र दर्रो भी सक्रिय भूमिका में साथ रहे।

# थल सेना भर्ती रैली दुर्ग में विकासखण्ड स्तर पर प्रशिक्षण दिया जायेगा

**बेमेतरा।** भारतीय थल सेना भर्ती रैली का आयोजन 03 मार्च 2021 तक पंडित रविशंकर स्टेडियम दुर्ग मे होनो है। इस भर्ती रैली में केवल वे ही आवेदक भाग ले सकेंगे जिनके द्वारा 31 मार्च 2020 तक ऑनलाइन आवेदन किया गया है। रैली मे शामिल होने से पूर्व 25 फरवरी से 01 मार्च 2021 तक शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण जिले के प्रत्येक विकासखण्ड मे आयोजित है। विकासखण्ड बेमेतरा हेतु प्रशिक्षण स्थल बेसिक स्कूल मैदान बेमेतरा मे पी.एस.राजपुत व्यायाम शिक्षक शासकीय क.उ.मा.वि. बेमेतरा, उपेन्द्र सिंह सेंगर व्या.शि.शा.उ.मा.वि. पचभैया की ड्यूटी लगाया गया है। इसी प्रकार विकासखण्ड बेरला के प्रशिक्षण स्थल शासकीय बालक उ.मा.वि. बेरला हेतु भूपेन्द्र प्रसाद वैष्णव व्या.शि.शा.उ.मा.वि. कुसमी, कमल नारायण साहू व्या.शि.शा.उ.मा.वि. सोंड, विकासखण्ड साजा हेतु प्रशिक्षण स्थल शा.उ.मा.वि. परपोड़ी हेतु विपुल प्रकाश महोबिया व्या.शि.शा.उ.मा.वि. परपोड़ी, जावेद कुरैशी व्या.शि.शा.उ.मा.वि. हाटरांका तथा विकासखण्ड नवागढ़ के प्रशिक्षण स्थल शासकीय बालक उ.मा.वि. नवागढ़ हेतु देवेन्द्र देवांगन व्या.शि.शा.उ.मा.वि. गोड़ीकला, अखिलेश मिश्रा व्या.शि.शा.उ.मा.वि. प्रतापपुर को नियुक्त किया गया है। भारतीय सेना भर्ती रैली हेतु ऐसे आवेदक जिन्होंने 31 मार्च 2020 तक ऑनलाइन आवेदन किया हो, वे निर्धारित प्रशिक्षण स्थल मे शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण मे सम्पर्क कर भाग ले सकतें हैं।

# दतान (प) में दशगात्र में सम्मिलित हुई संसदीय सचिव

पायनियर संवाददाता ➤ लवन
www.dailypioneer.com



ग्राम पंचायत दतान(प)में वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री चंद्रप्रभा गुप्ता के दशगात्र कार्यक्रम में शकुंतला साहू ,( संसदीय सचिव छ. ग.शासन एवं विधायक कसडोल ) पहुंच कर मृतात्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा भावभीनी श्रद्धांजली अर्पित की एवं परिजनों से मिलकर सांत्वना प्रदान की। इस अवसर पर सुकालूराम यदु, पूर्व सरपंच महेश बारले, शिव फेकर, सुनील साहू, अशोक बंछोर, किशन गुप्ता, तुषार विश्वकर्मा, सौरभ गुप्ता, मौसम गुपता, अमरनाथ विश्वकर्मा, लखन लाल सेन, सुदेश विश्वकर्मा, श्याम दास घृतलहरे, तेजराम साहू, अशोक मानिकपुरी, चेतन साहू,परिजन एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# 27 को 282 जोड़ों का मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत किया जायेगा विवाह



पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर महादेव कावरे के मार्गदर्शन में एवं महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय शर्मा के दिशा-निर्देश में आगामी 27 फरवरी को सन्ना, लुड़ेग, जशपुर, दुलदुला, कुनकुरी, कांसाबेल कुल 06 जगहों में मुख्यमंत्री कन्या विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इनमें 27 फरवरी को 282 जोड़े का विवाह किया जायेगा। इनमें जशपुर विकास खण्ड वरिष्ठ कम्यूनिटी हॉल, सन्ना परियोजना कार्यालय के प्रांगण में, लुड़ेग परियोजना कार्यालय के प्रांगण में, दुलदुला हाईस्कूल में, कुनकुरी विकास खण्ड के सलियाटोली मिनी स्टेडिय में और कांसाबेल विकास खण्ड के मंगल भवन में विवाह प्रातः 11 बजे से सम्पन्न कराया जायेगा। कलेक्टर महादेव कावरे ने जिले के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, पत्रकार एवं आम लोगों को विवाह के पावन अवसर पर उपस्थित होकर वर-वधु को आशिर्वाद प्रदान करने का आग्रह किया है।

# सुविधा : तार जाली नहीं, अब बाड़ी जाल से होगी फसल सुरक्षित

### प्लास्टिक से बना घेरा हो रहा किसानों के बीच लोकप्रिय

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

काम हो जाने के बाद निकालिए। लपेट लीजिए और ले जाइए घर ताकि अगली फसल को सुरक्षित रखने के काम आ सके और बचा जा सके उस संभावित खर्च से जिसकी खरीदी पर बड़ी रकम लगती रही है। जी हां, यह सुविधा उस चीज से मिलने जा रही है जिस बाड़ी जाल नाम से पहचान मिल रही है। अब रबी और खरीफ फसलों की सुरक्षा के लिए महंगी तार जाली या कांटा तार की जरूरत से छुटकारा मिलने जा रहा है। आपदा को अवसर ने एक ऐसे कारोबार को जन्म दिया है जिसकी मदद से एक ऐसा उद्योग किसानों तक अपनी पहुंच बना रहा है जिसकी जरूरत लंबे समय से महसूस की जा रही थी। फसलों को सुरक्षित रखने के सीमित उपाय के बीच नया उत्पादन जिस तेजी से किसानों में अपनी पहुंच बना रहा है उसे बाड़ी जाल के नाम से पहचान मिल चुकी है। कीमत में सस्ता होने से इसे अपनी पैठ बनाने में भी मदद मिल रही है।



बाड़ी जाल पूरी तरह प्लास्टिक के मजबूत दाने से बना हुआ है। इसकी मदद से मवेशियों से फसलों को सुरक्षित रखा जा सकता है। सबसे बड़ी सुविधा यह मिलेगी कि काम हो जाने के बाद से निकाल कर दूसरी फसल के लिए फिर से उपयोग किया जा सकता है।
**-मोहन बजाज,** संचालक, बजाज स्टोर्स

### क्या है बाड़ी जाल

गुजरात में बन रही प्लास्टिक की बाड़ी जाल के लोकप्रिय होने के पीछे सबसे बड़ी वजह यह है कि फसल कटाई के बाद इसे आसानी से निकाला जा सकता है। छोटे-छोटे छिद्र वाला बाड़ी जाल पांच फीट चौड़ाई में मिल रहा है। 250 रुपए प्रति किलो की दर पर किसानों तक पहुंच रहा यह जाल 1 किलो वजन में 30 से 35 फीट तक की लंबाई वाले क्षेत्र को सुरक्षित रख सकता है।

### मिलेगी यह सुविधा

बाड़ी जाल के नाम से जो नई चीज पहुंच बना रही है उसकी मदद से खेतों या सब्जी बाड़ियों में लगी फसल को मवेशियों और बंदरों से सुरक्षित रखा जा सकेगा क्योंकि इसमें प्रवेश के सारे रास्ते बंद करने की सुविधा है। यदि फसल को ऊपर से भी सुरक्षित रखा जाना हो तो इसे आवरण के रूप में उपयोग किया जा सकता है।

# अकलतरा गांव में पानी की समस्या से शिवसेना ने पीएचई को अवगत कराया

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com



सिमगा ब्लाक अंतर्गत ग्राम अकलतरा में पेयजल की आपूर्ति से ग्रामीण खासे परेशान हैं गांव में एकमात्र बोर है वह भी पिछले एक माह से बंद पड़े है जिससे ग्रामीण कुएं के गंदा पानी पीने को मजबूर है जिससे ग्रामीणों को भविष्य में गंभीर बिमारियों का सामना करना पड़ सकता है।इस समस्या को लेकर ग्राम अध्यक्ष दानीराम साहु व शिव सैनिकों ने गांव में हस्ताक्षर अभियान के तहत सरपंच,पंच व ग्रामिणो का हस्ताक्षर लेकर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग भाटापारा को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन सौंपने में मुख्य रूप से जिला महासचिव भीखम यदु, सचिव ईश्वर प्रसाद निषाद, ग्राम अध्यक्ष दानीराम साहु, मांढर अध्यक्ष अनिल यादव, नोहर पाल, बंधु जी, टिकेश्वर यदु दुलेश्वर यदु आदि शिवसैनिक उपस्थित हुए।

# "गोंद उत्पादन तकनीक पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सह प्रदर्शन"



पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, साजा जिला बेमेतरा में प्राकृतिक रॉल एवं गोंद का संग्रहण, प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन पर नेटवर्क परियोजना के अंतर्गत कृषि प्रसंस्करण एवं खाद अभियांत्रिकी विभाग इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा गोंद उत्पादन तकनीक पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सह प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, साजा के अधिष्ठाता डॉ. डी.एस. ठाकुर ने गोंद के महत्व को बताते हुये कृषकों को गोंद उत्पादन हेतु प्रोत्साहित किये। कार्यक्रम के तकनीकी सत्र में पादप कार्यिकी के प्राध्यापक डॉ. प्रतिभा कटियार के द्वारा विभिन्न वृक्षों के गोंद का आर्थिक महत्व के औषधि गुण, उत्पादन तकनीक, गोंद दोहन की तकनीक के साथ साथ विपणन श्रृंखला संबंधित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। इस एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक इंजीनियर पी. एस. पिसालकर एवं इंजीनियर पूजा साहू द्वारा वृक्षों से गोंद निकालने के तरीकों को प्रदर्शित किया गया।

इस कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक डॉ. के. एन. कोशले, डॉ. युवराज सिंह ध्रुव, चन्द्रकांत शर्मा, जनप्रतिनिधि गण एवं कृषक गण उपस्थित रहे।

## रसोई गैस की कीमत को लेकर महिला कांग्रेस ने किया केंद्र सरकार का पुतला दहन



**सरायपाली।** केंद्र सरकार के कृषि कानून एवं बढ़ती महंगाई तथा रसोई गैस की बढ़ती कीमतों के विरोध में महिला कांग्रेस ने केंद्र की मोदी सरकार का पुतला दहन किया। महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष ग्रामीण सीता पटेल के नेतृत्व में महिलाओं ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि रसोई गैस की कीमतें बढ़ने तथा पेट्रोलियम पदार्थ की मूल्य वृद्धि से आम जनता त्रस्त है जिसे लेकर पटेल के नेतृत्व में सरायपाली में महिलाओं ने केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया और बढ़ी हुई महंगाई तथा रसोई गैस की बढ़ी हुई कीमतों को तत्काल वापस लेने की मांग की इस दौरान महिलाओं ने मोदी सरकार को हर मोर्चे पर विफल तथा महंगाई रोकने में नाकाम बताया और कहा कि केंद्र सरकार के चलते अब रसोई गैस से खाना बनाना काफी महंगा साबित हो रहा है। पुतला दहन कार्य म में सरोजिनी पाणिग्रही, रेखा श्रीवास, उषा कर रेखा पुरी आरती अन्नपूर्णा विशाल नगर पालिका अध्यक्ष अमृत पटेल दीपक शर्मा बबलू चौहान गोपाल अग्रवाल सेवा शंकर पाणिग्रही के साथ ही बड़ी संख्या में कांग्रेसी जन और महिला कांग्रेस के सदस्य उपस्थित थे।

# सरजू प्रसाद घृतलहरे अपने वेतन का कुछ हिस्सा गरीबों के लिए करते है खर्च

पायनियर संवाददाता ➤ लवन
www.dailypioneer.com



पुलिस थाना गिधपुरी थानेदार सरजू प्रसाद घृतलहरे अपने नेक कार्यो एवं दरियादिली के मामलों में हमेशा लोगों के दिलों में राज करते हैं।सरजू प्रसाद घृतलहरे के अनोखे एवं सराहनीय अंदाज उन्हें अन्य थानेदारों से अलग दर्जा देता है। सरजू प्रसाद घृतलहरे हमेशा एक लोकप्रिय एवं निष्ठावान ड्यूटी के प्रति कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी के श्रेणी में सुमार किये जाते हैं।गौरतलब हो कि सरजू प्रसाद घृतलहरे अपने ड्यूटी के प्रति कर्तव्यनिष्ठ तो हैं ही साथ ही अपराधियों के खिलाफ शिकंजा कसने में कभी कोताही नहीं बरतते, इसके अलावा जंहा सरजू प्रसाद घृतलहरे को लेकर अपराध जगत से जुड़े लोगों में खौफ रहता है वंही आम जनमानस में एक आदर्श व सम्मान का भाव देखने को मिलते रहा है।सरजू प्रसाद घृतलहरे के बारे में कहा जाता है कि वह अपने मासिक वेतन का कुछ हिस्सा गरीब को सही भोजन, अच्छी कपड़ा, अच्छी शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में दिये जाने की जानकारी मीडिया को हमेशा मिलते रहा है।इसी प्रकार की जानकारी दो तीन रोज मीडिया को मिला कि सरजू प्रसाद घृतलहरे सपेरा आदिवासी बस्ती बलौदाबाजार पहुंच कर गरीब सपेरा आदिवासी बच्चों को कपड़े, मिठाई एवं आर्थिक राशि सहयोग करते हुए दिखे।साथ ही पढ़ाई लिखाई पर जागरूक करते हुए बच्चों के पालकों को समझाइश देते हुए शिक्षा की मुख्यधारा से जुड़ने की उचित सलाह दिये गए। शायद सरजू प्रसाद घृतलहरे का यही अंदाज उन्हें लोगों के बीच सम्मान का पात्र बनाते हैं।थाना प्रभारी सरजू प्रसाद घृतलहरे ने बलौदाबाजार जिले के कसडोल विधानसभा के गोलू कैवर्त को चर्चा करते हुए बताया कि उनका यह कार्य विगत कई वर्षों से जारी है, अपने सामर्थ्य अनुसार गरीब बच्चों के शिक्षा एवं स्वास्थ्य में जो सहयोग बनेगा ,करते रहने की बात साझा किये। इसके अलावा उन्होंने यह बात भी बताया कि जब वह कसडोल थाना में पदस्थ थे, चाहे दुर्ग में पदस्थ रहे हैं वह भी उन्होंने आदिवासी गरीब बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा में जोड़ने में योगदान दिये हैं।

## सभी शैक्षणिक संस्थाएं एवं शासकीय कार्यालय किये जायेंगे तंबाकू मुक्त

# तंबाकू नियंत्रण कड़ाई से लागू होगा कोटपा एक्ट

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



ब्लूम्बर्ग एक पहल परियोजना छत्तीसगढ़ एवं जिला तंबाकू नियंत्रण इकाई बलौदाबाजार द्वारा जिले में तम्बाकू नियंत्रण हेतु अंतरविभागीय समन्वय को बढ़ाने एवं कोटपा एक्ट- 2003 के अनुपालन हेतु गढ़बो तंबाकू मुक्त बलौदाबाजार की थीम पर एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन जिला कार्यालय के सभा कक्ष में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, आबकारी, परिवहन विभाग, श्रम विभाग, खाद्यय एवं औषधी प्रशासन, नगरीय प्रशासन, पंचायतीराज एवं समाज कल्याण विभाग सहित सामाजिक संगठनों एवं मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित हुये। कार्यक्रम की अध्यक्षता कलेक्टर बलौदाबाजार सुनील जैन द्वारा की गई। उन्होंने जिले में तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के बेहतर संचालन हेतु अंतर्विभागीय समन्वय को बढ़ाते हुये सभी विभागों को जिम्मेदारी से कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही जिले में कोटपा एक्ट 2003 के प्रावधानों को कड़ाई से लागू करने निरंतर चालानी कार्रवाई करने को कहा है। कलेक्टर द्वारा जिले के सार्वजनिक स्थानों, कार्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थाओं के 100 गज के दायरे में तंबाकू एवं तंबाकू उत्पादों पर प्रतिबंध हेतु कड़ाई से कार्रवाई करने पुलिस एवं खाद्यय एवं औषधी प्रशासन को निर्देशित किया गया। जिले के सभी शैक्षणिक संस्थाओं को शीघ्र तंबाकू मुक्त घोषित किये जाने शिक्षा विभाग को निर्देशित किया गया। जिला कलेक्टर द्वारा सभी से अपील किया कि तंबाकू नियंत्रण के विषय को जन आंदोलन के रुप में गंभीरता से लेते हुये समुदाय के सभी वर्गो की भागीदारी से तंबाकू मुक्त जिला बलौदाबाजार-भाटापारा की परकिल्पना को पूर्ण किया जाये। कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ खेमराज सोनवानी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा तंबाकू के दुष्प्रभावों से बचने हेतु सुझाव दिया गया। डॉ कमलेश जैन राज्य नोडल अधिकारी रायपुर द्वारा राष्टीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के संबंध में अवगत कराया गया। इसके साथ ही तंबाकू एवं तंबाकू उत्पादों के हानिकारक प्रभावों से अवगत कराया गया। राज्य विधिक सलाहकार श्रीमति ख्याति जैन द्वारा जिला स्तरीय समन्वय समिति की भूमिका एवं कोटपा एक्ट 2003 के प्रावधानों पर प्रकाश डाला गया। साथ ही तम्बाकू मूक्त शैक्षणिक संस्थानों की गाईड लाईन की विस्तृत जानकारी दी गई।

जिला सलाहकार डॉ सुजाता पाण्डेय द्वारा तंबाकू का मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव के सबंध में बताया गया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों द्वारा समूह चर्चा के माध्यम से तम्बाकू नियंत्रण के विभिन्न पहलुओं एवं अपने अनुभवों को साझा किया गया।

# किसान भाईयों को खेती-किसानी की सामयिक सलाह

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को मौसम आधारित सामयिक सलाह दी है कि गेंहू की फसल बालियां निकलने की अवस्था में है अतः जो किसान भाई बीज उत्पादन करना चाहते हैं वे विजातीय पौधों को निकालकर खेत से अलग करें। लगातार बादल छाए रहने के कारण चने में इल्ली का प्रकोप होने की संभावना है अतः इल्ली को हाथ से चुनकर नष्ट करें। किटहारी पक्षियों की खेतों में सक्रियता बढ़ाने हेतु 20-25 नग लकड़ियां प्रति हेक्टर की दर से अलग-अलग स्थानों में लगाएं। व्यस्क कीटो कि निगरानी हेतु फिरोमेन ट्रेप 2 नग प्रति एकड़ की दर से लगाएं। सरसों फसल में माहूँ (एफिड) कीट की शिशु और वयस्क दोनों ही हानिकारक अवस्थाएँ है। इस कीट की अधिक प्रकोप होने पर नियंत्रण के लियें इमिडाक्लोप्रिड 17.8 एस.एल. 250 मि.ली. प्रति हेक्टेयर की दर से घोल बनाकर 10-15 दिन के अंतराल पर आवश्यकतानुसार दो से तीन बार छिड़काव करें। किसान भाइयों को सलाह दी गई है कि ग्रीष्म कालीन धान की फसल में तना छेदक के प्रकोप से फसल को बचाने हेतु प्रारम्भिक नियंत्रण के लिए प्रकाश प्रपंच अथवा फिरोमेन ट्रेप का उपयोग करें। दलहनी फसलों में पीला मोजेक रोग दिखाई देने पर रोगग्रस्त पौधों को उखाड कर नष्ट कर दें तथा मेटासिस्टाक्स या रोगोर कीटनाशक दवा एक मिली लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें। फल और सब्जियों की फसलों में प्याज में बैगनी धब्बा बीमारी दिखने या पत्तियां सूखने पर साफ नामक दवा को 2 ग्राम प्रति लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें। लगातार बादल छाए रहने के कारण सब्जियों में एफिड (मैनी) एवं भटा में फल एवं तनाछेदक लगने की संभावना हैं। अतः किसान भाइयों को सलाह हैं की प्रारम्भिक कीट नियंत्रण हेतु एकीकृत कीट प्रबंधन का प्रयोग जैसे फीरोमोन प्रपंच, प्रकाश प्रपंच या खेतों में पक्षियों के बैठने हेतु खूटी लगाना लाभकारी होता है।

संपादकीय

## कोरोना की वापसी, मामले बढ़ने से चिन्ता

**उम्मीदों** के विपरीत खासकर केरल और महाराष्ट्र में सक्रिय मामलों की संख्या बढ़ रही है। नए वर्ष ने भारत को कोरोनावायरस वैश्विक महामारी से राहत दी थी और 11 फरवरी तक देश में लगातार कोविड-19 सक्रिय मामलों की संख्या लगातार घट कर यह 1.41 लाख रह गई थी। इस समय तक 33 राज्यों व संघशासित क्षेत्रों में रोज 5,000 से कम सक्रिय मामले आ रहे थे। इसके साथ ही देश में दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण कार्यक्रम चल रहा था और हमें उम्मीद थी कि जल्द ही इस भयानक महामारी का अंत होगा जिसने अर्थव्यवस्था को विकलांग बना दिया था।

इसके कारण लोगों के वेतन में बड़ी कटौतियां हुई थीं, रोजगारों और बिजनेसों का नुकसान हुआ था तथा लंबे समय तक अलगाव और मानसिक तनाव में रहने का असर करोड़ों भारतीयों पर पड़ रहा था। लेकिन पिछले सप्ताह शायद बेहतरी की ये सारी उम्मीदें ध्वस्त हो रही हैं तथा कोरोनावायरस मामलों में वृद्धि हो रही है। भारत में पिछले सात दिनों में लगभग 87,000 संक्रमण सामने आए हैं। रविवार को इनकी संख्या सबसे अधिक थी जब 24 घंटे में देश में 14,264 नए मामले सामने आए। ज्यादा चिन्ता की बात है कि अब भारत में कोरोनावायरस के सभी तीन प्रकार हैं जो वैश्विक स्तर अनेक मामलों के जिम्मेदार हैं। इनमें बी.1.1.7 को पहले ब्रिटेन में देखा गया था, बी.1.351 दक्षिण अफ्रीका में फैला है और पी.1 ब्राजील में है। यह म्यूटेशनों का ऐसा मिश्रण है जिनसे संक्रमण ज्यादा तेजी से फैल सकता है या वैक्सीन प्रतिरोध को धोखा दे सकता है। हालांकि, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, पंजाब तथा जम्मू व कश्मीर में भी मामले बढ़े हैं, पर केरल और महाराष्टं चिन्ता के बड़े कारण हैं। यहां नए स्टेंन अधिक हैं तथा ये दो राज्य देश के कुल सक्रिय मामलों में 74 प्रतिशत के जिम्मेदार हैं।

पिछले महीने जहां केरल में औसत साप्ताहिक मामलों की संख्या 34,800 व 42,000 के बीच थी, वहीं राज्य में साप्ताहिक सकारात्मकता 13.9 प्रतिशत व 8.9 प्रतिशत के बीच थी। महाराष्ट्र में भी पिछले चार सप्ताहों में मामले बढ़ कर 18,200 से 21,300 हो गए हैं तथा साप्ताहिक सकारात्मकता 4.7 प्रतिशत से बढ़ कर 8 प्रतिशत हो गई है। चिन्ता का मुख्य कारण मुंबई के उपनगरीय क्षेत्र हैं जहां साप्ताहिक मामलों में 19 प्रतिशत वृद्धि हुई है। नागपुर, अमरावती, नासिक, अकोला और यवतमाल में साप्ताहिक मामलों में क्रमशः 33 प्रतिशत, 47 प्रतिशत, 23 प्रतिशत, 55 प्रतिशत व 48 प्रतिशत वृद्धि हुई है। इससे विशेषज्ञों को चिन्ता है कि नए स्ट्रेन जो अत्यधिक संक्रमणीय और खतरनाक हैं, आसानी से उन लोगों में भी संक्रमण फैला सकते हैं जिनमें वायरस के प्रति एंटीबाडीज़ विकसित हो गई हैं। वास्तव में एम्स निदेशक रणदीप गुलेरिया ने चेतावनी दी है कि देश में हर्ड इम्युनिटी एक 'भ्रम' है क्योंकि सुरक्षा के लिए देश की जनसंख्या में कम से कम 80 प्रतिशत लोगों में एंटीबाडीज़ होनी चाहिए। हमारे जैसे गरीब देश के लिए जहां जनसंख्या के बड़े हिस्से को चिकित्सा बीमा की सुविधा नहीं प्राप्त है, इसका प्रभावी अर्थ यह है कि यदि हम इस वैश्विक महामारी से मुक्ति चाहते हैं तो हमें अपनी पूरी सतर्कता बरतनी होगी।

हमारे सामने विकल्प यही है कि नियमों का पालन करें अथवा खतरनाक वैश्विक महामारी का एक और चक्र झेलें। इस मामले में पसंद का निर्णय हमारे ही पास है।

# अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों की वापसी

### बाइडेन को सैनिक वापसी की प्रतिबद्धताओं पर पुनः विचार कर अफगानिस्तान की स्थितियों पर गौर करना चाहिए। इसमें उनका व्यक्तिगत अनुभव सहायक हो सकता है।



**भोपिंदर सिंह**
(लेखक सेवानिवृत्त सैनिक अधिकारी व पूर्व उप-राज्यपाल हैं)



**अफगानिस्तान** की स्थितियों तथा वहां से अमेरिकी सैनिकों की वापसी के बारे में निर्णय करते समय अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन को व्यक्तिगत अनुभव को आधार बनाना चाहिए। तीन जनवरी, 1973 को पहली बार तीस वर्षीय जो बाइडेन पहली बार अमेरिकी सिनेट में निर्वाचित हुए थे। केवल 24 दिन बाद 27 जनवरी, 1973 को 'वियतनाम में युद्ध समाप्त करने तथा शांति बहाल करने के समझौते' पर हस्ताक्षर हुए। दोनों पक्ष अच्छी तरह जानते थे कि इस समझौते का क्या परिणाम होगा। इस फर्जी 'शांति समझौते' से युद्ध से थक चुके अमेरिकी सैनिकों को 30 अप्रैल, 1975 को विमानों से बाहर निकाला गया। इसी दिन बाद में अमेरिकी सहयोगी दक्षिण वियतनाम का पतन हो गया और उसके नेता थियू ने गुस्से में कहा, 'अमेरिका ने स्वतंत्रता के लिए लड़ने में हमारी सहायता का वादा पूरा नहीं किया। इस लड़ाई में अमेरिका के 50,000 नौजवानों को अपने प्राण गंवाने पड़े।' तत्कालीन अमेरिकी राष्टंपति जेराल्ड फोर्ड ने अमेरिका की ओर से लड़े दक्षिण वियतनाम के दरवाजे खोलने के लिए इसी तर्क को आधार बनाया। हालांकि, युवा बाइडेन ने जोर दिया था कि अमेरिका की 'विदेशी नागरिकों को बाहर निकालने की कोई नैतिक या अन्य जिम्मेदारी नहीं है।' युवा बाइडेन की वीरता अपनी जगह, पर इस अलोकप्रिय युद्ध से अमेरिकी सैनिकों की वापसी से 'शांति समझौते' का लक्ष्य पूरा नहीं हुआ। 1995 में अमेरिकी सैनिकों ने संयुक्त राष्टं शांतिरक्षक बल की अंतिम टुकड़ी को उस समय सोमालिया से बाहर निकाला जब स्थानीय मिलिशिया बाहर निकलने वाले बलों पर गोली चला रहे थे। इसके बावजूद संयुक्त राष्टं महासचिव ने कहा था कि सोमालिया में शांति और सहायता के प्रयास जारी रहेंगे। यह बात जमीन पर बढ़ती सेनाओं के यथार्थ के एकदम विपरीत थी। अंतिम वापसी के पहले लगभग 100 संरा. शांतिरक्षक व 42 अमेरिकी सैनिक मारे गए थे।

महत्वपूर्ण रूप से अमेरिकी-संरा बलों का मुख्य दुश्मन लड़ाकू जनरल अदीद उस समय जीवित था तथा अपना असर बढ़ा रहा था। उम्मीद के अनुसार, जनरल अदीद ने जल्द ही स्वयं को सोमालिया का राष्टंपति घोषित कर दिया तथा देश में पूर्ण गृहयुद्ध छिड़ गया। उस समय तक बाइडेन केवल सामान्य सिनेटर नहीं थे, बल्कि 1988 में डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति उम्मीदवार बनने के लिए संघर्ष कर चुके थे। विदेश संबंधों पर अमेरिकी सिनेट समिति के लंबे समय से सदस्य रहने के कारण सोमालिया से सैनिकों की वापसी के तत्काल प्रभावों से बाइडेन को अलग नहीं रखा जा सकता है। अब 2011 की स्थितियों पर गौर करें। उस समय उप राष्ट्रपति बाइडेन को व्यक्तिगत रूप से एक और सैनिक वापसी के काम की जिम्मेदारी दी गई थी। इस बार यह वापसी ईराक से होनी थी, जबकि बाइडेन ने विदेश संबंधों की सिनेट समिति के अध्यक्ष के रूप में 2002 में सैनिक बलों के प्रयोग को अनुमति दी थी। जब 'दुश्मन' स्पष्ट रूप से पराजित नहीं हुआ था, उस समय 1,50,000 सैनिकों की वापसी घातक सिद्ध होनी थी। इससे अचानक खाली स्थान पैदा हुआ और आईएसआईएस में परिवर्तित अलकायदा ने कुछ ही महीने में 'खलीफत' की घोषणा कर दी और वह अधिकांश सीरिया-ईराक क्षेत्र में फैल गई। अन्य तत्वों के साथ ही अमेरिकी सैनिकों की समयपूर्व वापसी के कारण वैश्विक आतंक, क्षेत्रीय अस्थिरता तथा धार्मिक अतिवाद का जन्म हुआ। महत्वपूर्ण है कि बाइडेन ने व्यक्तिगत रूप से अमेरिकी सैनिकों की अनुपस्थिति में एक सर्वाधिक विवादास्पद, नस्ली व गैरजिम्मेदार स्थानीय व्यक्ति नूरी अल मालिकी को जिम्मेदारी सौंपी। 2014 में वापसी के स्पष्ट रूप से गलत निर्णय से पैदा इस नुकसान की भरपाई के लिए सैनिकों को वापस भेजना पड़ा। लगभग इसी समय बाइडेन अफगानिस्तान में सैनिक घटाने की पैरवी कर रहे थे और आतंकवाद-विरोधी गतिविधियों के लिए ईराक की तरह उनकी सीमित संख्या रखने के पक्ष में थे। लेकिन राष्टंपति बराक ओबामा ने जनरलों की सलाह मानी जिनका निर्णय बाइडेन की पैरवी के उलट था।

2021 में राष्ट्रपति बाइडेन को डोनाल्ड टंप का निर्णय विरासत में मिला है जिसमें अफगानिस्तान व सोमालिया से अमेरिकी सैनिकों की पूर्ण वापसी शामिल है जहां एक बार फिर 'दुश्मन' क्रमशः तालिबान व उसके सहयोगियों तथा अल शबाब के रूप में उभर रहा है और भयानक जवाबी कार्रवाई के लिए तैयार हो रहा है। सोमालिया से सैनिकों की वापसी हो चुकी है और इससे प्रभावित क्षेत्र फिर खतरनाक रूप से खाली है। क्षेत्रीय व वैश्विक आतंक के केन्द्र के रूप में अफगानिस्तान में बहुत कुछ दांव पर लगा है। यहां सैनिकों की पूर्ण वापसी की तारीख 1 मई, 2021 है, जबकि सैनिकों की वर्तमान संख्या 2,500 है जो 2011 में 1,00,000 थीं। यह तालिबान से 'शांति समझौते' के परिणामस्वरूप होगा जो ऐसी वापसी को अपने तरीके से देख रहे हैं तथा लगातार समझौते का उल्लंघन करते रहे हैं। यह कल्पना करना कठिन है कि हत्यारे तालिबानों के सामने घेरेबंद काबुल की रक्षा 2,500 सैनिक कर सकेंगे, जबकि एक समय 1,00,000 से अधिक सैनिक यह दबाव झेलने की स्थिति में नहीं थे। ऐसे में किसी मामूली घटना से भी स्थिति भयावह हो सकती है।

इतिहास को देखते हुए अफगानिस्तान में 'आतंकवाद विरोध स्तर' का व्यावहारिक तर्क ठीक नहीं बैठता है। अपरिहार्य स्थितियों की कल्पना किए बिना प्रतिबद्धताओं पर आंख बंद कर विश्वास करने से उस कीमत की अनदेखी होगी जो पिछले 20 साल में लोगों के जीवन व संसाधनों के विनाश के रूप में सामने आई है। इसके साथ ही एक आतंकवादी संप्रभु की स्थापना हो सकती है। हाल ही में अमेरिकी कांग्रेस द्वारा नियुक्त एक निष्पक्ष अफगान अध्ययन समूह ने नतीजा निकाला है कि अब तक शर्तों के बारे में तालिबान की प्रतिबद्धता ठीक नहीं है। उसने संभावित खूनी गृहयुद्ध की संभावना व्यक्त करते हुए 1 मई की समयसीमा छोड़ने या उसका विस्तार करने का सुझाव दिया है। बाइडेन को पहले की गई अमेरिकन सैनिकों की वापसी और अमेरिका के लिए उसके नतीजों के बारे में अपनी स्मृति और अनुभवों पर विश्वास करना चाहिए। अमेरिका के वैश्विक हस्तक्षेप विरले ही सफल हुए हैं और बीच रास्ते में पीछे हटने से स्थितियां खराब हुई हैं।

समय महत्वपूर्ण है और अफगानिस्तान की वर्तमान स्थितियों को देखते हुए यह अमंगलकारी हो सकता है। बाइडेन को सैनिक वापसी की प्रतिबद्धताओं पर पुनः विचार कर अफगानिस्तान की स्थितियों पर गौर करना चाहिए। इसमें उनका व्यक्तिगत अनुभव सहायक हो सकता है।

# विनियमन संबंधी अड़चनों को दूर करना जरूरी

> "यदि सरकार देश में विकास की तेज गति देखना चाहती है, तो नियामक बाधाओं को जल्द से जल्द दूर किया जाना चाहिए।"



**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)

**कुछ** दिनों पहले देश की सर्वोच्च अदालत ने एक नीतिगत मुद्दे से संबंधित एक निश्चित मामले में एक सटीक नियामक इरादे और कार्रवाई बिंदु पर कोई प्रदर्शन नहीं करने के लिए एक सरकारी विभाग को दो सप्ताह का नोटिस दिया था। सरकारी विभाग ने सर्वोच्च न्यायालय को अपनी प्रतिक्रिया में उल्लेख किया था कि वह कुछ विनियमन पर विचार कर रहा था।

इस बीच, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद के फर्श सहित विभिन्न मंचों में दोहराया है कि कैसे नौकरशाही को विमानों को चलाने और कारखानों को चलाने के लिए सौंपा जा सकता है। नागरिकों को धन और नौकरी के रचनाकारों का सम्मान करना चाहिए, क्योंकि एक गतिशील विश्व व्यवस्था में यह व्यवसाय का सरकार का व्यवसाय नहीं है। पूरी तरह से योग्यता-आधारित अर्थव्यवस्था का यह वादा, सात साल पहले मतदाताओं का ध्यान खींचने वाले प्रमुख दावों में से एक था, जब तक बुरी सोच पर आधारित आत्म तीव्र पराजयकारी आलोचना ने राज्य नियंत्रित कठोर समाजवादी व्यवस्था को वापस लाने का जतन नहीं किया था।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इरादा जाहिर किया था जब उन्होंने उल्लेख किया कि, ''सरकार का इरादा अधिकतम शासन, न्यूनतम सरकार है'', अपने बजट भाषण के दौरान (दूसरी बार इस वाक्यांश को सुना गया था) दो-कार्यकाल के शासन में।

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के दो कार्यकाल के शासन के सात वर्षों में क्या स्थानांतरित हुआ है, यह अर्थव्यवस्था और उसके निर्धारकों की प्रकृति और पूर्वानुमानशीलता और व्यापार वार्ता की बहुपक्षीय उच्च तालिका का लगभग अंत है। इसलिए, सरकार के लिए व्यापार से बाहर निकलने का समय है। उदाहरण के लिए, भारत के इमरजेंसी रिस्पांस टीम (सीईआरटी-इन) के लिए वित्तीय क्षेत्र के संगठनों के लिए सलाह के साथ अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए बिचौलियों को सलाह देने हेतु, नवंबर 2020 में एक खराब-व्याख्यायित प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) परिपत्र जारी किया गया था, जिसका उद्देश्य सेवा (सास) आधारित समाधान और भारत की कानूनी सीमाओं के भीतर महत्वपूर्ण डेटा रखते हुए महत्वपूर्ण प्रणालियों पर पूर्ण सुरक्षा और निर्बाध नियंत्रण सुनिश्चित करना है।

सास एक अपेक्षाकृत नई अवधारणा है जहां सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) समाधान लगभग ग्राहक के परिसर में इंटरनेट पर प्रवाहित होते हैं, हालांकि सॉफ्टवेयर का स्वामित्व तीसरे पक्ष के विक्रेता द्वारा संचालित या आयोजित किया जा सकता है।

जैसा कि यह हमेशा वैश्विक कंपनियों के साथ होता है, जिसमें बैंकों या उनके मध्यस्थों की बहु-भूगोल की उपस्थिति शामिल होती है, आईटी प्रक्रियाएं श्रृंखला में समान होती हैं और इसलिए, एक केंद्रीयकृत कार्यालय में सॉफ्टवेयर समाधानों की खरीद की जाती है। इस तरह के क्लाउड स्टोरेज और समाधानों के वितरण के कई संभावित फायदे हैं, जिसमें ग्राहक नहीं तो प्रत्येक भूगोल के लिए कई और जटिल प्रक्रियाओं को खोजने की कोशिश से लागत बचत शामिल है; वर्दी और विश्व स्तर पर स्वीकृत अंतर-सुरक्षित और सुरक्षित सुरक्षा उपाय; ऊपर और नीचे स्केलिंग के साथ फुर्तीला होने और एमस्ट क्लटर-मुक्त आईटी विभाग चलाने के स्पष्ट लाभों के अलावा।

बताते चलें कि सेबी परिपत्र, जिसमें कहा गया है कि, भारत सरकार ने सेबी को सूचित किया है कि वित्तीय क्षेत्र की संस्थाएं अपने शासन, जोखिम और अनुपालन (जीआरसी) कार्यों के प्रबंधन के लिए सास-आधारित समाधानों का लाभ उठा रही हैं या सोच रही हैं ताकि सुधार हो सके।

उनकी साइबर सुरक्षा मुद्रा। जैसा कि आईटी मंत्रालय ने देखा है, हालांकि सास व्यापार करने में आसानी और त्वरित बदलाव कर सकती है, लेकिन यह वित्तीय क्षेत्र के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण जोखिम ला सकती है, क्योंकि संस्था के कई जोखिम और अनुपालन डेटा कानूनी और न्यायिक सीमा से परे चले जाते हैं। भारत के साझा क्लाउड सास की प्रकृति के कारण, जिससे डेटा सुरक्षा और सुरक्षा के लिए खतरा पैदा होता है, महत्वपूर्ण भ्रम पैदा करता है।

स्वाभाविक रूप से, कुछ उद्योग संघों ने परिपत्र की प्रकृति और दायरे पर स्पष्टीकरण प्राप्त करने के लिए सेबी तक पहुंचने की कोशिश की। बार-बार प्रयास करने के बाद जब वे नियामक का ध्यान आकर्षित करने में सफल रहे, तो अधिकारियों को लगता था कि उनके पास अगले विभाग को रुपये देने के अलावा कोई महत्वपूर्ण समाधान नहीं है। यह ध्यान दिया जा सकता है कि सर्कुलर में व्यवसाय करने में आसानी में सुधार के लिए सास की आलोचना का उल्लेख है, लेकिन इसका कारण देने में विफल रहता है, और एक ही समाधान साइबर स्पेस की दृष्टि से एक समस्या कैसे हो सकता है। इससे पता चलता है कि नौकरशाही और सरकारी विभाग किस तरह एक नए युग की डिजिटल अर्थव्यवस्था के साथ जूझ रहे हैं, जिसे वे एक पुरानी दुनिया के लाइसेंस शासन के साथ विनियमित करने की कोशिश कर रहे हैं।

हाइड्रा के नेतृत्व वाले नियामक शासन का एक अन्य पहलू इंट्रा-सरकारी विभागों द्वारा नियमों का दोहराव है जो बाजार के खिलाड़ियों के एक ही समूह को विनियमित करने की कोशिश कर रहा है। हालांकि, निवेश लाना, नौकरियां पैदा करना, सरकार को तंग पट्टे के शासन से हटाना और द्विपक्षीय/बहुपक्षीय रूपों में एक महत्वपूर्ण बात कहना कभी-कभी जटिल और धीमी खींची गई बातचीत को कम से कम कहना होता है।

यदि सरकार विकास की तेज गति देखना चाहती है, तो विनियमन संबंधी बाधाओं को दूर किया जाना चाहिए।

## फरमाया



**विशेष** राज्य का दर्जा मिलने पर ही तीव्र औद्योगीकरण का होना संभव है और यह वादा सदन के पटल पर किया गया था और विभाजन की पूर्व शर्त थी।

– **जगनमोहन रेड्डी**
आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री



**मैं** घोषणा करता हूं कि अमेरिका कोवैक्स के लिए दो बिलियन डॉलर का संकल्प लेता है और अतिरिक्त दो बिलियन डॉलर अन्यों से ऐसा करने का आग्रह करने के लिए।

– **जो बाइडेन**
अमेरिकी राष्ट्रपति



**मैं** निवेश और विस्तार के लिए प्रतीक्षा कर रही हूं और दूखना चाहती हूं कि निजी क्षेत्र में अपने भाव प्रदर्शित करे।

– **निर्मला सीतारमण**
केंद्रीय वित्तमंत्री

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

## बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं

**पिछले** दिनों सीधी, खंडाला और जलगावं में हुए भीषण सड़क हादसों में 70 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई और दर्जनों घायल हो गए। उल्लेखनीय है की विश्व बैंक की ताज़ा रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के कुल वाहनों में से भारत में सिर्फ 1 प्रतिशत हैं मगर दुनिया भर में सड़क दुर्घटनाओं से मरने वालों में भारत के 11 प्रतिशत लोग हैं, जो विश्व में सबसे अधिक है। देश में प्रति वर्ष लगभग 4.5 लाख सड़क दुर्घटनाएं होती हैं, जिसमें 1.5 लाख लोग मारे जाते हैं। हाल ही में सरकार ने सियाम द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में उन रिपोर्टों पर चिंता व्यक्त की जिनमें बताया गया है कि ऑटोमोबाइल निर्माता भारत में जानबूझ कर डाउनग्रेड किए गए सुरक्षा मानकों के साथ वाहन बेच रहे हैं। ये खबरें बताती हैं की सड़क सुरक्षा के प्रति हम कितने लापरवाह हैं। सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए हमें बहुत से मोर्चों पर एक साथ और ईमानदारी से काम करना होंगा जैसे सड़कों की हालत और डिजाइन सुधारना, सार्वजनिक यातायात को सर्वसुलभ और सुगम बनाना, ड्राइविंग लाइसेंस और गाड़ियों की फिटनेस में से भ्रष्टाचार ख़त्म करना, वाहनों को अधिक सुरक्षित बनाना, घटिया कलपुर्ज़ों पर लगाम लगाना, सड़कों पर अतिक्रमण हटाना, आदि।

– **बृजेश माथुर**, गाज़ियाबाद

## पाक में अहमदियों पर हमले

**ये** सिर्फ एक साल की ही कहानी नहीं है बल्कि पाकिस्तान का ये एक इतिहास है और काफी लंबा इतिहास है। अहमदिया या कादियानी न ही अपने आप को सीधे या परोक्ष रूप से मुसलमान कह सकते हैं और न ही अपने धर्म को इस्लाम कह सकते हैं। पाकिस्तान का संविधान अहमदिया लोगों को मुसलमान नहीं मानता हैं। 19वीं शताब्दी में ब्रितानी शासन काल में उत्तरी भारत में शुरू हुआ अहमदिया आंदोलन अपने आप को इस्लामी विचारधारा का अभियान मानता है और कुरान के आदेश का पालन करता है। हालांकि, रूढ़िवादी मुसलमान इसे विधर्मी मानते हैं, क्योंकि अहमदिया लोग पैगंबर मोहम्मद को इस्लाम का अंतिम पैगंबर नहीं मानते। रूढ़िवादी मुसलमानों का मानना है कि मोहम्मद इंसानों को राह दिखाने वाले आखिरी पैगंबर थे और ऐसा ही कुरान में भी वर्णित है। पाकिस्तान में अहमदिया मुसलमान हमलों का शिकार होते रहे हैं व साल 2010 में हुए एक हमले में 93 लोग मारे गए थे एंव 26 नवंबर को जारी ह्यूमन राइट्स वॉच की एक रिपोर्ट के मुताबिक़ जुलाई 2020 के बाद से पाकिस्तान में अहमदिया समुदाय के लोगों को निशाना बनाकर किए गए हमलों में पांच लोग मारे जा चुके हैं।

– **निधि जैन**, लोनी, गाज़ियाबाद

## मातृभाषा का सम्मान हो

**हर** वर्ष 21 फरवरी को अंतररष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया जाता हैं जिसका उद्देश्य कई भाषाओं को चिंताजनक स्थिति तथा उन्हें भविष्य में लुप्त होने से बचाए जाने से है। इस वर्ष इसका विषय समावेशी शिक्षा और समाज के लिए बहु-भाषिता को प्रोत्साहन देना है। यह दिवस भारत के लिए और भी महत्वपूर्ण है क्योंकि 2018 के भाषाई जनगणना के अनुसार भारत में लगभग 19500 भाषाएं और बोलियां हैं। जिनमें से कई भाषाएं और बोलियो की स्थिति चिंताजनक है। कोस-कोस पर पानी बदले, चार कोस पर वाणी ही भारतीय होने की पहचान है। व्यक्ति के चहुंमुखी विकास के सृजन हेतू उसके शुरुआती जीवन में मातृभाषा की महत्वपूर्ण भूमिका होती हैं, अन्य भाषाओं की तुलना में मातृभाषा में ग्रहणशीलता की संभावना अधिक रहती है। लेकिन आज समाज ऐसी किंवदंतियों से ग्रसित हैं जो मातृभाषा में संवाद या शिक्षा को हीन तथा अंग्रेजी को सभ्य होने का द्योतन मानता है। गांधी जी ने भी कहा है-यदि अंग्रेजी में पढ़ें लिखे लोग अपनी मातृभाषा को नजरंदाज करते हैं तो हमें भाषाई विपन्नता जकड़ लेगी।

– **श्रीनिवास पंवार**, दिल्ली

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर पुरस्कार, सम्मान के लिए 27 तक आवेदन आमंत्रित

**कवर्धा।** महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी आनंद तिवारी ने बताया कि साहित्य, संस्कृति शिक्षा, समाज सेवा, महिलाओं विशेषकर संवेदनशील और पिछड़े क्षेत्रों की महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए महिलाओं को उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्य हेतु इस वर्ष 8 मार्च 2021 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राज्य स्तर पर सम्मान, पुरस्कार प्रदाय किया जाना है। उन्होंने बताया कि यह सम्मान निम्नानुसार क्षेत्रो में उत्कृष्ट कार्य, योगदान के लिए प्रदाय किया जाएगा, जिसमें साहित्य के क्षेत्र में, लोककला एवं सांस्कृतिक के क्षेत्र मेंए जो स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा दे, शिक्षा के क्षेत्र में, महिला एवं बच्चों के विकास के लिए किए गए सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य जिससे महिलाओं एवं बच्चों के जीवन स्तर में सुधार हुआ हो।

## श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए भेजी राशि

**कुम्हारी।** समीपस्थ ग्राम पाहंदा (अ) में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र मंदिर निर्माण के लिए निधि समर्पण महाअभियान के तहत ग्राम पाहंदा के हृदय स्थल मुख्य हनुमान मंदिर से श्री राम भक्तों के द्वारा जन जागरण द्वारा अभियान का एक माह छटवें दिन पूर्ण करने के साथ ही आसपास के क्षेत्र में राममय बनाने एवं जन जागरण के लिए रामभक्तों द्वारा प्रभु श्रीराम जी की प्रणकुटी से मंदिर निर्माण के लिए जन जागरण किया एवं ग्राम पाहंदा (अ) से समर्पण निधि 2 लाख 30 हजार 823 रू श्रीराम मंदिर के लिए समस्त ग्रामवासियों की ओर से निधि प्रमुख के द्वारा बैंक आफ बड़ौदा के माध्यम से अयोध्या में समर्पण किया गया इसकी जानकारी निधि प्रमुख टीकाराम साहू द्वारा दी।

## कौशल उन्नयन प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित

**कवर्धा।** जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज, महराजपुर अंतर्गत प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना एवं मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत निःशुल्क कौशल उन्नयन प्रशिक्षण के लिए इच्छुक आवेदकों से आवेदन आमंत्रित है। कबीरधाम जिले के ऐसे प्रशिक्षण इच्छुक आवेदक जिनकी न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 8 वी एवं 10 वी उत्तीर्ण व्यवसायवार अलग-अलग निर्धारित, आयु 18 से 45 वर्ष है, कौशल विकास प्रशिक्षण हेतु आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। आवेदित व्यवसायों में कम्प्यूटर प्रशिक्षण, सिलाई, दो पहिया वाहन रिपेरिंग, इलेक्ट्रिशियन, रिटेल, इलेक्ट्रोनिक्स व्यवसाय में प्रशिक्षण प्राप्त करने आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

## अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऋचा मिश्रा ने संभाला कार्यभार

**कवर्धा।** कबीरधाम पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के द्वारा छ.ग. शासन गृह (पुलिस) विभाग , मंत्रालय , महानदी भवन , रायपुर के आदेश के माध्यम से अतिरक्त पुलिस अधीक्षक ऋचा मिश्रा का रेडियो, भिलाई से जिला कबीरधाम स्थानातंरण पश्चात् पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचने पर पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के द्वारा पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत कर बधाई दिये साथ ही कबीरधाम जिले के अंतर्गत बेसिक पुलिसिंग की जानकारी दी गई।

### टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता में वनांचल क्षेत्र के 32 टीमों ने लिया हिस्सा

# आमाखोरा तथा ग्राम कन्हारी में क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन

### समारोह में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने पहुंचे पुलिस अधीक्षक

पायनियर संवाददाता ▸ कवर्धा
www.dailypioneer.com

पुलिस द्वारा जिले में लगातार जनता और पुलिस के बीच बेहतर संबंध स्थापित करने पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के निर्देशन एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय पी.आर. कुजूर, अनुविभागीय अधिकारी बोडला अजीत ओगरे के मार्गदर्शन में जिले के सभी थानों/चौकी में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत विभिन्न कार्यक्रम तथा ग्राम वासियों के बीच जाकर चौपाल लगाकर अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों से बचने कबीरधाम जिले को अपराध मुक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है, इसी तारतम्य में -05/फर/2021 से 22/फर 2021 तक थाना रेंगाखार प्रभारी निरीक्षक राकेश लाकड़ा के कुशल नेतृत्व में वनांचल क्षेत्र के नक्सल प्रभावित ग्राम आमाखोरा तथा ग्राम कन्हारी में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया आयोजन में वनांचल क्षेत्र के कुल 32 टीमों ने क्रिकेट प्रतियोगिता में हिस्सा लिया जिनके उत्साहवर्धन के लिए फाइनल मैच में पुलिस अधीक्षक के द्वारा स्वयं



ग्राम आमाखोरा तथा ग्राम कन्हारी जाकर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया गया, उपस्थित सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खिलाड़ियों के साथ क्रिकेट का खेल खेले तथा मैच देखने आए ग्रामीणों से मुलाकात कर क्रिकेट प्रतियोगिता के रोमांचक मैच का आनंद लिया *आमाखोरा में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच ग्राम उसरवाही और आमाखोरा के बीच खेली गई जिसमें उसरवाही अपना बेहतर प्रदर्शन कर जीत हासिल किया जिसे पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रथम पुरस्कार स्वरूप 14000/- नगद राशि एवं शील्ड प्रदान किया गया वहीं दूसरे स्थान पर रहे ग्राम आमाखोरा को द्वितीय पुरस्कार स्वरूप 7000/. नगद एवं शील्ड प्रदान किया गया तृतीय स्थान पर रहे ग्राम रामपुरप्लाट को 3000/. नगद पुरस्कार तथा शील्ड प्रदान किया गया।

साथ ही ग्राम कन्हारी में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता* में प्रथम स्थान ग्राम जुनवानी द्वितीय स्थान पर रहे ग्रामकन्हारी की टीम को उचित इनाम व शील्ड प्रदान किया गया,उपस्थित सभी वरिष्ठ नागरिक एवं वनांचल क्षेत्र के ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक के द्वारा आसपास के जिले में घटित अपराधों के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया साथ ही उनसे बचने के उपाय भी बताए गए आमतौर पर जागरूकता के अभाव में आजकल ग्रामवासी ठगी के शिकार हो रहे हैं यदि कोई सोना चांदी सफाई करने या एक तोला सोना को 2 तोला बनाने कि लुभावने प्रस्ताव देते हैं तो उनके झांसे में ना आए एटीएम मशीन में पैसे निकालते समय अपना पिन गोपनीय रखते हुए मशीन में अंकित करें किसी को भी एटीएम कार्ड इस्तेमाल ना करने दें अपना आधार नंबर पैन कार्ड नंबर वह बैंक अकाउंट किसी से शेयर ना करने तथा मोबाइल का उपयोग सावधानीपूर्वक करने कहा गया मोबाइल पर किसी भी प्रकार की बैंक संबंधी जानकारी मांगने पर ना देने मोटरसाइकिल पर चलते वक्त हेलमेट का इस्तेमाल करने तीन सवारी ना चलने वाहन के दस्तावेज हमेशा पूर्ण रखने तथा किसी भी अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों का जो आपके गांव या क्षेत्र के नहीं है क्षेत्र में घूमते हुए दिखते हैं तो ऐसे व्यक्तियों की जानकारी थाने में अवश्य देवें ताकि भविष्य में किसी घटना को अंजाम देने के पूर्व उसे डाला जा सके और वनांचल क्षेत्र को पूर्णता सुरक्षित रखा जा सके कहा गया साथ ही विजेता टीम को बधाई दी गई।

## ग्राम पंचायत भैसा में प्रज्ञा निर्वाणी पहुंची मोहल्ला क्लास

पायनियर संवाददाता ▸ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



लॉक डाउन में अगर सबसे ज्यादा प्रभावित हुई है तो बच्चों की पढ़ाई, खासकर ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों की क्योंकि शहरी बच्चों के अभिभावक अपने अपने नौ निहालो को मोबाइल और आन लाइन क्लास दिला रहे थे पर गांव के बच्चों की पढ़ाई पूरी तरह स्थानीय शिक्षकों के प्रयासों पर टिकी रही, ग्राम पंचायत भैसा में खुले मंच के नीचे चल रहे मोहल्ला क्लास को देखकर क्षेत्र भ्रमण में निकली जिला पंचायत सदस्य ने रुक कर बच्चों से न सिर्फ मुलाकत की बल्कि उनकी क्लास भी ली,भैसा कर्चुवा मार्ग में सामुदायिक मंच पर कक्षा 8 वी की क्लास में संदीप पांडेय क्लास लेते दिखे, लगभग 12-15 लड़के लड़किया मोहल्ला क्लास की खुली कक्षा में पढ़ रहे थे,स्कूली छात्रों से परिचय के बाद प्रज्ञा निर्वाणी ने उनकी किताबों से प्रश्न पूछे शिक्षक संदीप पांडेय के सामने छात्राओं ने उपस्थित छात्रों से ज्यादा सटीक और निर्भीक जवाब दिए लड़कियों के जवाब सुन जिला पंचायत सदस्य ने कहा हमारे गांव की छोरियां तो छोरों से कम नही बल्कि बहुत आगे हैं, सभी बच्चे खिल खिला कर हंस पड़े, शिक्षक संदीप पांडेय ने बताया कि किस तरह लॉक डाउन के दौरान मोहल्ला क्लास के माध्यम से पढ़ाते आ रहे है, पर बच्चों के हौसले को देखकर उन्हें भी अच्छा लगता है,हालांकि सरकार ने 9 से लेकर 12वी तक कि कक्षाओं को खोलने की अनुमति प्रदान कर दी है। प्रज्ञा निर्वाणी ने छात्र छात्राओं को अगली कक्षाओं में आने पर स्टोरी बुक देने का आश्वासन दिया। उन्होंने छात्रा कुमारी कांति साहू को हर जवाब सही देने पर शाबासी देते हुए कहा गांव के स्कूल से पढ़कर मैं भी आगे आई हूं, अगर हम ठान ले तो आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। अपने बीच इस तरह अचानक आये टीचर को पाकर बच्चे बहुत खुश थे।

## स्ट्रेस मैनेजमेंट के लिए मितानिन ट्रेनरों का कार्य शाला

पायनियर संवाददाता ▸ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय स्ट्रेस मैनेजमेंट (तनाव प्रबंधन) विषय पर मितानिन ट्रेनरों का संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। सोमवार को बेमेतरा जिला मुख्यालय के एक होटल में आयोजित तनाव प्रबंधन कार्यशाला में नवागढ व बेमेतरा ब्लॉक की 54 मितानिन ट्रेनरों को प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य मितानिन ट्रेनरों को तनाव का मानसिक, भावनात्मक और शारीरिक स्वास्थ्य पर दूरगामी प्रभावों को समझाने और तनाव से निपटने के लिए पहचान व प्रबंधन पर जानकारी दी गई। बलौदाबाजार जिला अस्पताल से पहुंचे मनोचिकित्सक डॉ. राकेश कुमार प्रेमी ने ÷स्ट्रेस मैनेजमेंट÷ पर व्याख्यान की शुरुआत मानसिक तनाव का प्रबंधन कर तनाव से बचने के विभिन्न उपायों के बारे में चर्चा से की। डॉ. प्रेमी ने तनाव को दूर करने के लिए शाररिक सक्रियता बढाने के लिए खेल-खेल के माध्यम से जानकारियां दी। इसी तरह मोटिवेशनल विडियो स्पीच क्लीप को देखने, सकारात्मक सोच, संगीत, चिकन डांस, गहरी सांस लेना, योगा व प्राणायाम सहित जीवन कौशल विकास पर आधारित जानकारियां दी गई। बलौदाबाजार की एनसीडी जिला कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सुजाता पांडेय ने बताया, चिकन डांस से ब्रेन को रिलेक्सेशन महसूस होता है। इससे शरीर के अंगों में तरंग व शांत मन अचानक से चहक उठता है। तनाव को लेकर मन में आने वाले नकारात्मक सोच गायब हो जाते हैं। नृत्य को एक विकासवादी उपहार के रूप में देखा जा सकता है जो अपनी संज्ञानात्मक दिशा, भावनात्मक प्रभाव और शारीरिक ऊर्जा के माध्यम से, नृत्य तनाव को रोकने, कम करने और भगाने का एक साधन है।

## थलसेना भर्ती रैली का आयोजन 3 मार्च से 12 मार्च तक दुर्ग में

पायनियर संवाददाता ▸ कवर्धा
www.dailypioneer.com

भारतीय थलसेना द्वारा छत्तीसगढ़ के युवाओं हेतु भर्ती रैली का आयोजन पंडित रविशंकर शुक्ल आऊटडोर स्टेडियम, दुर्ग में 03 मार्च से 12 मार्च 2021 तक किया जाएगा। इस रैली में सैनिक सामान्य ड्यूटी (जीडी), सैनिक लिपिक (क्लर्क), स्टोर कीपर, सैनिक तकनीकी, सैनिक नर्सिंग सहायक, सैनिक नर्सिंग सहायक (वेटेनरी), सैनिक ट्रेडमेन पदों पर भर्ती की जाएगी। इस भर्ती रैली में वे ही अभ्यर्थी सम्मिलित हो सकते है, जिन्होंने पूर्व में आयोजित थलसेना भर्ती रैली, कवर्धा हेतु थलसेना की वेबसाईट में 16 फरवरी से 31 मार्च 2020 को अपना ऑनलाईन पंजीयन, आवेदन किया है। भर्ती रैली के लिए अभ्यार्थियों को और अलग से ऑनलाईन पंजीयन, आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। भर्ती रैली हेतु अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र (एडमिट कार्ड) थलसेना की वेबसाईट ण्रवपदपदकपंदंतउलण्दपबण्पद में जाकर या अभ्यर्थी अपने ईमल आईडी से 17 फरवरी से 2 मार्च 2021 तक डाउनलोड कर प्राप्त कर सकते है। उक्त भर्ती रैली में सम्मिलित होने वाले अभ्यार्थियों को शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, छत्तीसग? निवास प्रमाण पत्र, स्थाई जाति प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र (रैली से दिनांक 3 महीने के अन्दर जारी हुआ), 10 रूपए के गैर न्यायिक स्टाम्प पेपर पर दिये प्रारूप अनुसार शपथ पत्र नोटरी द्वारा सत्यापित, हाल में ही खीचा गया 20 रंगीन पासपार्ट साईज के फोटो, प्रवेश पत्र में जारी उपस्थिति दिनांक के 3 दिवस पूर्व अभ्यर्थी को डॉक्टर द्वारा जारी कोरोना टेस्ट का सर्टिफिकेट, निर्धारित प्रपत्र में पिता, अभिभावक का नो रिस्क प्रमाण पत्र साथ में लाना होगा। साथ ही अभ्यर्थी को एक कागज पर अपना ग्राम, पोस्ट, तहसील, तारघर व पिनकोड अंग्रेजी के कैपिटल लेटर में लिख कर ले जाना है। यदि अभ्यर्थी भूतपूर्व, सेवारत सैनिक पुत्र हो तो प्रमाण पत्र, स्कूल, कॉलेज, राज्य, राष्ट्रीय-अंतराष्ट्रीय खिलाड़ियों हो तो प्रमाण पत्र, एनसीसी कैडेट हो तो एनसीसी प्रमाण पत्र लेकर जाना होगा।

## खरीफ विपणन में संभावित अतिशेष धान की ई-नीलामी के लिए क्रेता पंजीयन व प्रक्रिया की दी जानकारी

**बालोद।** कलेक्टर जनमेजय महोबे ने मंगलवार को शासन के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 में जिले में संभावित एक लाख 34 हजार 370 मेट्रिक टन अतिशेष धान की ई-नीलामी हेतु क्रेता पंजीयन, अर्हता एवं प्रक्रिया के संबंध में जिले के राईस मिलर्स की बैठक संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में ली। बैठक में ई-नीलामी हेतु क्रेता पंजीयन, अर्हता एवं प्रक्रिया के संबंध में दिशानिर्देश आदि की जानकारी दी गई। जिला विपणन अधिकारी शशांक सिंह ने बताया कि संभावित अतिशेष धान की नीलामी हेतु खुली निविदा के माध्यम से मेसर्स एन.सी.डी.ई.एक्स. ई-मार्केट्स लिमिटेड को ऑनलाईन ई-ऑक्शन प्लेटफार्म संचालनकर्ता के रूप में चयनित किया गया है। उन्होंने बताया कि ऑनलाईन प्लेटफार्म पर संभावित अतिशेष धान की ई-नीलामी हेतु क्रेता पंजीयन की कार्यवाही 18 फरवरी 2021 से प्रारंभ की जा चुकी है। ई-ऑक्शन प्लेटफार्म पर क्रेता पंजीयन की अर्हता व धान की नीलामी की नियम एवं शर्तें खाद्य विभाग की वेबसाईट खाद्य डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन, मार्कफेड की वेबसाईट सीजीमार्कफेड डॉट इन एवं मेसर्स एन.सी.डी.ई.एक्स.ई-मार्केट्स लिमिटेड की वेबसाईट एनईएमएल डॉट इन पर विस्तृत रूप से उपलब्ध है।

## खून की कमी से महिला बिस्तर पर, घर पहुंचकर टीम ने इलाज शुरू की

### चार माह में रिसाली क्षेत्र के 356 पहुंचे इलाज के लिए बड़े अस्पताल

पायनियर संवाददाता ▸ रिसाली
www.dailypioneer.com



**एक नजर**

योजना शुरू - 2 नवंबर 2020
अबतक पहुंचे - 9962
रेफर - 356
पैथालॉजी जांच कराया - 2509
दवा ली - 7143

मौहारी भाठा वार्ड 15 में मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना की टीम गंभीर रूप से बीमार महिला का स्वास्थ्य परीक्षण कर ईलाज शुरू किया। दरअसल महिला चल नहीं पा रही थी। इस बात की जानकारी मिलते ही टीम के सदस्य घर पहुंचे और जांच के बाद दवाईयां दी। मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत सेवाए देने वाले टीम में शामिल सदस्यों ने बताया कि, उन्हें सूचना मिली थी कि 25 वर्षीय महिला बिस्तर पर है। वह चल नहीं पा रही है। जानकारी मिलते ही टीम महिला के घर पहुंची और घर पर ही जांच की। शरीर में खून की कमी होने पर तत्काल ईलाज शुरू किया गया। परिवार के सदस्यों को आवश्यक निर्देश दिए। मंगलवार को रिसाली निगम क्षेत्र में लगाए शिविर में 177 ने जांच कराकर 127 लोगों ने दवा ली।

**एक खुराक में ठीक लगा**

क्षेत्र की मितानीन सावित्री निर्मलकर बताती है कि उसे खासी की शिकायत थी। घरेलू उपचार में ठीक नहीं होने पर वह शिविर में आई। डॉक्टर को तकलीफ बताने पर उसे दवाई दी। एक खुराक लेने के बाद उसकी खांसी बंद हो गई।

**फायदा हुआ तो दोबारा आई**

बजरंग पारा निवासी पुष्पा जांगड़े ने बताया कि खून की कमी होने का आभास उसे नहीं था। मोबाइल हेल्प यूनिट में आने से जानकारी हुई। वर्तमान में वह दवाई लेने के बाद बिल्कुल ठीक है। अब वह अपने बेटे का ईलाज करा रही है। उसे चर्म रोग की शिकायत है।

नगर पालिक निगम रिसाली क्षेत्र की आबादी 1 लाख से अधिक है। यहां स्लम एरिया भी है। जहां पर शासन की योजना के तहत शिविर के लिए कार्यक्रम तैयार कर उसका क्रियान्वयन किया जा रहा है। शिविर स्थल पर श्रम विभाग में पंजीयन कराने हितग्राहिंों को प्रेरित किया जा रहा है। वर्तमान स्थिति में 1049 पंजीकृत है वहीं 1216 लोगों ने पंजीयन के लिए आवेदन दिया है।

**प्रकाश कुमार सर्वे,** आयुक्त नगर पालिक निगम रिसाली

## एसपी ने किया थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा का परेड व वार्षिक निरीक्षण



**बेमेतरा।** पुलिस अधीक्षक बेमेतरा दिव्यांग पटेल ने थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा का परेड व वार्षिक निरीक्षण किया। एसपी द्वारा परेड निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों का मनोबल बढाये जाने के साथ ही कोरोना काल में बचाव के साथ कानून व सुरक्षा व्यवस्था को बनाये रखते हुए बेहतर पुलिसिंग के बारे में निर्देश दिया गया। एसपी ने परेड निरीक्षण के दौरान पुलिस जवानो को हमेशा खुश रहने का टिप्स दिये व उनकी समस्याओं को सुनते हुए यथोचित निराकरण का आश्वासन दिया गया। थाना की जप्ती माल, मालखाना, जप्ती रजिस्टर, जरायम, शिकायत, डियुटी रजिस्टर, मुर्त रजिस्टर, थाना की अन्य रजिस्टर व तख्ती चेक किये। एवं थाना की साफ सफाई हेतु विशेष ध्यान रखने तथा लंबित अपराधो, मर्ग, गुम, शिकायत और लंबित वारंटो की निकाल करने एवं असमाजिकतत्वो के विरूद्ध अधिक से अधिक प्रतिबंधात्मक एवं बाउंड ओवर की कार्यवाही करने व समस्त स्टाफ को डियुटी के दौरान निर्धारित साफ सुथरी वर्दी धारण करने तथा थाना में रिपोर्ट करने आये महिला आगंतुक रिपोर्टकर्ता से संयमित व्यवहार करने एवं उनकी रिपोर्ट को गंभीरता पुर्वक लेते हुये तत्काल उचित कार्यवाही करने निर्देश दिये गये। परेड व वार्षिक निरीक्षण के दौरान एसडीओपी बेमेतरा राजीव शर्मा, थाना प्रभारी बेमेतरा निरीक्षक राजेश मिश्रा, उप. निरीक्षक नीलकंठ साहू, सउनि राजेश ठाकुर, सुखनंदन ठाकुर, कंवल सिंह नेताम, ईतवारी डेहरे, एसपी रीडर प्र आर विनोद शर्मा एवं थाना बेमेतरा के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सट्टा पट्टी खिलाते 1 आरोपी गिरफ्तार

### नगदी रकम 1030 रुपए, 3 नग सट्टा पट्टी एवं पेन पुलिस ने किया जब्त

पायनियर संवाददाता ▸ कवर्धा
www.dailypioneer.com



कबीरधाम पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के निर्देशन, एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऋ चा मिश्रा, उप पुलिस अधीक्षक बी.आर.मंडावी, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय पनिक राम कूजूर के मार्गदर्शन में निरीक्षक मुकेश सोम थाना प्रभारी कोतवाली कवर्धा के दिशा निर्देश में चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक नवरतन कश्यप के नेतृत्व में 23.फर.2021 को दौरान जुर्म जरायम पतासाजी की मुखबिर से सूचना मिला की ग्राम गेंदपुर में आम जगह पर कौशल साहू पिता हेमलाल उम्र 25 वर्ष के द्वारा अंको पर रुपए पैसों का दांव लगाकर सट्टा पट्टी लिखकर अवैध धन लाभ अर्जित कर रहा है, की सूचना पर पुलिस टीम द्वारा रेड कार्यवाही किया गया। मौके पर गवाहों के समक्ष आरोपी रंगे हाथों सट्टा पट्टी लिखते पकड़ा गया जिनके कब्जे से कुल नगदी रकम 1030 रुपये, 03 नग सट्टा पट्टी में 1520 रुपए का लिखा हुआ, 01 डॉट पेन को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी का कृत्य अपराध धारा सदर का पाये जाने से अपराध क्रमांक 00/21 धारा 4 (क) सट्टा एक्ट अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इस कार्यवाही में ,सहायक उपनिरीक्षक राम भजन सिन्हा ,आरक्षक शशांक तिवारी , शेष नारायण सिन्हा का सराहनीय योगदान रहा।

### मैच में कुल 32 टीमों ने लिया हिस्सा

# सामुदायिक पुलिसिंग के तहत वॉलीबॉल प्रतियोगिता का समापन

पायनियर संवाददाता ▸ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कबीरधाम पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चा मिश्रा तथा, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय पी.आर. कुजूर, उप पुलिस अधीक्षक बी.आर. मंडावी के मार्गदर्शन में आम जनता से पुलिस का बेहतर संबंध स्थापित करने सामुदायिक पुलिसिंग के तहत चौकी बाजार चारभांठा उप निरीक्षक नवरतन कश्यप के द्वारा लगातार क्षेत्र के आम जनता से मिलकर क्षेत्र को अपराधिक गतिविधियों से पूर्णता सुरक्षित रखने का प्रयास किया जा रहा है। इसी तारतम्य में 07 दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम मुंगेलीडीह, पुलिस चौकी बाजार चारभाठा के ग्रामीणों



के सहयोग से आरंभ हुआ प्रतियोगिता में 2 टीम फाईनल पहुंची,जिसमें ग्राम सारंगपुर की टीम द्वारा बेहतर प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया,वहीं दूसरे स्थान पर मे बाजार चारभाठा की टीम रही उपस्थित खिलाड़ियों द्वारा शांतिपूर्ण ढंग से खेल भावना के साथ मैच को संपन्न करने में सहयोग दिया गया, जिसके लिए चौकी प्रभारी उप निरीक्षक नवरतन कश्यप के द्वारा सभी टीम एवं ग्राम वासियों का आभार प्रकट किया गया। साथ ही आस-पास हो रहे अपराधिक गतिविधियों में क्षेत्र का कोई व्यक्ति लिप्त है तो उनकी जानकारी देने कहा गया ताकि किसी अप्रिय घटना को घटित होने से पूर्व उसे टाला जा सके। साथ ही कबीरधाम पुलिस को मित्र बताया व किसी प्रकार का समस्या होने पर तत्काल चौकी आकर या मोबाइल के माध्यम से सूचना देने कहा गया,वॉलीबॉल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर जीत हासिल कर प्रथम स्थान पर रहे ग्राम सारंगपुर की टीम को प्रथम पुरस्कार स्वरूप शील्ड व उचित इनाम से पुरस्कृत किया गया।

वही दूसरा स्थान हासिल करने वाले बाजार चारभाठां के टीम को शील्ड व उचित पुरस्कार दिया गया इस आयोजन के लिए ग्राम वासियों खिलाड़ियों द्वारा अत्यंत प्रसन्नता के साथ कबीरधाम पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा तथा चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक नवरतन कश्यप एवं चौकी चारभाटा पुलिस टीम का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## भूपेश सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाना है : पीताम्बर वर्मा

पायनियर संवाददाता ▸ बोड़ला
www.dailypioneer.com

बोड़ला ब्लॉक के राजानवागांव में सेक्टर बूथ स्तर के कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का एकदिवसीय बैठक आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ब्लाक कांग्रेस कमेटी बोड़ला के अध्यक्ष पीताम्बर वर्मा जी। अमरसिंह वर्मा जिलाध्यक्ष सरपंच संघ कबीरधाम, रामकुमार पटेल जिला सदस्य, रामचरण साहू अध्यक्ष नगर पंचायत बोड़ला प्रतिनिधि, अयूब खान पूर्व सरपंच राजानवा गांव, परमेश्वर मनिकपुरी महामंत्री बोड़ला,गोरेलाल चन्द्रवंशी सचिव सरपंच संघ बोड़ला, विसर्जन धुर्वे पार्षद बोड़ला, अमित वर्मा युवा कांग्रेस बोड़ला,फेरू राम, श्याम मेश्राम सरपंच, नारद सरपंच, रेवाराम सरपंच रजपुरा, फागूराम बंजारे, भागाराम पटेल, बहोरन पटेल, दुलाखन गेंडे, नेमीचंद, परस राम,सीता राम, भूरू खान,अहद खान, दिनेश खान, हिरदे राम, कन्हैया राम, प्रेम सिंह, रूपचंद, रामआतर, मुकेश सिन्हा, चतुर साहू, बशनत साहू, बिहारी लाल,जेठु एवं राजा नवागांव सेक्टर के सभी कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की उपस्थित में संपन्न हुआ बैठक में उदबोधन करते हुए पीताम्बर वर्मा ने कार्यकर्ताओं से क्षेत्र की जन ताओ की समस्याओं को सुना एवं उनका उचित निराकरण कराये जाने का आश्वासन दिया, साथ ही छत्तीसगढ़ के भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में सभी कार्यकर्ताओं को बताया एवं कार्य ताओं को कहा कि कांग्रेस सरकार की योजनाओ को आप जन जन तक पहुचाये।

कार्यकर्त्ताओ से अपील किया कि छत्तीसगढ़ सरकार की सभी सरकारी एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जमीनी स्तर पर लोगों के साथ जुड़कर एवं उनको योजनाओं के बारे में बताते हुए उनका सहयोग करें। साथ ही साथ संगठन के लिए उन्होंने कहा कि ग्राम स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने के लिए बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को संगठित कर कमेटी बनाकर पार्टी को मजबूत बनाने का कार्य किया जायेगा।

साथ में कार्यकर्ताओं की मांग पर बिजली, पानी की समस्या को देखते हुए तुरंत अधिकारी से बातकर ग्राम बाघुटोला, बरहट्टी, सेवई कछार, छपरी, हरमो, रौचन, खिरसाली, चिखली, सभी ग्राम द्वारा मांग पर तुरंत हेंड पम्प, खुदाई करने के लिये कहा गया है एवं कार्यकर्ताओं द्वारा जाहिर किया गया कि 15 से 20 वर्ष में पहली बार सक्रिय ब्लाक अध्यक्ष मिला है एवं माननीय नवनियुक्त ब्लाक अध्यक्ष पीताम्बर वर्मा जी को अपने बीच पाकर खुशी जाहिर किया गया एवं भव्य स्वागत किया गया है उपस्थित कार्यकर्ता को कहा गया कि हर बूथ में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता तैयार करना है।

## क्विक न्यूज

### भारत स्काउट गाइड का कैम्प अभनपुर में आयोजित



**सक्ती।** छत्तीसगढ़ के अभनपुर के झांकी गांव में भारत स्काउट गाइड का राज्य स्तरीय युवा संगम कैंप लगाया गया,जिसमें सभी जिले के जिला अध्यक्ष व उपाध्यक्ष शामिल हुए, वहां उनको ट्रेनिंग दिया गया कि अपने जिले में कैसे कार्य किया जाए वह क्या-क्या कार्य किया जाएगा शक्ति जिले से भी इसमें शामिल हुए युवा स्काउट अध्यक्ष ईश्वर प्रसाद यादव व उपाध्यक्ष खुशबू बरेठ जिनको राज्य मुख्यालय का सदस्य भी चयनित किया गया।

### पूर्व कलेक्टर जनक प्रसाद पाठक का बहाली आदेश जारी हुआ

- 4 जून 2020 को एक महिला की शिकायत पर किए गए थे निलंबित

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग के अवर सचिव ने 23 फरवरी 2021 को एक आदेश जारी कर जांजगीर-चांपा जिले के पूर्व कलेक्टर जनक प्रसाद पाठक जिन्हें कि 4 जून 2020 को निलंबित किया गया था, उन्हें केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण जबलपुर भेज जबलपुर के ओए नंबर 200/689/2020 में पारित आदेश 9-फर- 2021 के अनुपालन में अखिल भारतीय सेवा (अनुशासन तथा अपील) नियम- 1969 के नियम- 3 के उप नियम 7 सी के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबन से बहाल किया गया है, उक्तआशय के आदेश छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग के अवर सचिव अन्वेषित धृतलहरे ने 23 फरवरी 2021 को जारी किए हैं, ज्ञात हो कि जांजगीर-चांपा जिले के पूर्व कलेक्टर जनक प्रसाद पाठक को एक महिला द्वारा की गई शिकायत के मामले में निलंबित किया गया था।

# कागजों पर बन गया ओडीएफ ग्राम, बहू बेटियां खुले में शौच जाने को मजबूर

- मुलभूत सुविधाएं नहीं मिलने पर महिलाएं पहुंची कलेक्टर के पास

पायनियर संवाददाता ✓ रायगढ़
www.dailypioneer.com



इस देश में विकास कागजों पर तो हो जाता है, लेकिन उसकी जमीनी हकीकत कुछ और ही होती है। ऐसा कुछ हाल रायगढ़ जिले के घरघोड़ा उपखंड स्थित डुमरपाली गांव का भी है। जहां विकास सिर्फ कागजों पर नजर आ रहा है, लेकिन ग्रामीण कई परेशानियों से जुझ रहे हैं। ऐसे में गांव की कुछ महिलाएं मंगलवार को समस्याएं लेकर कलेक्टर को ज्ञापन देने पहुंची। ग्रामीण महिलाओं ने ज्ञापन के माध्यम कलेक्टर को अपने गांव की विभिन समस्याओं के बारे में बताया।

जामपाली से आई महिलाओं ने ज्ञापन में बताया कि उनके गांव में एसईसीएल के खदान हैं। खदान से परमानंद सोनी नाम के एक ग्रामीण का घर करीब 500 मीटर की दूरी पर है। खदान में ब्लास्टिंग के कारण उसके घर के दीवारों में दरार प? गई है। घर धसने के कगार में भी आ चुकी है। वहीं एक अन्य महिला रुकमण ने बताया कि साल 2016 से ही उसके खेत में एससीईएल का पानी भरा हुआ है। जिससे उसकी खेती प्रभावित हो रही है। महिला का कहना है कि वह खेती पर ही निर्भर है, लेकिन खेत एससीईएल के पानी से डूबे होने के कारण उन्हें मजदूरी करनी प? रही है।

इन समस्याओं के साथ-साथ गांव में शौचालय की भी समस्या है। पूरे गांव में शौचालय नहीं होने के गांव की बेटी बहुओं को खुले में शौच के लिए जाना पड़ रहा है। उससे बड़ी बात तो यह है कि सरकारी दस्तावेजों में जामपाली गांव खुले में शौच मुक्त गांव (ओडीएफ) है। लेकिन इसकी जमीनी हकीकत कुछ और ही है।

### पीने के पानी की भी समस्या

साथ ही महिलाओं ने बताया कि गांव में पीने की पानी की भी समस्या है। गांव में एक हैंडपंप था जो कि साल भर से बिग?ा प?ा है, लेकिन प्रशासन का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। पीने के पानी के लिए महिलाओं को दूसरे मोहल्ले में जाना पड़ता है। इसके अलावा गांव में स?क की भी समस्या है। इन समस्याओं के कारण डुमरपाली गांव के लोगों की जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

## विशेष अभियान में सायबर सेल रिकव्हर की 110 गुम/चोरी हुए मोबाइल



पायनियर संवाददाता ✓ रायगढ़
www.dailypioneer.com

इस माह विशेष अभियान में सायबर सेल द्वारा रिकव्हर किए गए मोबाइलों के वितरण के लिए मोबाइल स्वामियों को एसपी कार्यालय बुलाया गया था। एसपी आफिस आए मीडिया साथियों को एसपी संतोष सिंह जानकारी देते हुए बताया कि आज मोबाइल केवल बातचीत का माध्यम नहीं रह गया है, बहुत से लोग अपनी जरूरत के महत्वपूर्ण कागजात, रिकार्ड, फोटो/विडियो आदि अपने मोबाइल पर स्टोर कर रखते हैं।

मोबाइल गुम या चोरी हो जाने पर वे परेशान होते हैं साथ ही मोबाइल पर स्टोर महत्वपूर्ण दस्तावेजो के दुरूपयोग की भी सम्भावना बनी रहती है। जिसे देखते हुए सायबर सेल को विशेष अभियान चलाकर अधिक से अधिक मोबाइल रिकव्हर के निर्देश दिए गए थे। जिस पर त्वरित कारवाई करते हुए इस माह 110 नग विभिन्न कम्पनियों के मोबाइलों की रिकव्हरी की गई है। सायबर सेल द्वारा विगत एक वर्षो में सायबर सेल रायग? द्वारा 50 लाख कीमत के 382 मोबाइल रिकव्हर कर मोबाइल स्वामियों के सुपुर्द किया गया है। चौथी बार मोबाइल स्वामियों को उनके गुम/चोरी हुए मोबाइल वापस किए जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक का कहना था कि यदि किसी को गुम/चोरी मोबाइल प्राप्त होती है तो नजदीकी थाने में जमा करें अथवा स्वयं ही मोबाइल स्वामी को कॉल कर उसे वापस लौटाएं, किसी अन्य की मोबाइल का प्रयोग अपराध की श्रेणी में आता है। उन्होंने बताया कि सायबर सेल की चेतावनी के बाद भी मोबाइल उपयोग कर वापस नहीं कर रहे व्यक्तियों पर कार्रवाई की जाएगी।

## यात्री सुविधाओं की अनदेखी करने वाले बिलासपुर रेल महाप्रबंधक को हटाने की मांग : चेंबर

पायनियर संवाददाता ✓ रायगढ़
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स रायगढ़ ने महाप्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे को पत्र लिखकर ध्यान आकर्षित किया था कि बिलासपुर से रायपुर डोंगरगढ़ की ओर 7 लोकल ट्रेन बिलासपुर से चलाने का निर्णय लिया गया है। जबकि बिलासपुर से रायगढ़ की ओर एक भी लोकल ट्रेन नहीं चल रही है जिससे दैनिक यात्रा करने वाले कर्मचारी एवं छोटे स्टेशन तक यात्रा करने वाले अन्य यात्रियों को अत्यंत तकलीफ का सामना करना पड़ रहा है और वे अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच पाते हैं। उल्लेखनीय है कि रायगढ़ एक औद्योगिक और ऊर्जा नगरी है और यहां से प्रतिदिन हजारों यात्री रायगढ़ से बिलासपुर के बीच सफर करते हैं अतः रायगढ़ से बिलासपुर तक पूर्व की भांति लोकल ट्रेन चलाया जाना अत्यंत आवश्यक है, लेकिन रेल विभाग ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया है। जिस पर चेंबर अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा है कि रायगढ़ से बिलासपुर लोकल ट्रेन न चला कर विभाग यात्री सुविधाओं की अनदेखी कर रहा है अतः वर्तमान महाप्रबंधक बिलासपुर गौतम बनर्जी को तत्काल प्रभाव से हटाया जाना चाहिए उन्होंने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रेल मंत्री पीयूष गोयल रेल बोर्ड के चेयरमैन तथा गोमती साय सांसद रायगढ़ से मांग की है कि वे वर्तमान महाप्रबंधक को यहां से तत्काल स्थानांतरित करें।

## 66 करोड़ 75 लाख के 97 योजनाओं को मिली प्रशासकीय स्वीकृति

- ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति होगी सुनिश्चित-कलेक्टर
- जिलाधीश की अध्यक्षता में जिला जल व स्वच्छता मिशन समिति की बैठक संपन्न

पायनियर संवाददाता ✓ रायगढ़
www.dailypioneer.com



कलेक्टर भीम सिंह की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन समिति की बैठक कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। जिसमें जल जीवन मिशन अंतर्गत रेट्रोफिटिंग योजना के 30 तथा सिंगल विलेज योजना के 67 सहित कुछ 97 योजनाओं को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई। जिसकी लागत 66 करो? 75 लाख रुपये है। इसके अंतर्गत लगभग 30 हजार 438 घरों में नल कलेक्शन प्रदान किये जाएंगे। बैठक में 66 रेट्रोफिटिंग, 68 सिंगल विलेज योजना एवं 279 सोलर आधारित नल-जल योजनाओं के निविदा प्रारूप को स्वीकृति प्रदान करते हुए ऑनलाईन निविदा आमंत्रित किए जाने का भी अनुमोदन किया गया। कलेक्टर भीम सिंह ने कहा कि यह अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है जिसका समयबद्ध तरीके से पूरी गुणवत्ता के साथ क्रियान्वयन करना है। इससे ग्रामीण अंचलों में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति से जड़ी दिक्कतें दूर होगी। जल आपूर्ति के लिये पाइप लाइन बिछाने के साथ पानी की टंकी व पंप की व्यवस्था भी सुनिश्चित होगी। उल्लेखनीय है कि 13 फरवरी को मंत्री परिषद की बैठक आयोजित हुई थी। इसके पश्चात अधिसूचना जारी हुई थी। जिसमें जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन के लिए एकल/समूह में ग्राम की नलजल योजना/रेट्रोफिटिंग कार्यों का एकल/समूह में निविदा के माध्यम से क्रियान्वयन हेतु विभिन्न कार्यों के सर्वे, डीपीआर, प्रशासकीय स्वीकृति, निविदा आमंत्रण, कार्यादेश जारी करने एवं क्रियान्वयन करने से संबंधित समस्त अधिकार एवं पांच करोड़ रुपए तक के वित्तीय अधिकार जिला जल एवं स्वच्छता मिशन को सौंपे गए हैं। इसकी विस्तृत जानकारी समिति के सदस्य सचिव एवं कार्यपालन अभियंता पीएचई संजय सिंह ने समिति के अध्यक्ष एवं कलेक्टर एवं समिति के सदस्यों को दी।

### सोलर पंप स्थापना का कार्य जल्द करें पूर्ण

कलेक्टर भीम सिंह ने बैठक में जल-जीवन मिशन के अंतर्गत सुदूर अंचलों में क्रेड़ा द्वारा स्थापित किये जा रहे सोलर पंप स्थापना के कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी जाहिर करते हुये कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिये। उल्लेखनीय है कि मिशन अंतर्गत 89 स्थानों पर 98 सोलर पंप की स्थापना की जा रही है।


## स्वच्छता कर्मियों को मिला कार्य छोड़ने का आदेश

पायनियर संवाददाता ✓ रायगढ़
www.dailypioneer.com

कोरोना काल में स्वास्थ्यकर्मियों और स्वच्छता कर्मियों ने अपने जान की परवाह किए बिना ड्यूटी निभाई। इस दौरान हर जगह संविदा कर्मचारियों की नियुक्ति की गई। वहीं अब कोरोना का खतरा कम हो रहा है, तो इन्हें काम से निकाला जा रहा है। जिसका अब ये कर्मचारी विरोध कर रहे हैं। रायगढ़ में कोरोना काल में 46 स्वच्छता कर्मियों की नियुक्ति की गई थी, उन्हें अब कार्य मुक्त किया जा रहा है। जिसके विरोध में मंगलवार को रायगढ़ जिला कलेक्टोरेट परिसर में कोरोना काल के दौरान नियुक्त अस्थायी स्वच्छता कर्मियों ने एक दिवसीय घरना प्रदर्शन किया। वहीं जिला भाजपा के नेताओं ने भी इस धरना प्रदर्शन में पहुंचकर स्वच्छता कर्मियों का समर्थन किया। इसे लेकर भाजपा नेताओं का कहना है कि इस प्रकार कार्य मुक्त करना अमानवीय है और पूरी तरह गलत है। स्वच्छता कर्मियों का कहना है कि कोरोना काल के दौरान मेडिकल कॉलेज में जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा उन्हें केयर सेंटर में सफाई कर्मी के पद पर नियुक्त किया गया था।

## श्री शिवरीनारायण मठ मंदिर में गद्दी महोत्सव आज

पायनियर संवाददाता ✓ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



महानदी के त्रिवेणी संगम तट पर विराजित भगवान श्री शिवरीनारायण जी की पावन धरा में गद्दी महोत्सव का पावन पर्व 25 फरवरी को मनाया जाएगा प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री शिवरीनारायण मठ में परंपरागत रूप से प्रत्येक वर्ष माघ शुक्ल त्रयोदशी को मनाए जाने वाला गद्दी महोत्सव का पावन पर्व 25 फरवरी दिन गुरुवार को सायं कालीन बेला में संपन्न होगा इसके लिए व्यापक तैयारी मठ मंदिर प्रशासन के द्वारा की जा रही है, यहां यह उल्लेखनीय है कि श्री शिवरीनारायण मठ मंदिर में वर्ष में दो बार गद्दी महोत्सव मनाया जाता है।

जो कि माघ शुक्ल त्रयोदशी एवं आश्विन शुक्ल दशमी अर्थात दशहरा की सांध्य कालीन बेला में संपन्न होता है इस वर्ष का माघ शुक्ल त्रयोदशी का गद्दी महोत्सव 25 फरवरी की शाम 6.00 बजे प्रारंभ हो जावेगा मेला के अवसर पर विशेषकर लोट मारते हुए आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की असुविधा न हो इसका विशेष ध्यान रखा गया है। महोत्सव में श्री शिवरीनारायण पीठाधीश्वर राजेश्री डॉक्टर महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग की गरिमामय उपस्थिति रहेगी।

## अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन ने जीएसटी के प्रावधानों में संशोधन की मांग की

- 26 को भारत के व्यापार बंद को अग्रवाल सम्मेलन ने किया समर्थन
- जीएसटी के कड़े प्रावधानों से व्यापारियों को हो रही दिक्कतें- राजकुमार मित्तल

पायनियर संवाददाता ✓ सक्ती
www.dailypioneer.com

भारत देश में व्यापारिक संगठनों द्वारा निरंतर जीएसटी में भारत सरकार द्वारा किए गए कड़े प्रावधानों को लेकर नित- प्रतिदिन इसमें संशोधन करने की मांग की जा रही है, 22 फरवरी को जहां व्यापारियों के राष्ट्रीय स्तर के संगठन फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मंडल फैम ने देश के लगभग 400 जिला मुख्यालयों में कलेक्टर एवं कमिश्नर को ज्ञापन सौंपकर जीएसटी के नए संस्करण जारी करने की मांग की है, तो वही व्यापारिक संगठन कैट ने भी 26 फरवरी को भारत के व्यापार बंद का आह्वान किया है, तथा इसी श्रृंखला में अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन जो कि पूरी दुनिया में अग्रवाल समाज के करोड़ों बंधुओं की एक प्रतिष्ठित विश्वव्यापी संगठन है, इसके अध्यक्ष राजकुमार मित्तल कोलकाता जो कि पश्चिम बंगाल के प्रतिष्ठित आरकेएम ग्रुप के चेयरमैन एवं प्रतिष्ठित उद्योगपति भी हैं,उन्होंने करोड़ों अग्रवाल बंधुओं की जिसमें कि अग्रवाल समाज से अधिकतर व्यापार में भागीदारी ज्यादा होती है, उनकी समस्याओं को देखते हुए जीएसटी के प्रावधानों में संशोधन करने की मांग की है, तथा राजकुमार मित्तल ने कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन एक सामाजिक संस्था है, समाज हित के कार्यों को संपादन करने में व्यवसाय एव उद्योग जगत से जुड़े हमारे सभी अग्र बन्धुओं का असीम सहयोग है, वर्तमान समय में व्यवसाय ब उद्योग जगत से जुड़े सभी भाई बहनो का अर्थोपर्जन करना कठिन हो गया है।

परिवार से जुड़े अधिकतर सदस्यो की भावना को ध्यान में रखते हुए संस्था ने इस मुद्दे को गंभीरता से संज्ञान में लेकर अपना सुझाव ब विचार सरकार के सामने रखा है ताकि इस विकट समस्या का अविलंब समाधान हो सके भारतवर्ष की मुख्य सभी संगठनों ने भी एक दिन का बंद पालन करने का आव्हान किया किया है, हमारी भावना व्यवसाय एवम देश हित के मुद्दे पर सदैव उनके साथ में है,दिनांक 26 फरवरी, 2021, शुक्रवार को जीएसटी काउंसिल के द्वारा व्यापारियों को परेशान करने वाले विभिन्न कानूनों, जिसके द्वारा व्यापार करना कठिन ही नहीं बल्कि असंभव हो गया है।

## सामाजिक कार्यकर्ता विक्रम राज ने गायन प्रतियोगिता में मिली राशि को अन्य सेवा कार्यों में दिया

पायनियर संवाददाता ✓ सक्ती
www.dailypioneer.com



कहते हैं जिसका दिल बड़ा होता है वही बड़ा इंसान भी कहलाता है, चाहे वह गरीब हो या अमीर, ठीक ऐसा ही उदाहरण सक्ती नगर में देखने को मिला है कराओके क्लब के सदस्य वार्ड नं.04 बुधवारी बाजार निवासी विक्रम सिंह राज ने पिछ्ले दिनों डभरा विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम सकराली के कराओके गायन प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया, और उन्हें प्रोत्साहन सम्मान राशि के रूप में भेंट स्वरूप 3000 रु प्राप्त हुई थी, विक्रम सिंह राज ने इस 3000 रुपये की राशि को तीन अलग-अलग संस्था को भेंट कर सबका दिल जीत लिया, ज्ञात हो कि पुरस्कार राशि प्राप्त होने के बाद विक्रम सिंह राज ने सोशल मीडिया के माध्यम से यह जानकारी दी थी कि इनाम में प्राप्त राशि 3000 में से 1000 नवजीवन मुक बधिर स्कूल सक्ती, 1000 चंद्रपुर पदयात्रा सेवा समिति सक्ती एवं 1000 श्री राम मंदिर जन्मभूमि मंदिर निर्माण समिति के लिए दान स्वरूप देंगे,अपने वक्तव्य को सही ठहराते हुए उन्होंने 24 फरवरी को कराओके क्लब के अन्य सदस्यों के साथ सर्वप्रथम मूक बधिर स्कूल पहुंचकर 1000 की राशि संस्था की संचालिका को भेंट की उसके पश्चात उन्होंने चंद्रपुर सेवा समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों को एक हजार की राशि भेंट की वही 1000 रु राम मंदिर में दान करने के लिए उन्होंने धन संग्रह में लगे राम भक्तों से संपर्क किया,ज्ञात हो कि विक्रम सिंह राज कराओके क्लब में बतौर सदस्य के रूप में अपने बेहतरीन गायकी के लिए जाने जाते हैं, वही विक्रम भोजन बनाकर अधिकारी- कर्मचारियों को टिफिन वितरण कर अपना व्यवसाय संचालित करते हैं, सामान्य रूप से जीवन व्यतीत करने वाले विक्रम सिंह राज के द्वारा पुरस्कार की राशि को विभिन्न संस्थाओं को भेंट करने पर नगर के नागरिकों ने उसकी प्रशंसा की है।

## पेज 1 के शेष...

### राहुल सांकेतिक प्रदर्शन में ...

और समझने के लिए प्रतिबद्ध है। इससे पहले राज्य सरकार ने गहरे समुद्र में मछली पकड़ने के लिए अमेरिका की एक कंपनी ईएमसीसी इंटरनेशनल और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम केरल राज्य अंतर्देशीय नौवहन निगम के बीच एक समझौता ज्ञापन रद्द कर दिया। श्री गांधी के साथ कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल, सांसद एवं राष्ट्रीय मछुआरा कांग्रेस के अध्यक्ष टी एन प्रथपन और अन्य वरिष्ठ नेता भी थे। कांग्रेस नेता मंगलवार शाम को ऐश्वर्य यात्रा के समापन के बाद सरकारी सचिवालय के सामने धरना दे रहे पीएससी रैंक धारकों से भी मिले और उनके आंदोलन को अपना समर्थन दिया।

### सरकार की योजनाओं और ...

जिनकी बहुत आवश्यकता थी या नया हेड खोलना था। चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछ्ली सरकार द्वारा हेलीकाप्टर का उपयोग किया जाता रहा है, पिछ्ली सरकार द्वारा वर्ष 2016 में 11.10 करोड़, 2017 में 11.96 करोड़, वर्ष 2018 में 11.58 करोड़ की राशि खर्च की गई है, हमारी सरकार द्वारा वर्ष 2019 में 14.40 करोड़, वर्ष 2020 में 8.21 करोड़ और 2021 में 1.30 करोड़ रुपए की राशि खर्च की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछ्ली सरकार ने कुल बजट का 18 प्रतिशत तक कर्ज लिया था। पिछ्ली सरकार ने चुनावी वर्ष में 16 प्रतिशत कर्ज लिया था। हमारी सरकार ने 2019-20 में 12 प्रतिशत कर्ज लिया। इस वित्तीय वर्ष में हमने अब तक 9 प्रतिशत कर्ज लिया है। पिछ्ली सरकार ने जो 16 प्रतिशत छोड़ा था, उस आंकड़े को हमने नहीं छुआ। जीएसडीपी की बात करें तो वर्ष 2005 में तत्कालीन सरकार ने 19 प्रतिशत लोन लिया था, पिछ्ली सरकार ने अपने अंतिम वर्ष में 17 प्रतिशत लोन लिया था। इसमें जरूर हमारी वृद्धि हुई है, हमारा 19 प्रतिशत तक हुआ है। लेकिन पिछ्ली सरकार ने जो छोड़ा है, उसी के आसपास बजट का आकार रहा है, लोन का आकार रहा है। टंकन त्रुटि के संबंध में मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष ने इसे लेकर हाय-तौबा मचाई, जबकि ऐसी त्रुटियां पिछ्ली सरकार के कार्यकाल में भी हुई थीं।

## हरे-नीले डस्टबिन से सुखा-गीला कचरे के लिए लानी होगी जागरूकता : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ✓ रायगढ़
www.dailypioneer.com



जिले के कलेक्टर भीमसिंह के मार्गदर्शन में लगातार चल रहे शहर में महा सफाई अभियान के अंतर्गत महापौर, आयुक्त अपने दल बल के साथ वार्ड नंबर 29 के निरीक्षण में पहुंचे। निरीक्षण के दरमियान जहां वार्ड नंबर 29 के लोगों में जागरूकता दिखी सभी गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग देते दिखे, सभी घरों तक रिक्शा भी पहुंच रहा है और वार्ड नंबर 29 में करीब 65 प्रतिशत यूजर चार्ज भी लिया जा रहा है, तो वहीं दूसरी तरफ नालियों का हाल काफी बुरा दिखा, कहीं नालियो में काफी गंदगी दिखी तो कहीं नालियों से कचरा निकालने के बाद वापस नगर निगम द्वारा ब? नाले में डाल दिया जाता है जिस पर कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर करते हुए तत्काल सभी नालियों के साफ सफाई के निर्देश दिए। वार्ड में निरीक्षण के दरमियान सामुदायिक भवन के लिए रास्ता नहीं होने की बात सामने आई जिस पर कलेक्टर ने तत्काल एप्रोच रोड बनवाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस वार्ड में एक सामुदायिक शौचालय की भी मांग सामने आई उसे भी जल्द पूरा किया जाएगा साथ ही जिन घरों में शौचालय नहीं है उन घरों का भी सर्वे कर शौचालय का निर्माण भी करवाने के निर्देश निरीक्षण के दरमियान अधिकारियों को दिए। इस वार्ड की सबसे प्रमुख मांग एक पुल की है, जिस पुल का निर्माण हो जाने से दो वार्ड आपस में जुड़ जाएंगे, उस पुल के जल्द निर्माण करवाने की भी बात महासफाई अभियान दल द्वारा कही गयी। वहीं कयाघाट श्मशान घाट के अंदर व्यवस्था अच्छी दिखी वहाँ कमरा निर्माण करने एवम केयर टेकर रखने निर्देशित किया गया है।

## शराब दुकान की शह पर ग्रामीण क्षेत्रों में बिक रही देशी व विदेशी शराब

पायनियर संवाददाता ✓ रायगढ़
www.dailypioneer.com

देशी प्लेन शराब की बेधड़क अवैध बिक्री पर कोई लगाम नहीं है। इसका अंदाजा विगत दिनों जिले के धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र में हुई पुलिस की कार्रवाई से पता चलता है। जिसमें एक आरोपी के पास से 16 पाव देशी प्लेन मदिरा जप्त की गई। इतनी मात्रा में एक व्यक्ति को कितनी आसानी से धरमजयग? के शराब भट्टी में उपलब्ध हो रही हैं। इस बात को लेकर अब नगर की देशी एवं विदेशी दोनों ही शराब दुकान की पोल खुलकर सामने आई है। शराब दुकान के अधिकारी कर्मचारियों की मिलीभगत से भारी मात्रा में शराब में पानी मिलावट की बात तो हमेशा से ही सामने आती रही है। लेकिन पुलिस के इस कार्रवाई के बाद अब शराब दुकान में शराब खरीदने की कोई लिमिट नहीं है, इस बात का खुलासा जरूर हो गया। धरमजयग? पुलिस को गुडिया चौक के पास मुखबिर से सूचना मिली कि कापू रोड नीचेपारा की तरफ से एक व्यक्ति थैला में अग्रेजी शराब रखकर बिक्री के लिए धरमजयग? कि ओर आ रहा है। मुखबिर की सूचना के बाद नीचेपारा जयस्तंभ चौक के पास पुलिस द्वारा घेराबंदी की गई और इसी दरम्यान शराब दुकान की ओर एक व्यक्ति पैदल आते हुए दिखाई दिया जो अपने साथ एक प्लास्टीक थैला रखा था। पुलिस द्वारा रोक कर पूछताछ करने पर वह अपना नाम अमन कुमार यादव पिता साधराम यादव उम्र 22 वर्ष सिसरिंगा का रहने वाला बताया। वहीं थैले की तलाशी करने पर एक प्लास्टिक थैले में 16 पाव देशी प्लेन मदिरा शराब 180 एमएल वाली शीशी में भरा हुआ जिसका किमती 1280 रूपए मिला। जिसे पूछताछ करने पर बिक्री के लिए लाना बताया।

**क्विक न्यूज**

## डेयरी पॉलिटेक्निक डिप्लोमा कोर्स के लिए आवेदन 27 तक

**बेमेतरा।** दाउ वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय अंजोरा (दुर्ग) अंतर्गत डेयरी पॉलिटेक्निक (02 वर्षीय डिप्लोमा कोर्स) शासन द्वारा जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज चोरभट्ठी जिला-बेमेतरा मे स्थापित किया जा रहा है। जिसमें गणित, भौतिकी, रसायन विषयों में 12वीं कक्षा उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को प्रवेश दिया जायेगा। प्रवेश की अंतिम तिथि 27 फरवरी 2021 तक निर्धारित की गई है। जिसके लिए आवश्यक शैक्षणिक योग्यता एवं दस्तावेज के साथ जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज चोरभट्ठी बेमेतरा मे प्रातः 10:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक प्रवेश ले सकते हैं। प्रवेश संबंधित या अन्य आवश्यक जानकारी हेतु दुग्ध विज्ञान एवं खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय रायपुर के अधिकारी एवं कर्मचारी के पास पॉलिटेक्निक स्थल जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज चोरभट्ठी बेमेतरा में उपस्थित होकर संपर्क कर सकतें हैं।

# बस्तरिया संस्कृति से रंगेगी चित्रकोट की धरती

■ **कलेक्टर ने की चित्रकोट महोत्सव के तैयारी की समीक्षा**

पायनियर संवाददाता ➤ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



चित्रकोट महोत्सव के दौरान बस्तरिया संस्कृति से धरती सराबोर होगी। कलेक्टर रजत बंसल ने मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा कक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में महोत्सव के तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि चित्रकोट महोत्सव के दौरान पूरे संभाग के लोक कलाकारों को आमंत्रित कर इसे बस्तरिया रंग से सराबोर किया जाएगा। इसके साथ ही यहां बस्तरिया व्यंजनों का आनंद यहां आने वाले पर्यटक ले सकेंगे। चित्रकोट महोत्सव के दौरान मनोरंजन के लिए नौकायन, कबड्डी, बॉलीबाल, तीरंदाजी, पिट्ठूल, रस्साखींच आदि प्रतियोगिताएं भी आकर्षण का केन्द्र रहेंगी। कलेक्टर ने सुरक्षित पर्यटन के लिए सुरक्षाकर्मी की तैनाती के सम्बन्ध में निर्देशित किया। उन्होंने पर्यटन स्थलों की सैर पर्यटन समिति के सदस्यों की देखरेख में करने के साथ ही प्रवेश के लिए निषेध क्षेत्रों में जाने वाले पर्यटकों के विरुद्ध जुर्माने की कार्यवाही के निर्देश भी दिए।

खनिज के अवैध उत्खनन और परिवहन पर कड़ी कार्यवाही के निर्देश कलेक्टर श्री रजत बंसल ने दिए। उन्होंने आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि इस कार्य के प्रगति की निगरानी स्वयं महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी करेंगे। उन्होंने कार्य में विलंब की स्थिति में निर्माण एजेंसी के साथ ही संबंधित अधिकारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की चेतावनी दी। कलेक्टर ने शहर में आवारा कुत्तों से निजात के लिए नगर निगम और पशुपालन विभाग को संयुक्त रुप से कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने इसके लिए आवश्यक प्रशिक्षण के संबंध में भी निर्देशित किया।

### अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी ठोम्बरे को दी गई भावभीनी विदाई

अपने अंतिम समय सीमा बैठक में शामिल अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनिल ठोम्बरे को भावभीनी विदाई दी गई। उल्लेखनीय है कि ठोम्बरे 28 फरवरी को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी इंद्रजीत चंद्रवाल, अपर कलेक्टर अरविंद एक्का विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## ग्राम पंचायत सोनाबाल में 27 व 28 फरवरी को देव दियारी मेला

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

विकासखंड कोंडागांव अंतर्गत ग्राम पंचायत सोनाबाल में 27 व 28 फरवरी को देव दियारी के उपलक्ष में दो दिवसीय मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में जनपद पंचायत कोंडागांव के उपाध्यक्ष मनोज सेठिया और ग्राम पंचायत सोनाबाल मेला आयोजन समिति के सदस्य शंभूनाथ सोढ़ी व वरुण सेठिया ने जानकारी देते हुए बताया, ग्राम पंचायत सोनाबाल में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी देव दियारी के अवसर में वार्षिक मेला का आयोजन किया जा रहा है, जो कि 27 व 28 फरवरी को 2 दिनों के लिए आयोजित किया जाएगा। मेला आयोजन तैयारी के लिए मेला समिति के माध्यम से तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। मेला में कई तरह के झूले, आसपास के व्यापारी व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा। साथ ही सोनाबाल में पहली बार 24 फरवरी को पंडवानी कार्यक्रम का आयोजन करवाया जाएगा, देव दियारी में ग्राम पंचायत सोनाबाल में 24 फरवरी को पंडवानी कार्यक्रम के लिए बालोद जिला से पंडवानी कलाकारों का दल 24 फरवरी को सोनाबाल पहुंचेगा।

## नकुलनार में 3 कौए मरे हुए मिले जांच के लिए भेजा गया नमूना

**सुकमा।** जिले के नकुलनार में 03 कौए मरे हुए मिले हैं। क्षेत्र में इससे पहले भी कौओं की मौत हुई थी, लेकिन पशु पालन विभाग ने बड़ेगुडरा में कौओं को करंट से मरना बताया था, बाद में भोपाल से आई रिपोर्ट में आंशिक बर्ड फ्लू की पुष्टि होना पाया गया था, जिससे बर्डफ्लू के फैलने का खतरा नहीं होने की बात विभाग द्वारा कही गई थी। पशु पालन विभाग के उप संचालक अजेमर कुशवाहा ने बताया कि बर्ड फ्लू अभी जिले में नहीं है पोल्ट्री में कहीं नहीं मिला है। कौओं से फैलने का खतरा कम है फिर भी नमूना भेजकर जांच करवाएंगे।

# कलेक्टर ने स्वास्थ्य केन्द्र, आंगनबाड़ी, स्कूल, आश्रम-छात्रावास में टेपनल के माध्यम से पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने के दिये निर्देश

■ **6 करोड़ 50 लाख की राशि पेयजल उपलब्ध कराने के लिए की जायेगी खर्च**

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर महादेव कावरे ने जिले के स्वास्थ्य केन्द्र, आश्रम छात्रावास, आंगनबाड़ी केन्द्र, स्कूल में टेप नल के माध्यम से रनिंग वाटर पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए अधिकारियों की बैठक ली। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री के.एस. मण्डावी, एसडीएम जशपुर श्री दशरथ राजपूत, महिला बालक विकास विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजीव गांधी शिक्षा मिशन, और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर ने कहा कि ग्राम पंचायतों में 15वें वित्त योजाना के तहत् स्वास्थ्य केन्द्र, स्कूल, आंगनबाड़ी, छात्रावास-आश्रमों में पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए ग्राम पंचायतों को दिये गये राशि में से 50 प्रतिशत राशि का उपयोग किया जाता है। उन्होने कहा कि जिले में शतप्रतिशत पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराना प्राथमिकता की श्रेणी में है कलेक्टर ने अधिकारियों को स्वास्थ्य केन्द्र, आंगनबाड़ी, स्कूल, छात्रावास-आश्रमों में पेयजल की सुविधा प्राथमिकता से उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि जिले के जिन स्वास्थ्य केन्द्र, स्कूल, आंगनबाड़ी, आश्रम-छात्रावास में रनिंग वाटर की सुविधा नहीं है उन केन्द्रों में पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराया जायेगा। इसके लिए 6 करोड़ 50 लाख की राशि खर्च की जायेगी और जिले कें 2265 स्कूल, 2713 आंगनबाड़ी भवन, 444 ग्राम पंचायतों में पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है।

## गायत्री यज्ञ प्रज्ञा पुराण कथा एवं दीप यज्ञ आयोजित

पायनियर संवाददाता ➤ कुम्हारी
www.dailypioneer.com



विगत दिनों प्रज्ञा पीठ कुम्हारी में गायत्री यज्ञ का भव्य शुभारंभ कलश यात्रा के साथ प्रारंभ किया गया । इस आयोजन में प्रतिदिन प्रज्ञा पुराण कथा एवं दीप यज्ञ का कार्यक्रम किया गया। बीएल यादव समन्वयक गायत्री प्रज्ञा पीठ कुम्हारी द्वारा उपरोक्त कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया कि बसंत पंचमी के पावन एवं शुभ अवसर पर यज्ञ परिसर पर सेवानिवृत्त सैनिकों का सम्मान मुख्य अतिथि मनीष बंछोर ओएसडी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ शासन द्वारा किया गया । ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुम्हारी अध्यक्ष प्रमोद सिंह राजपूत, पार्षद ओम नारायण वर्मा ने भी सैनिक केएसआर मूर्ति, अशोक कुमार यादव, एस नारायण राव, सी एच राजेश राव, सी एच मोहन राव, पितांबर साहू एवं बी आर वर्मा को पुष्पाहार, मंत्र, दुपट्टा, कैलेंडर एवं गायत्री माता का चित्र ससम्मान भेंट किया । ट्रस्ट द्वारा यज्ञशाला की आवश्यकता एवं परिसर के सौंदर्यीकरण के संबंध में मुख्य अतिथि मनीष बंछोर के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत करने पर उन्होंने उपरोक्त कार्यों में शीघ्र पहल किए जाने हेतु आश्वस्त किया । समापन दिवस पर यज्ञ के साथ मुंडन संस्कार, यज्ञोपवीत संस्कार एवं दीक्षा संस्कार संपन्न कर पूर्णाहुति करने के पश्चात कार्य समापन की घोषणा औरी आश्रम संचालक डीआर पुरोहित जी ( संलग्न शांतिकुंज हरिद्वार) द्वारा किया गया।

# जिले में 8116 वन अधिकार पत्रधारी परिवारों ने मनरेगा में 5 लाख 35 हजार 183 मानव दिवस किया अर्जित

■ **मनरेगा के माध्यम से 14 वन अधिकार पत्रधारी परिवारों को 200 दिवस एवं 626 परिवार को 150 से अधिक दिवस का रोजगार कराया उपलब्ध**

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर महादेव कावरे के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत मुख्यकार्यपालन अधिकारी के.एस.मण्डावी के दिशा निर्देश में महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत जिले में 8116 वन अधिकार पत्रधारी परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है एवं उनके द्वारा कुल 5 लाख 35 हजार 183 मानव दिवस अर्जित किया गया है। मनरेगा के माध्यम से चालू वित्तीय वर्ष में वन अधिकार पत्रधारी 14 परिवारों को 200 दिवस एवं 626 परिवारों को 150 से अधिक दिवस का रोजगार उपलब्ध कराया गया है। उल्लेखनीय है कि वन अधिकार पत्रधारी परिवारों को मनरेगा के माध्यम से भारत सरकार द्वारा 150 दिवस एवं प्रदेश सरकार द्वारा अतिरिक्त 50 दिवस सहित कुल 200 दिवस का रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा समस्त वन अधिकार पत्रधारी परिवारों को 200 दिवस का रोजगार उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जा रहा है। इस हेतु पंचायत सचिव-सरपंचों को अपने पंचायतों में अधिक से अधिक रोजगार मूलक कार्य स्वीकृत कर लक्ष्यानुसार मजदूरों की संख्या बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

## गातापार में पांच दिवसीय नवधा रामायण में शामिल हुई शकुन्तला

पायनियर संवाददाता ➤ लवन
www.dailypioneer.com



ग्राम पंचायत गातापार में समस्त महिला स्वसहायता समूह के तत्वाधान में आयोजित पंचदिवसीय नवधा रामायण में छत्तीसगढ़ शासन की संसदीय सचिव एवं क्षेत्रीय विधायक शकुन्तला साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई।कार्यक्रम में पूजा मानस परिवार चिरको, पटेवा महासमुंद द्वारा बहोत ही सुंदर भजन एवं रामायण कथा की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान विधायक जी ने तुलसीदास जी ने रचा रामायण तो गंगा बहा दिया भवसागर पर उतरने को एक नौका बना दिया दोहे से उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम भगवान श्रीरामचंद्र जी द्वारा स्थापित आदर्शो को आत्मसात कर भवसागर को पार कर सकते है। भगवान राम के स्मरण मात्र से ही वैतरणी पार हो सकती है। रामायण पवित्र ग्रंथ एवं अमृत कथा है जो भगवान राम द्वारा स्थापित आदर्शों पर चलने व जीवन जीने की प्रेरणा देती है। रामायण हमें सत्य मार्ग पर चलने की सीख देता है। रामायण में भगवान राम का पूरा जीवन संपूर्ण समाज के लिए प्रेरणादायी है।

## अब्दुल जाहिद कुरैशी ने बाल संप्रेषण गृह किशोर न्याय बोर्ड का किया निरीक्षण

**जशपुरनगर।** अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश जशपुर अब्दुल जाहिद कुरैशी द्वारा 24 फरवरी 2021 को बाल संप्रेषण गृह किशोर न्याय बोर्ड जशपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बाल सम्प्रेषण गृह में निरूद्ध किशोरों को एवं उनके प्रकरण के लिये आए पालकों तथा अन्य व्यक्तियों को विभिन्न कानूनों की जानकारी दी गई एवं दहेज प्रताड़ना, घरेलू हिंसा से संबंधित कानूनों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। उन्होने कहा कि इस तरह के सामाजिक अपराधों एवं कुरूतियों से परिवार टूटते है ओर समाज में भी वैमनस्यता का वातावरण तैयार होता है। महिलाओं से संबंधित अपराध बढ़ रहे हैं जिनकी रोकथाम आवश्यक है। वर्तमान में लोग मोबाईल फोन का अत्याधिक उपयोग कर रहे हैं। जिसमें इंटरनेट का उपयोग भी किया जा रहा है। इंटरनेट के माध्यम से बच्चे कई तरह से गलत साईट खोलकर गलत संगत में पड़ रहे हैं और अपराध कर रहे हैं।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बोडला, जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

:: ईश्तहार ::

रा.प्र.क्र. अ/2 वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक संतोष पिता नेमसिंह जाति तेली निवासी ग्राम जैतपुरी तहसील बोडला के द्वारा अपने नाम की भूमि स्वामी हक की भूमि ग्राम जैतपुरी प.ह.नं. 37 तहसील बोडला स्थित भूमि ख.नं. 150 रकबा 0.077 हे. भूमि को कृषि प्रयोजन से व्यवसायिक प्रयोजन (दुकान) में व्यपवर्तित कराये जाने हेतु प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में नियत तिथी 26.02.2021 तक दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 4.2.21 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

**जारी दिनांक 04.02.2021**
**पेशी दिनांक 26.02.2021**

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
(राजस्व) बोडला

**सक्षम श्रीमान् पब्लिक नोटरी सरायपाली, जिला महासमुन्द (छ.ग.)**

**शपथ पत्र**

मैं पूरन सिंह नेताम उम्र 41 वर्ष, पिता स्व. भारत सिंह नेताम जाति गोंड़, ग्राम गाताडीह, तहसील बिलाईगढ़, जिला बलौदा बाजार (छ.ग.) का निवासी हूँ। एवं निचे लिखे अनुसार शपथ पूर्वक सत्य कथन करता हूँ कि :-
(1) यह कि, मैं ग्राम गाताडीह, तहसील बिलाईगढ़, जिला बलौदा बाजार (छ.ग.) का स्थायी निवासी हूँ।
(2) यह कि मेरा भारतीय जीवन बीमा निगम का पॉलिसी क्रमांक 383672348 है जिसमें मेरा नाम PURAN SINGH SIDAR दर्ज है, एवं मेरा आधार कार्ड क्रमांक 8945 9299 3837 में मेरा नाम पूरन सिंह नेताम (PURAN SINGH NETAM) दर्ज है। जो कि दोनों नाम मेरा ही नाम है।
(3) यह कि मुझे मेरे भारतीय जीवन बीमा निगम पॉलिसी एवं आधार कार्ड में दर्ज नाम एक ही व्यक्ति का नाम है दो अलग-अलग व्यक्तियों का नाम नहीं है जिसके साक्ष्य में यह शपथ पत्र निष्पादित करने की आवश्यकता हुई है।

पुरन सिंह
शपथकर्ता

**सत्यापन**-मैं पूरन सिंह नेताम उम्र 41 वर्ष, पिता स्व. भारत सिंह नेताम, जाति गोंड़, ग्राम गाताडीह, तहसील बिलाईगढ़, जिला बलौदा बाजार (छ.ग.) का निवासी हूँ। उपरोक्त शपथ पत्र की कण्डिका एक से तीन तक में लिखी बातें सत्य व सही है अतः दिनांक 23.02.2021 को सरायपाली में हस्ताक्षर कर सत्यापित किया ।

मुहर
पुरन सिंह
सत्यापनकर्ता

**न्यायालय नजूल अधिकारी मुंगेली (छत्तीसगढ़)**

-: उद्‌घोषणा :-

क्रमांक क/वा./नजूल/2021/122 मुंगेली, दिनांक 22.02.2021

श्री मनोज कुमार पिता स्व. श्री शिवकुमार वैष्मु निवासी खैरा, तहसील पण्डरिया, जिला कबीरधाम (छ.ग.) ...आवेदक

बनाम

छ.ग. शासन ... अनावेदक

इस सूचना के माध्यम से आम जनता को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदक श्री मनोज कुमार पिता स्व. श्री शिवकुमार वैष्णव निवासी खैरा तहसील पण्डरिया जिला कबीरधाम (छ.ग.) की ओर से स्वतः उपस्थित होकर नगर मुंगेली के मोहल्ला बालानी चौक मुंगेली स्थित नजूल भूमि शीट नंबर 38 बी, प्लाट नंबर क्रमशः 46, 48, 98 क्षेत्रफल क्रमशः 50, 180, 290 वर्गमीटर पर फौती दर्ज कर अपना का नाम दर्ज किए जाने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में प्रकरण विचाराधीन है। किसी व्यक्ति, संस्था या उपरोक्त भूमि पर हक रखने वालों को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वे दिनांक 12.03.2021 को दिन के 02:00 बजे इस न्यायालय में स्वतः अथवा अपने मुख्त्यार/ अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना लिखित दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किसी प्रकार की दावा आपत्ति पर विचार करना संभव नहीं होगा।

आज दिनांक 22.02.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
(तीर्थराज अग्रवाल)
नजूल अधिकारी, मुंगेली (छ.ग.)

**न्यायालय नजूल अधिकारी मुंगेली (छत्तीसगढ़)**

-: ईश्तहार :-

क्रमांक क/वा./नजूल/2021/89 मुंगेली, दिनांक 12.02.2021

श्री दुर्गेश जायसवाल पिता स्व. श्री मंगलू जायसवाल निवासी परमहंस वार्ड मुंगेली (छ.ग.) ...आवेदक

बनाम

छ.ग. शासन ... अनावेदक

इस सूचना के माध्यम से आम जनता को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदक श्री दुर्गेश जायसवाल पिता स्व. श्री मंगलू जायसवाल निवासी परमहंस वार्ड मुंगेली तहसील व जिला मुंगेली द्वारा मोहल्ला फोकटपारा मुंगेली स्थित नजूल सरकार के नाम पर शासकीय अभिलेखों में दर्ज शासकीय नजूल भूमि शीट नंबर 40, प्लाट नंबर 05, क्षेत्रफल 3603 वर्गमीटर में से क्षेत्रफल 437.5 वर्गमीटर (41.27 वर्गमीटर) पर अतिक्रमण करते हुए मकान बना कर आवासीय उपयोग किया जा रहा है। उपरोक्त भूमि को शासन के योजना के अनुसार अतिक्रमित भूमि का व्यवस्थापन किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग महानदी भवन अटल नगर नवा रायपुर के पत्र क्रमांक एफ-4-07/सात-1/2019 दिनांक 26.10.2019 के अनुसार उपरोक्त अतिक्रमित भूमि का व्यवस्थापन कराने बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अनावेदक को उक्त भूमि व्यवस्थापन के संबंध में प्रकरण विचाराधीन है। किसी व्यक्ति, संस्था या उपरोक्त भूमि पर हक रखने वालों को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वे दिनांक 16.03.2021 को 02:00 बजे इस न्यायालय में स्वतः अथवा अपने मुख्त्यार/अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना लिखित दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किसी प्रकार की दावा आपत्ति पर विचार करना संभव नहीं होगा।

आज दिनांक 12.02.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
(तीर्थराज अग्रवाल)
नजूल अधिकारी, मुंगेली (छ.ग.)

**न्यायालय नजूल अधिकारी मुंगेली (छत्तीसगढ़)**

-: ईश्तहार :-

क्रमांक क/वा./नजूल/2021/132 मुंगेली, दिनांक 23.02.2021

श्रीकांत स्वर्णकार पिता स्व. श्री तुलसीराम स्वर्णकार निवासी सोनारपारा, तहसील व जिला मुंगेली (छ.ग.) ...आवेदक

बनाम

छ.ग. शासन ... अनावेदक

इस सूचना के माध्यम से आम जनता को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदक श्रीकांत स्वर्णकार पिता तुलसीराम स्वर्णकार निवासी सोनारपारा तहसील मुंगेली जिला मुंगेली (छ.ग.) की ओर से स्वतः उपस्थित होकर नगर मुंगेली के मोहल्ला सोनारपारा मुंगेली स्थित नजूल भूमि शीट नंबर 38 डी, प्लाट नंबर 64, क्षेत्रफल 120 वर्गमीटर पर फौती दर्ज कर नजूल रिकार्ड में वैध वारिसानों का नाम दर्ज किए जाने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में प्रकरण विचाराधीन है। किसी व्यक्ति, संस्था या उपरोक्त भूमि पर हक रखने वालों को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वे दिनांक 16.03.2021 को दिन के 02:00 बजे इस न्यायालय में स्वतः अथवा अपने मुख्त्यार/ अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना लिखित दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किसी प्रकार की दावा आपत्ति पर विचार करना संभव नहीं होगा।

आज दिनांक 23.02.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
(तीर्थराज अग्रवाल)
नजूल अधिकारी, मुंगेली (छ.ग.)

**न्यायालय नजूल अधिकारी मुंगेली (छत्तीसगढ़)**

-: ईश्तहार :-

क्रमांक क/वा./नजूल/2021/90 मुंगेली, दिनांक 12.02.2021

श्रीमती सुधा जायसवाल पति श्री सालिकराम जायसवाल निवासी परमहंस वार्ड मुंगेली (छ.ग.) ...आवेदक

बनाम

छ.ग. शासन ... अनावेदक

इस सूचना के माध्यम से आम जनता को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदिका श्रीमति सुधा जायसवाल पति श्री सालिकराम जायसवाल निवासी परमहंस वार्ड मुंगेली तहसील व जिला मुंगेली द्वारा मोहल्ला फोकटपारा मुंगेली स्थित नजूल सरकार के नाम पर शासकीय अभिलेखों में दर्ज शासकीय नजूल भूमि शीट नंबर 40, प्लाट नंबर 05, क्षेत्रफल 3603 वर्गमीटर में से क्षेत्रफल 437.5 वर्गमीटर (40.65 वर्गमीटर) पर अतिक्रमण करते हुए मकान बना कर आवासीय उपयोग किया जा रहा है। उपरोक्त भूमि को शासन के योजना के अनुसार अतिक्रमित भूमि का व्यवस्थापन किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग महानदी भवन अटल नगर नवा रायपुर के पत्र क्रमांक एफ-4-07/सात-1/2019 दिनांक 26.10.2019 के अनुसार उपरोक्त अतिक्रमित भूमि का व्यवस्थापन कराने बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अनावेदक को उक्त भूमि व्यवस्थापन के संबंध में प्रकरण विचाराधीन है। किसी व्यक्ति, संस्था या उपरोक्त भूमि पर हक रखने वालों को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वे दिनांक 16.03.2021 को 02:00 बजे इस न्यायालय में स्वतः अथवा अपने मुख्त्यार/अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना लिखित दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किसी प्रकार की दावा आपत्ति पर विचार करना संभव नहीं होगा।

आज दिनांक 12.02.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
(तीर्थराज अग्रवाल)
नजूल अधिकारी, मुंगेली (छ.ग.)

**न्यायालय नजूल अधिकारी मुंगेली (छत्तीसगढ़)**

-: ईश्तहार :-

क्रमांक क/वा./नजूल/2021/126 मुंगेली, दिनांक 19.02.2021

श्रीमति पन्ना बाई साहू पति स्व. श्री अशोक कुमार साहू निवासी सरदार पटेल वार्ड मुंगेली तहसील मुंगेली ...आवेदिका

बनाम

छ.ग. शासन ... अनावेदक

इस सूचना के माध्यम से आम जनता को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदिका श्रीमति पन्ना बाई साहू पति स्व. श्री अशोक कुमार साहू निवासी सरदार पटेल वार्ड मुंगेली तहसील मुंगेली जिला मुंगेली की ओर से स्वतः उपस्थित होकर नगर-मुंगेली के मोहल्ला पुराना बस स्टेण्ड मुंगेली स्थित नजूल भूमि शीट नंबर 38 सी, प्लाट नंबर 31, क्षेत्रफल 102 वर्गमीटर पर फौती के आधार पर अपना नाम दर्ज कराने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उपरोक्त भूमि वर्तमान नजूल अभिलेख में आवेदिका के पति स्व. श्री अशोक कुमार एवं उनके भाई गेंदराम व संतोष के नाम पर दर्ज है। उपरोक्त संबंध में प्रकरण विचाराधीन है। किसी व्यक्ति, संस्था उपरोक्त भूमि पर हक रखने वालों को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वे दिनांक 05.03.2021 को दिन के 02:00 बजे इस न्यायालय में स्वतः अथवा अपने मुख्त्यार/ अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना लिखित दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किसी प्रकार की दावा आपत्ति पर विचार करना संभव नहीं होगा।

आज दिनांक 19.02.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
(तीर्थराज अग्रवाल)
नजूल अधिकारी, मुंगेली (छ.ग.)

**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग दुर्ग (छ.ग.)**

**// संक्षिप्त मैन्युअल निविदा सूचना क्रमांक-35 //**

ज्ञा.क्रं. 507/व.ले.लि./ग्रा.यां.से./2020-21 दुर्ग, दिनांक 23.2.2021

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से जोनल निविदा जनपद पंचायत अंतर्गत विभिन्न मदों में वर्ष 2020-21 हेतु स्वीकृत रुपये 10.00 लाख से कम लागत के छोटे-छोटे विभिन्न प्रकार के निर्माण कार्य का सम्पादन करने हेतु मैनुअल जोनल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1. | जोनल निविदा ग्रुप क्र. 12 :- जनपद पंचायत दुर्ग अंतर्गत विभिन्न कार्य | 20.00 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी http://cg.nic.in/resworks में अथवा कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर दिनांक 23.02.2021 से देखी जा सकती है एवं ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 09.03.2021 तक है।

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दुर्ग (छ.ग.)

जी-87305/4

# विभागीय जिम्मेदार और कबाड़ियों की चेन ने स्कूलों की किताबें धनलक्ष्मी पेपर मिल तक पहुंचाई, पुलिस की जांच जारी

**▪ विवादों से नाता रखने वाले मिल प्रबंधन को पुलिस ने थमाया नोटिस, जानकारी मांगी**

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



धनलक्ष्मी पेपर मिल से मिली अलग-अलग शैक्षणिक सत्रों की अलग अलग कक्षाओं की स्कूली किताबों को लेकर बवाल खड़ा हो गया है। स्कूलों में बांटी जाने वाली शासकीय किताबें आखिर कैसे मिल तक पहुंची इसे लेकर जांच चल रही है। पुलिस ने एक शिकायत के बाद कार्रवाई की जिसमें बड़ा खुलासा हुआ। छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम की किताबें यहां से जब्त की गई। बताया गया कि यहां से मिली किताबें भी पूरी तरह से नई थीं। उन्हें इस्तेमाल किया ही नहीं गया था। समझा जा सकता है गोदाम से निकलकर किताबें सीधे कबाड़ तक पहुंचा दी गईं।

पुलिस इस मामले में जांच का हवाला दे रही है। इस पूरे मामले को गंभीरता से लेने की जरुरत है। कई कड़ियां हैं जो इस मामले से जुड़ी हुई है। धनलक्ष?मी पेपर मिल तक आखिर यह किताबें पहुंची कैसे! इस सवाल के जवाब में कई हैं घेरे में आ रहे हैं। कबाड़ी दुकानों की जांच अब जरुरी हो चुकी है। इसकी पहली कड़ी इन्हीं दुकानें ही हैं। समय समय पर कबाड़ी दुकानों की जांच न होने से भी ऐसे अवैध धंधों को बढ़ावा मिल रहा है। मिल तक किताबों का सीधा पहुंचना मुश्किल है लेकिन कबाड़ दुकानों से निकलकर इसका मिल तक आना संभव है। ऐसे में कबाड़ दुकानों की जांच पहली जरुरत है।

वहीं पेपर मिल भले ही दावा करे कि हजारों क्विंटल रद्दी के बीच किताबों को छांटा जा पाना मुश्किल है लेकिन ये संभव नहीं दिखता कि प्रबंधन को इसकी जानकारी न हो। पुलिस ने यहीं से किताबें जब्त भी की है। कबाड़ दुकानों तक और फिर वहां से किताबें मिल तक आ रही है। कबाड़ दुकानों तक किताबें पहुंचाने वाले कौन हैं! क्या वही जिम्मेदार जिन्हें स्कूलों में छात्रों तक पुस्तकें पहुंचानी थी। शिक्षा विभाग के जिम्मेदार और पाठ्य पुस्तक निगम आयोग के गोदामों के जिम्मेदारों को लेकर भी सवाल खड़े होना लाजिमी है।

### आत्महत्या, संदिग्ध मौत जैसे कई मसलों पर रहे हैं विवादित

धन लक्ष्मी पेपर मिल का विवादों से पाला पड़ना कोई नई बात नहीं है। कुछ समय पहले ही यहां अमलीडीह के एक युवक की संदिग्ध मौत को लेकर बवाल मचा था। खबर है कि संचालकों ने इस मामले को लेन-देन कर संभाला। इससे पूर्व महावीर चौरड़िया आत्महत्या का मामला पूरे प्रदेश में सुर्खियों में था। इस आत्महत्या कांड में भी डोंगरगांव रोड में स्थित धनलक्ष्मी पेपर मिल के मालिक विनोद लोहिया और उसके भाई अशोक लोहिया पर गंभीर आरोप लगे थे। महावीर चौरड़िया ने अपनी मौत से पहले वाट्सएप्प में जो ऑडियो मैसेज डाला था उसमें ही इनके नामों का उल्लेख था। हर दफा बड़े मामलों से घिरने के बावजूद मिल संचालक और उनका परिवार रसूख और पैसों के लेन-देन कर बाहर निकल आता है। दोषी ठहराए जाने के बावजूद आज तक इन पर कोई बड़ी कार्रवाई नहीं हो सकी है।

### 102 के तहत हुई जब्ती, मिल को थमाया नोटिस

डोंगरगांव थाना प्रभारी केपी मरकाम ने बताया कि मिल से 102 के तहत पुस्तकें जब्त की गई हैं। इनमें अलग-अलग शैक्षणिक सत्र की शासकीय स्कूलों में बांटी जाने वाली किताबें शामिल हैं। हमने मिल प्रबंधन को नोटिस जारी किया है। उनसे जानकारी मांगी गई है कि उनके पास ऐसी रद्दी - किताबें, किन किन माध्यमों से और कहां कहां से आती है। आगे की जांच के बाद ही इस पूरे मामले में तस्वीर साफ हो सकेगी। दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### एक पूरी चेन दे रही अंजाम

शासकीय स्कूलों में बांटी जाने वाली शैक्षणिक सत्र की किताबों के मिल तक पहुंचने एक बड़ी चेन काम कर रही है। इसमें विभागीय लोगों से लेकर कबाड़ का व्यापार करने वाले और खुद मिल प्रबंधन की भी भूमिका हो सकती है। अलग-अलग कारणों को लेकर विवादों में रहने वाला धन लक्ष्मी पेपर मिल प्रबंधन इस मामले की जांच में पूरे सहयोग की बात कर रहा है। दूसरी ओर पुलिस ने इस मामले में जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की बात कही है।

### कबाड़ियों पर गिरेगी गाज

कुलमिलाकर, विभागीय जिम्मेदार, कबाड़ दुकान संचालक और मिल प्रबंधन के खिलाफ गंभीरता से की गई जांच इस मामले में और भी कई पहलुओं को सामने ला सकती है। राज्य शैक्षणिक अनुंसधान और प्रशिक्षण परिषद छत्तीसगढ़ रायपुर की पुस्तकें डोंगरगांव के करीब स्थित अमलीडीह के धनलक्ष्मी पेपर मिल से जब्त हुई हैं। यहां मौजूदा सत्र और उससे पहले की सत्र की पुस्तकें पुलिस ने शिकायत पर जब्त की।

## मादा तेंदुए का शिकार-पहले मारा और फिर पंजे काट लिए, दांत और मूंछ भी उखाड़कर ले गए

**▪ शिकार के पीछे गिरोह का हाथ होने की आशंका**

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



खैरागढ़ वन मंडल के गंडई क्षेत्र में मादा तेंदूए के शिकर के बाद वन अमले में हड़कंप की स्थिति है। विभाग को बुधवार को खबर मिली की गंडई वन परिक्षेत्र के ग्राम मगरकुंड से लगे जंगल में क्षत-विक्षित तेंदूए का शव मिला है। जानकारी मिलते ही विभाग के आला अधिकारी दल-बल सहित मौके पर पहुंचे। यहां मादा तेंदूए का शिकार करने के बाद तस्करों ने उसके दोनों अगले पंजे काट दिए। यही नहीं तेंदूए की मूंछ भी निकाल लिए और दांत उखाड़कर साथ ले गए। जानकारी है कि विभाग इस मामले में एक ग्रामीण से पूछताछ कर रहा है।

मादा तेंदूए का शव मिलने के बाद वन विभाग के अधिकारी व वाइल्ड लाइफ की टीम मौके पर पहुंची। खैरागढ़ वनमंडलाअधिकारी संजय यादव ने बताया कि घटना की जानकारी लगते ही वन विभाग का हर दस्ता सक्रिय हो गया था। जिले से वेटरनरी डॉक्टरों की टीम मौके पर पहुंच परीक्षण भी किया। इसमें प्रथम दृष्टा जहर देकर, या करंट लगने से तेंदुआ मारा गया हो इसकी पुष्टि नहीं हो सकी। पोस्टमार्टम के बाद आवश्यक चीजों को जांच हेतु जबलपुर भेजा जायेगा। वहां पर डीएनए टेस्ट और बिसरा जांच रिपोर्ट के पश्चात ही तेंदुआ के मारे जाने के तरीकों का स्पष्ट खुलासा होगा। इस पूरे मामले में पीसीसीएफ राकेश चतुर्वेदी ने इस पूरी घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इस पूरे मामले की जांच की जा रही है। इस मामले में तीन तस्करों को हिरासत में लिया गया उनसे पूछताछ की जा रही है फिलहाल उन्होंने अपना अपराध कबूल नहीं किया है। उन्होंने कहा कि पूरा मामला जानवरों की तस्करी से जुड़ा हुआ है। हिरासत में लिये गये आरोपियों से पूछताछ के बाद आगे की जांच शुरू की जायेगी।

### जांच में जुटा दस्ता

इस मामले की पड़ताल के लिए वन विभाग ने जांच दस्ता तैयार किया है। दुर्ग सीसीएफ शालिनी रैना के अनुसार वन मंडलाअधिकारी की अध्यक्षता में टीम इस मामले की पड़ताल कर रही है। डॉग स्क्वायड की भी मदद ली गई है। साथ ही आसपास के ग्रामीणों से भी पूछताछ की जा रही है। पोस्टमार्टम किया गया है, लेकिन उसकी रिपोर्ट अभी नहीं मिली है। आशंका जताई जा रही है कि तेंदुए का शिकार उसके अंगों को बेचने के लिए ही किया गया है। हालांकि इस तरह से मारने को का कारण काफी उलझा हुआ है।

### गिरोह का हाथ हो सकता है

तेंदूए के अंगो की तस्करी करना ही इस शिकर का उद्देश्य नज़र आता है। शिकारियों ने तेंदूए के पंजे काट लिए, मूंछ और दांत भी उखाड़ लिए। अब नज़र इस विषय पर है कि क्या वन क्षेत्र में कोई गिरोह ऐसी घटनाओं को अंजाम दे रहा है। तेंदूए का शिकार करने के लिए लंबे समय तक उस पर नज़र रखने की भी जरुरत होती है। तय है कि शिकारी काफी समय से यहां सि य थे और तेंदूए पर नज़र बनाए हुए थे। इसके साथ ही विभाग की सि यता को लेकर भी सवाल खड़ा हो गया है। जंगल के अंदर लगे वॉच टावर फेल साबित हो रहे है। वॉच टावर के माध्यम से जंगलों पर निगरानी नहीं की जा रही है। उक्त टावर बनाने व सरकार के लाखों रुपए जंगली जानवरों के संरक्षण के लिए खर्च किया जाना इस तरह की घटनाओं से बेमानी ही साबित हो रही है।

## बोलेरो और ट्रक की आमने-सामने भिड़ंत, मौके पर दो की मौत, तीन घायल

पायनियर संवाददाता < छुरिया
www.dailypioneer.com



नेशनल हाईवे 53 में चाबुकनाला के पास बोलेरो और ट्रक में जबरदस्त आमने-सामने भिड़ंत हो गई जिसमें बोलेरो सवार दो लोगों की मौत हो गई। वहीं तीन लोग घायल हुए हैं जिन्हें जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है।

बागनदी थाना से मिली जानकारी अनुसार मंगलवार को मध्य रात्रि 12.30 बजे के करीब बागनदी से चिचोला की ओर जा रही बोलेरो क्रमांक सीजी 08 एबी 9980 और रायपुर से नागपुर की ओर जा रही ट्रक क्रमांक एम एच18 बीए 0204 की चाबुकनाला के पास नेशनल हाईवे में जोरदार भिड़ंत हो गई। बोलेरो वाहन में सवार दिलीप कंवर पिता गणपत कंवर उम्र 35 वर्ष निवासी बेलगांव डोंगरगढ़ और राम प्रसाद पिता धरमु कंवर उम्र 50 वर्ष निवासी आसरा डोंगरगांव की मौत हो गई। वहीं अन्य तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं जिन्हें डायल 112 और अशोका हाईवे की वाहन से छुरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। यहां से तत्काल जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है। बताया जा रहा है कि बोलेरो में सवार लोग मिस्त्री का कार्य करते हैं जो बागनदी से चिचोला की ओर विपरीत दिशा से जा रहे थे। इसी बीच चाबुकनाला के पास लापरवाह भारी वाहन चालक ने बोलेरो को जोरदार ठोकर मार दी। जिसमें 2 लोगों की जान चली गई। मृतकों के शव को अशोका हाईवे की एंबुलेंस से छुरिया सीएससी भिजवाया गया है। पीएम के बाद परिजनों को शव सौंपा गया है। बागनदी थाना मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

## कोनारी के पूर्व जनप्रतिनिधियों को मिला मानदेय

**सरपंच ने किया मानदेय वितरण के साथ सम्मान**



पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

जनपद पंचायत अंतर्गत कोनारी ग्राम पंचायत में विगत कार्यकाल के जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह आहुत किया गया। एक गरिमामयी समारोह में पूर्व सरपंच सहित पंचगणो को गत कार्यकाल के लंबित मानदेय वितरण किया गया। इस मौके पर वर्तमान सरपंच चिंतामणी हरिशंकर सिन्हा द्वारा श्रीफल व शॉल भेंट कर सम्मानित भी किया गया।

ग्राम पंचायत में आहुत संक्षिप्त व सादे समारोह में वर्तमान सरपंच चिंतामणी सिन्हा, उपसरपंच विद्यासागर देशलहरे, सचिव करण जोशी, रोजगार सहायक लीलाधर पटेल, सरपंच प्रतिनिधि हरिशंकर सिन्हा के अलावा संगीता जांगड़े, पार्वती पटेल, मनभोतिन बाई, दुलारी बाई, चन्द्रिका बाई, ओम बाई, पीलाराम यादव, योगेश्वर साहू, मिलन साहू सहित पूर्व सरपंच कुसुम पटेल, मोरध्वज देवांगन, दुरपत बाई, गायत्री बाई, रोहित यादव, अहिल्या बाई, प्रभा बाई, थानुराम साहू, उमाशंकर देवांगन, ग्राम पटेल सतेश्वर साहू, रोमन पटेल व नामदेव यादव उपस्थित थे।

## आयुक्त कौशिक की विदाई, आशुतोष आएंगे



**राजनांदगांव।** दो वर्ष पूर्व फरवरी, 2019 में नगर पालिक निगम राजनांदगांव में आयुक्त की कुर्सी संभालने वाले चंद्रकांत कौशिक को सरकार ने बदल दिया है। ताजा जारी आदेश में उन्हें धमतरी जिले का संयुक्त कलेक्टर बनाकर रवाना किया गया है। अब यहां जिला बेमेतरा के संयुक्त कलेक्टर आशुतोष चतुर्वेदी आयुक्त की जिम्मेदारी संभालने पहुंचेंगे। अपनी साफगोई और तेज-तर्रार कार्यशैली के चलते कई विवादों से घिरे भी तो कई बार उन्होंने तारीफें भी बटोरी।

### नहीं थम रही अवैध शराब बिक्री, करणी सेना आंदोलन करेगी

**राजनांदगांव।** श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना ने जिले में अवैध शराब बिक्री को लेकर आक्रोश जाहिर किया है। जारी विज्ञप्ति में सेना ने कहा कि जिले के गांव-गांव में अवैध शराब की बिक्रि हो रही है। इस पर विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। शराब कोचियो को शासन-प्रशासन का कोई डर नहीं है। गांवो का महौल खराब हो रहा है, अराजकता फैल रही है। यह एक गंभीर विषय है। अगर इस मसले पर 15 दिवस के अंदर ठोस कार्यवाही नहीं होती है तो वे महिला समूह के सदस्यों के साथ मिलकर पूरे जिले में उग्र आंदोलन करेंगे।

## एक तरफा जांच के आरोपों से घिरे दस्ता, गवाहों, जनप्रतिनिधियों का बयान अब तक नहीं हो सका

**▪ जांच दस्ते में शामिल लोगों के नाम बताने से हिचक रहा विभाग**
**▪ मामला ग्राम चंवरढाल में शिक्षक द्वारा छात्रा से दुष्कर्म का**

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

ब्लॉक के चंवरढाल स्कूल में नाबालिग छात्रा के साथ उसी स्कूल के शिक्षक द्वारा दुष्कर्म की घटना को पूरा महीना बीत चुका है। जांच दल का गठन भी पखवाड़े भर पहले हो गया है लेकिन अब तक मामले से जुड़े तमाम पक्षों का बयान नहीं लिया जा सका है। घटना के समय उपस्थित ग्रामीणों, सहकर्मियों और घटना की सूचना समन्वयक तक पहुंचाने वाले कुछ पंचायत प्रतिनिधियों के बयान से मामले का खुलासा हो सकता है। चूंकि मामले को दबाये रखने संकुल समन्वयक और आला अधिकारियों पर लगातार उंगली उठाई जा रही है यहां तक कि सरपंच का बयान भी अब तक नहीं हो पाया है। इस पूरे मामले में जांच के तौर तरीकों पर सवाल उठाते हुए चँवरढाल के सरपंच प्रतिनिधि महेन्द्र वर्मा का मानना है कि मौके पर मौजूद ग्रामीणों से बयान लेने पर मामले की परत खुल सकती है। दुष्कर्म की घटनाओं को देखते हुए इस मामले में पर्दा डालने के जिम्मेदार कर्मचारियों और अधिकारियों पर कार्यवाही निश्चित होनी चाहिये ताकि घटना की पुनरावृत्ति न हो। पूरे ब्लॉक में डेढ़ साल में आधा दर्जन दुष्कर्म की घटनाओं से पूरे सूबे में ब्लॉक और जिले का नाम कलंकित हुआ है और ऐसी स्थिति में बच्चियों और पालकों में भी दहशत फैल गया है। अभी तक तमाम घटनाओं में आरोपी शिक्षकों को जेल भेजने के साथ निलम्बन की औपचारिकता पूरी कर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। स्कूलों की मॉनिटरिंग का जिम्मा देख रहे अधिकारी अपनी जवाबदारी से साफ बचते रहे। डीईओ के मुताबिक संवेदनशील प्रकरण को देखते हुए निष्पक्ष जांच के चलते जांच में समय लगना स्वाभाविक है।

### विभागीय लोगों की भूमिका की होनी है जांच

महीने भर पहले राजनांदगांव ब्लॉक के चँवरढाल मिडिल स्कूल के शिक्षक दुर्गेश यादव ने पुस्तक देने के बहाने स्कूल बुलाकर नाबालिग छात्रा की क्लासरूम में ही अस्मत लूट लिया था। दो दिन तक मामले को दबाने के बाद आखिर मीडिया में हल्ला मचते ही घुमका थाना में अपराध कायम कर आरोपी शिक्षक को जेल गया। इसके बाद निलम्बन की औपचारिकता पूरी कर मामले को ठंडे बस्ते में डालने के चक्क र में जांच से हाथ खींचा जा रहा था। महिला आयोग और नेता प्रतिपक्ष के सख्त तेवर और ग्रामीणों के बढ़ते आ ेश के बाद अंततः घटना के बीस दिन गुजरने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने मामले को दबाने में लिप्त स्टाफ, संकुल समन्वयक से लेकर आला अधिकारियों की भूमिका की पड़ताल के लिए तीन सदस्यीय कमेटी का गठन कर जांच रिपोर्ट मंगाया है।

### नहीं दे रहे जानकारी

जांच के सम्बंध में जानकारी देने से इतना परहेज किया जा रहा है कि जांच दल में शामिल सहायक संचालक संगीता राव को छोड़ बाकी अधिकारियों का नाम तक खुलासा नहीं किया जा रहा है। मामले को अतिसंवेदनशील बताकर पल्ला झाड़ते हुए गोपनीय रखने की खबरों से जांच को लेकर सन्देह और गहरा रहा है। जहाँ मामले को दबाने का आरोप झेल रहे उच्चाधिकारियों की भूमिका की जांच अधीनस्थों को सौंपने की दबी जुबान चर्चा भी छिड़ी हुई है।

**बूथ कमेटियों को सोशल मीडिया के माध्यम से जोड़ने की कोशिश**

## डिजिटल होने की राह पर भाजपा, मंडलों में बैठक कर तैयारी शुरु

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com





जिला भाजपा अध्यक्ष मधुसूदन यादव ने बूथ लेवल पर समिति गठित करने के लिए मंडलों की बैठक में ने शुरू कर दी है। मोहला-मानपुर, कौड़ीकसा में आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष यादव ने उपस्थित कायकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन को मजबूत करने के लिए मिलकर कार्य करने को कहा। इस दौरान पूर्व विधायक संजीव शाह, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष किरण साहू, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह, नम्रता सिंह, मदन साहू , भोजेश शाह मंडावी और खोरबाहरा यादव, रमेश हिडामे, सचिन जैन तीनो मण्डल के अध्यक्ष सहित मंडल के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे ।

इसी तारतम्य में जिला भाजपा अध्यक्ष यादव ने डोंगरगांव, कुमर्दा, अंबागढ़ चौकी और छुरिया के कार्यकर्ताओं की बैठक डोंगरगांव के सरस्वती शिशु मंदिर में ली। उन्होंने यहां बैठक की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर की। बैठक को संबोधित करते हुए यादव ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ पार्टी के लिए काम करें उन्होंने कार्यकर्ताओं से यह भी कहा कि जिस तरह सोशल मीडिया फेसबुक एवं व्हाट्सएप में सक्रिय रहते हैं उसी तरह पार्टी की बैठकों एवं आयोजनों में भी सक्रिय रहे और पार्टी को मजबूत करने के लिए कार्य करते रहें। इससे पूर्व बैठक की शुरुआत जिला भाजपा के महामंत्री दिनेश गांधी ने की। उन्होंने कहा कि इस बैठक का उद्देश्य बूथ कमेटी बनाना है। उन्होंने कहा कि पोर्टल फॉर्म भर कर सभी मंडल पदाधिकारी व्हाट्सएप पर ग्रुप तैयार करें और उसमें सूचना का आदान प्रदान कर कार्यकर्ताओं में सक्रियता लायें। उन्होंने शक्ति केंद्र के पुनर्गठन पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि हर बैठक की जानकारी नीचे लेवल तक होनी चाहिए। जिला भाजपा महामंत्री सचिन बघेल ने कहा कि व्हाट्सएप ग्रुप पर किसी भी प्रकार का गलत पोस्ट नहीं होना चाहिए और प्रत्येक कार्यकर्ता अपने आप को पार्टी का अभिन्न अंग मानकर पार्टी को मजबूत करने का कार्य करें। भाजयुमो के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह ने कहा कि भाजपा के हर कार्य में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता समान रूप से भागीदार होंगे। इन बैठकों में मंडल अध्यक्षों के साथ ही समस्त पदाधिकारियों के अलावा पूर्व विधायक रजिन्दरपाल सिंह भाटिया, एमडी ठाकुर, जिला पंचायत अध्यक्ष गीता साहू और सोशल मीडिया प्रभारी कमल सोनी विशेष रुप से उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने कहा -अधिक से अधिक मिलर्स नीलामी में भाग लें

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



कलेक्टर टोपेश्वर वर्मा ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में धान नीलामी के संबंध में राईस मिलर्स, पोहा मिलर्स, मंडी के थोक व्यापारियों की बैठक ली। कलेक्टर वर्मा ने कहा कि शासन द्वारा किसानों से खरीदे गए धान का सेन्ट्रल पुल और राज्य सरकार के आवश्यकता के बाद बचे हुए धान का नीलामी करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने सभी मिलर्स को नीलामी में अधिक से अधिक भागीदारी लेने कहा है। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशानुसार नीलामी के कार्य किए जाएंगे। यदि कोई समस्या हो तो इसका निराकरण भी किया जाएगा। खाद्य अधिकारी श्री किशोर सोमावार ने बताया कि इसके लिए सभी मिलर्स ई-ऑक्सन में जाकर पंजीयन करा सकते हैं। इसके बाद आगे की प्रक्रिया की जाएगी। इस अवसर पर जिला विपणन अधिकारी सौरभ भारद्वाज, खाद्य विभाग के अधिकारी तथा मिलर्स उपस्थित थे।

## क्विक न्यूज

### होम लोन कटौती नहीं होने की जानकारी डॉक्टर को पड़ा महंगा

**बिलासपुर।** बिलासपुर के नेहरूनगर स्थित रमणी अस्पताल के डॉक्टर को होम लोन की कटौती नही होने के संबंध में कस्टमर केयर नंम्बर में जानकारी लेना महंगा पड़ गया। ठग ने झांसा देकर बैंक खाता से ऑनलाइन सेंधमारी और 24900 रुपये निकाल लिया। सिविल लाइन पुलिस ने धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। सरकंडा क्षेत्र के गीतांजलि सिटी निवासी डॉ अजय पांडेय अमेरी चौक स्थित रमणी ट्रीटमेंट सेंटर में डॉक्टर है। उनका पीएनबी बैंक तिफरा शाखा में खाता है। होम लोन की इस माह किश्त नहीं काटने पर उन्होंने गूगल से बैंक के टोल फ्री नंबर की जानकारी ली एवं फोन से उक्त नंबर में बात कर कस्टमर केयर नंम्बर में बात की। इसके बाद मोबाइल नंम्बर 9144995492 एवं 9832056367 नंबर से फोन आया व जानकारी ली गई। इसके बाद ओटीपी नंबर पूछ कर खाता से 24900 रुपये निकाल लिया। बाद में बैंक से जानकारी लेने पर ठगी की जानकारी हुई। रिपोर्ट पर सिविल लाइन पुलिस ने उक्त दोनों नबर के धारकों के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# शिक्षण संस्थानों में अलग राज्य बन जाने के 21 बरस बाद भी बाहरी लोगों का प्रभुत्व

■ **छत्तीसगढ़ में योग्य शिक्षाविदों की कमी है या फिर राजनैतिक विचारधारा हावी है जिसके सामने सब असहाय है?**

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com






छत्तीसगढ़ को अलग राज्य बने 21 बरस हो गए मगर दुर्भाग्य है कि प्रदेश के अनेक उच्च शिक्षण संस्थानों में बाहरी लोगो का कब्जा है या यों कहें कि हमारे ऊपर बाहरी लोगो को थोपा जा रहा है । राजनैतिक विशेष के विचारधारा के लोगो को शुरू से यहां लाकर बिठाया जा रहा है और यहां के कर्ता धर्ता असहाय हैं ।अहम प्रश्न यह है कि क्या छत्तीसगढ़ में योग्य शिक्षाविदों का अभाव है ? यह कटु सत्य है कि छत्तीसगढ़ के विश्वविद्यालयों में बाहरी प्रतिभाओं का ज्यादा सम्मान है बनिस्बत इसी राज्य के हस्तियों का ।यही कारण है कि बिलासपुर विश्वविद्यालय जिसे पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेई के नाम से यानि अटल यूनिवर्सिटी के नाम से जाना जाता है, में महाकौशल क्षेत्र के शिक्षा वेद प्रोफेसर अरुण दिवाकर नाथ बाजपेई को वाइस चांसलर बनाया गया है वे सेवानिवृत हुए कुलपति प्रो जी डी शर्मा का स्थान लेंगे । प्रो बाजपेई की शैक्षणिक योग्यता को लेकर कोई संदेह नहीं है किंतु उस योग्यता के साथ सत्ता की जिस लेवल का ठप्पा लगा हुआ है उससे यह पता चलता है कि छत्तीसगढ़ के विश्वविद्यालयों में आज भी चलती तो आर एस एस की ही है। सबको पता है कि कुलपति की नियुक्ति में राज भवन का अपर हैंड है और छत्तीसगढ़ में राज भवन तथा सीएम भवन के बीच कई मामलों को लेकर तल्खी है उन्हीं में से एक विषय विश्वविद्यालय में नियुक्तियों का भी है अटल यूनिवर्सिटी में कुलपति की नियुक्तियां विवादित रही हैं। पिछले कुलपति प्रो गौरी दत्त शर्मा लम्बे कार्यकाल तक रहे । गुरु घासी दास विश्व विद्यालय को सेंट्रल यूनिवर्सिटी के रूप में मान्यता दी गई तो उसके बदले बिलासपुर विवि की नींव रखी गई और इसके पहले कुलपति प्रो गौरी दत्त शर्मा रहे । बिलासपुर वि वि का नाम अटल यूनिवर्सिटी रखा गया तब प्रो शर्मा का कार्यकाल बढ़ा दिया गया । प्रो शर्मा किस विचारधारा से जुड़े हुए है यह बताने की जरूरत नही है । विचारधारा के स्तर पर उन्होंने अपने पराए का खूब भेदभाव किया यहां तक कि विश्वविद्यालय का शैक्षणिक स्तर, प्रश्न पत्र की चोरी, उत्तर पुस्तिकाओं की जांच ,संविदा नियुक्ति तक हर क्षेत्र में भ्रष्टाचार का बोलबाला रहा। उनका कार्यकाल समाप्त होने के बाद जिस किसी का नाम इस पद पर आया तो कभी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद तो कभी एन एस यू आई ने आपत्तियां की इस बार आपत्ति का मौका ही नहीं मिला सीधी ही नियुक्ति हो गई। नव नियुक्त कुलपति प्रोफेसर वाजपेई महाकौशल क्षेत्र से वास्ता रखते हैं। नर्मदा नदी का तट देखे हुए हैं इसलिए राजनीति की धार खूब समझते हैं। चित्रकूट यूनिवर्सिटी में कोई कुलपति बने और उस पर आर एस एस की मेहरबानी ना हो यह नहीं हो सकता। हिमाचल तक चले गए उसी संगठन की दम पर ।महाकौशल क्षेत्र से इन दिनों छत्तीसगढ़ में खूब लिंक जोड़ी जा रही है इसी का परिणाम है कि शिक्षा संस्था के उच्च पदों पर केशव कुंज के स्थान पर महाकौशल का आर एस एफ कैंप हावी हो गया है अब सवाल ये उठता है कि छत्तीसगढ़ राज्य के शिक्षाविदों को देश के किस किस राज्य में नियुक्तियां मिल रही हैं? यदि नहीं मिल रही तो हम अपने राज्य में अन्य जगह की प्रतिभा लाकर क्यों रखते हैं? फिर प्रतिभा के साथ छोटी-छोटी छाया भी आती है इसके पहले केंद्रीय विश्वविद्यालय में बनारस की प्रतिभा आई थी और पूरे विश्वविद्यालय में आज भी उत्तर प्रदेश की गंदगी फैली हुई है ।इशारा साफ़ है महाकौशल से कितना कचरा लाया जाएगा। इस पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों को नजर रखनी चाहिए बिलासपुर के विश्वविद्यालय में ऐसा ही एक कचरा बुंदेलखंड से भी आता है जो कई बार कुल परिषद के सदस्य बन चुके हैं।

## प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना
# अनुभवी हितग्राहियों को उनकी योग्यता एवं अनुभव के आधार पर दिया जाएगा कौशल प्रमाण पत्र

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिला कौषल विकास प्राधिकरण के सहायक संचालक ने आज यहां बताया कि प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, भारत सरकार 3.0, के अंतर्गत रिकोग्निशन ऑफ प्रायर लर्निंग (आर.पी.एल.) टाईप-1 के तहत् पूर्व प्रशिक्षित एवं अनुभवी हितग्राहियों को उनकी योग्यता एवं अनुभव के आधार पर जिन्हें कौशल प्रमाण पत्र की आवश्यकता है को स्किल इंडिया पोर्टल में पंजीकृत ट्रेनिंग सेंटर, जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी मुंगेली के माध्यम से प्रशिक्षण एवं सर्टिफिक्रेशन दिया जाएगा। आर.पी.एल के अंतर्गत प्रमाणीकरण प्रशिक्षण, सर्टिफिक्रेशन हेतु प्रतिदिन अधिकतम 6 घण्टे की प्रशिक्षण अवधि होंगी जिसमें 18 वर्ष से 45 वर्ष की आयु वाले हितग्राही पात्र होंगे।

इन हितग्राहियों के पास आधार नंबर एवं आधार लिंक्ड बैंक खाता होना अनिवार्य होगा। प्रशिक्षण के समय उनकी उपस्थिति बायोमेट्रिक मशीन से ली जाएगी। सर्टिफाईड हितग्राहियों का 03 वर्ष का कौशल बीमा किया जाएगा।

ट्रेनिंग सेंटर द्वारा प्रशिक्षण उपरांत जिन हितग्राहियों को मूल्यांकन में 30 प्रतिशत या अधिक अंक प्राप्त होंगे उन्हे स्किल सर्टिफिक्रेट प्रदाय करते हुए 500 रूपये की नगद राशि पारितोषिक के रूप में दी जाएगी।

जिन्हे 30 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त होंगे उन्हें स्किल सर्टिफिकेट प्रदाय किया जाएगा एवं पीएमकेवीवाय 3.0 के अंतर्गत शार्ट टर्म ट्रेनिंग करने को प्रोत्साहित किया जाएगा। अतः पूर्व में विभिन्न व्यवसायों में प्रशिक्षित हितग्राही जिन्हे कौशल प्रमाण पत्र की आवश्कता है वे अपनी व्यक्तिगत जानकारी जिला कौशल विकास प्राधिकरण, मुंगेली एवं जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज जमकोर, मुंगेली में 01 सप्ताह के अंदर जमा कर सकते है।

# पीएम किसान सम्मान निधि योजना में जिले का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

■ **नई दिल्ली में अवार्ड ग्रहण किया कलेक्टर ने**




बिलासपुर जिले को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के क्रियानवयन में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्षन के लिए राष्ट्रीय अवार्ड प्राप्त हुआ है। भारत सरकार के कृषि मंत्रालय द्वारा आज ए.पी. शिन्दे हॉल, भारतीय कृषि अनुसंधान संगठन पूसा नई दिल्ली में आयोजित गरिमामयी समारोह में कलेक्टर डॉ. सारांश मित्तर ने केन्द्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र तोमर के हाथों यह अवार्ड ग्रहण किया। इस अवसर पर केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चैधरी भी उपस्थित थे। समारोह में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के राज्य नोडल अधिकारी जी.के.निर्माम ने इस उल्लेखनीय कार्य के लिए छ.ग. प्रदेश को मिले सम्मान का प्रशस्ति पत्र ग्रहण किया। उल्लेखनीय है कि बिलासपुर जिले को अधिक से अधिक किसानों का आधार प्रमाणीकरण कर व उन्हें सम्मान निधि का लाभ दिलाने के लिए यह अवार्ड दिया गया है। जिले में 9 हजार 310 किसानों का आधार प्रमाणीकरण कर उन्हें योजना का लाभ दिलाने में बिलासपुर अव्वल रहा। भारत सरकार के कृषि मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के दो वर्ष पूर्ण होने पर इसके क्रियान्वयन में देश में श्रेष्ठ प्रदर्शन वाले वाले राज्यों एवं जिलों का चयन अवार्ड हेतु किया गया।

## हीरो इलेक्ट्रिक भारत में निवेश करने और उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध

**बिलासपुर।** भारत की सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर कंपनी, हीरो इलेक्ट्रिक, इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर के उद्योग में अग्रणी है। यह उद्योग में सबसे पुरानी टू-व्हीलर कंपनियों में से एक है। कंपनी देश में आवागमन के तरीके में परिवर्तन लाने में यकीन करती है। इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर उद्योग अगले दो सालों में तीव्र वृद्धि करने की ओर अग्रसर है, इसलिए सभी लोग यह देखने के लिए उत्सुक हैं कि इस परिवर्तन को प्रोत्साहित करने के लिए नीति निर्माता एवं विभिन्न अंशधारक किस प्रकार मिलकर काम करते हैं। भारत में लगभग 3 लाख इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर्स बेचने वाली यह कंपनी पिछले 13 सालों से यात्रा के सतत समाधान मुहैया करा रही है और देश में ईवी बाजार के विकास में कंपनी एक बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# गाड़ी में घूम कर गांजा बेचने वाले युवक को पुलिस ने दबोचा

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



सरकंडा क्षेत्र में मोटरसाइकिल में गांजा रख के बेचने वाले को सरकंडा पुलिस ने पकड़ने में सफलता पाई।

जानकारी के अनुसार बुधवार को महामाया चौक के पास गांजा की डिलेवरी करने की सूचना पुलिस को मिली इस सूचना पर बिलासपुर पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल के दिशा निर्देश में टीम बनाकर सरकंडा पुलिस ने घेराबंदी कर उक्त व्यक्ति और एक्टिवा गाड़ी के इंतजार में खड़ी थी। तभी वह गाड़ी नम्बर जिसका क्रमांक सीजी 10 ईडी 8358 की गा?ी एक व्यक्ति के द्वारा आते दिखा जहाँ उसे रोककर उससे पूछताछ और गाड़ी की तलासी ली जहाँ उसकी गा?ी में 5 किलो गांजा बरामद हुआ।

पूछताछ में आरोपी कोनी निवासी सूरज उर्फ दीपक गढेवाल पिता संतु गढेवाल उम्र 26 वर्ष को गांजा और एक्टिवा गाड़ी सहित ग्रिफ्तार कर थाना लाया गया जहाँ आगे की कार्यवाही की जा रही है।

# गहलोत सरकार के बजट को क्रांतिकारी बजट बताया हेमंत भाई गोयल ने

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के दिव्यांग विकास प्रकोष्ठ के राजस्थान प्रदेश संयोजक एवं वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता हेमंत भाई गोयल ने राजस्थान के कांग्रेस नेता अशोक गहलोत सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इस बजट को दिव्यांगों के विकास एवं उत्थान के लिए एक ऐतिहासिक पहल बताया है हेमंत भाई गोयल ने गहलोत सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि बजट घोषणाओं से एक बार फिर साबित हुई राजस्थान की अशोक गहलोत की विशेष योग्यजन हितैषी छवि, विशेष योग्यजनों को बीपीएल परिवारों के समकक्ष सुविधाएं, अध्यनरत विशेष योग्यजन छात्रों को दो हजार स्कूटी का वितरण, जयपुर जोधपुर में मूक बधिर छात्रों के लिए स्पेशल कालेज, सभी शैक्षणिक संभागीय मुख्यालयों पर विशेष योग्यजन आवासीय विद्यालय,प्री मैट्रिक स्कॉलरशिप में बढ़ोतरी, स्पेशल स्कूलों को दी जाने वाली अनुदान राशि दोगुनी,महानरेगा में विशेष योग्यजन श्रमिकों को 100 के स्थान पर 200 दिन का रोजगार, बेरोजगारी भत्ता एक हजार रुपए बढ़ाने की घोषणाएं विशेष योग्यजनों के आर्थिक शैक्षणिक सामाजिक विकास के नवीन आयाम स्थापित करेंगी। विशेष योग्यजनों के अधिकारों के साथ ही इस समुदाय के सर्वांगीण विकास पर पूरा फोकस है, गहलोत सरकार का।

**सुविधाएं उपलब्ध करवाने वाला देश में पहला राज्य राजस्थान-** विधानसभा के इसी बजट सत्र में विशेष योग्यजनों को शहरी निकायों में पार्षद के रूप में मनोनीत करने संबंधी विधेयक भी पेश हो जाएगा जिससे इन्हें शहरी सत्ता में भागीदारी भी होगी सुनिश्चित, हेमंत भाई गोयल ने कहा है कि राजस्थान प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत इस बजट से आने वाले दिनों में प्रदेश के सर्व वर्गों का सर्वांगीण विकास होगा।

# कोण्डागांव पुलिस को मिली सफलता अंतर्राज्यीय गांजा तस्करों को पकड़ा



पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

जिला कोण्डागांव में पुलिस अधीक्षक सिध्दार्थ तिवारी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनंत साहू के मार्गदर्शन में तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कोण्डागांव कपिल चन्द्रा के पर्वेक्षण में 22फरवरी 2021 को मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना कोण्डागांव पुलिस के द्वारा रायपुर नाका कोण्डागांव में नाकाबंदी कर, 36 किलो 500ग्राम गांजा जप्त किया, जिसकी अनुमानित किमत 2लाख 56 हजार रूपये एवं एक नग आटो की कीमत 1लाख 5हजार रूपये, 05 नग मोबाईल किमति -8500 रूपये, एवं नगदी रकम 2000 रूपये जप्त किया गया है। सभी की कुल कीमत 4 लाख 16 हजार 500 रूपए आंकी गयी।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

प्रेम जाल में फांस कर युवती का यौन शोषण करता रहा। जब गर्भवती हुई तो प्रेमी उसे छोड़कर भाग गया, पीड़िता की शिकायत में आरोपी के खिलाफ पुलिस अपराध कायम कर उसे गिरफ्तार किया। नरेंद्र खूंटे नाम के युवक ने सिरगिट्टी इलाके में रहने वाली युवती के साथ पहले तो प्रेम संबंध बनाया। दोनों के बीच मई 2019 में जान पहचान हुई।उसके बाद नरेंद्र खूटे युवती को बहला-फुसलाकर शादी का झांसा देकर अपने घर ले गया ,जहां युवती के मना करने के बाद भी उसके साथ नरेंद्र ने शारीरिक संबंध बनाया। इसके बाद तो यह सिलसिला चल निकला। अक्सर नरेंद्र खूंटे अपनी प्रेमिका के साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। जब भी उसकी प्रेमिका शादी की बात कहती तो नरेंद्र बात को टाल देता। लेकिन ऐसा कब तक चलता। एक दिन उसकी प्रेमिका गर्भवती हो गई। हालात अब और अधिक समय तक टालने का नहीं रहा तो प्रेमिका ने नरेंद्र खुटे पर शादी करने का दबाव बनाया। खुद को फंसता देख नरेंद्र खूंटे ने ना सिर्फ शादी करने से इनकार कर दिया बल्कि अपनी प्रेमिका को जान से मारने की धमकी भी दी। जिसकी रिपोर्ट पीड़ित महिला ने सिरगिट्टी थाने में दर्ज कराई थी। इधर इसकी भनक नरेंद्र खूटे को हो गई जिसके बाद से वह फरार हो गया।

पुलिस ने उसे ढूंढने की काफी कोशिश की लेकिन वह हाथ नहीं लगा। अब पता चला कि नरेंद्र खूंटे ग्राम धूमा में अपने घर पर छुपा हुआ है। पता चलते ही पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंच कर उसे हिरासत में ले लिया। उसने भी पकड़े जाने के बाद बलात्कार की बात कबूल कर ली है। आरोपी नरेंद्र खूंटे पर बलात्कार के अलावा अपहरण का मामला भी दर्ज किया गया है, जिसके खिलाफ मई 2020 में मामला दर्ज हुआ था और उसकी गिरफ्तारी अब जाकर फरवरी 2021 में हुई है।

## जागरूकता शिविर में 650 लोगों ने कराया इलाज
# निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों लोगों ने उठाया स्वास्थ्य लाभ

पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com




आम लोगों तक आयुर्वेद व होम्योपैथी के माध्यम से स्वस्थ जीवन के लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से बुधवार निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।बस स्टैंड जय स्तंभ चौक पर आयोजित खंड स्तरीय स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर मे कुल 650 लोगों ने उपचार कराया।शिविर में दंतेवाड़ा जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉक्टर सरजू पटेल होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी बी.पी. साहू आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी भुनेश्वर पटेल आयुर्वेद फार्मासिस्ट अशोक कुमार सिन्हा ने आयुर्वेदिक और होम्योपैथी पद्धति से उदर रोग, वात रोग, चर्म रोग, स्त्री रोग व अनेक बीमारी का इलाज किया।मरीजों को दवाईयों का निःशुल्क वितरण किया गया डॉक्टरों ने कोविड-19 से बचाव के लिए काढ़ा पीने की सलाह भी दी।इस दौरान नपा अध्यक्ष मृणाल राय, पार्षद राजेन्द्र मृणाल राय, अमृत टंडन,गायत्री साहू,कीर्ति राणा पतंजलि योग समिति के राजेश सिन्हा नरोत्तम ध्रुव विश्वनाथ विश्वास संजीव दास आदि मौजूद थे।

## लोकवाणी के लिए मुख्यमंत्री से 26 तक सवाल करा सकते हैं रिकार्डिंग

■ **14 मार्च को प्रसारित लोकवाणी प्रदेश की नारी शक्ति पर होगी केन्द्रित**

**मुंगेली।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल लोकवाणी में इस बार प्रदेश की नारी शक्ति को संबोधित करेंगे। इस संबंध में महिलाएं (महिला वर्ग) आकाशवाणी रायपुर के दूरभाष नंबर 0771-2430501, 2430502, 2430503 पर 26 फरवरी तक अपरान्ह 3 से 4 बजे के बीच फोन करके अपने सवाल रिकार्ड करा सकती हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मासिक रेडियो वार्ता लोकवाणी की 16 वीं कड़ी का प्रसारण 14 मार्च 2021 को होगा। लोकवाणी का प्रसारण छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्रों,एफएम रेडियो और क्षेत्रीय समाचार चौनलों से सुबह 10.30 से 11 बजे तक होगा।

# गांजा परिवहन करते 5 आरोपी गिरफ्तार

■ **ऑटो सहित 2,56000 लाख का गांजा किया जब्त**

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

थाना से मिली जानकारी अनुसार मुखबिर की सूचना पर एक काले रंग के तीन पहिया आटो वाहन क्र-ओडी 24 आई 8054 में आरोपी 1.अभिमन्यु नायक पिता श्याम नायक उम्र 55 वर्ष जाति हरिजन निवासी भालुगुडा उमरकोट उडीसा एवं मध्य सीट पर एक महिला व 03 पुरूष बैठे हुये थे। जिनका नाम व पता पूछने पर 2.कुनाल कुमार पिता बुन्देला ठाकुर उम्र 26 वर्ष जाति भूमिहार निवासी दरियाछपरा थाना साहेबगंज जिला मुजफ्फरपुर बिहार, 3.धर्मेन्द्र पाण्डेय पिता हृदयनारायण पाण्डेय उम्र 44 वर्ष जाति ब्राम्हण निवासी सकुन्तला निवास एमव्ही कॉलेज चरित्रवान के सामने बक्सर जिला बक्सर बिहार, 4. मनोज कुमार गुप्ता पिता स्व अशोक कुमार गुप्ता उम्र 25 वर्ष जाति गुप्ता निवासी मढवा लमही थाना केन्ट जिला वाराणसी उत्तर प्रदेश व महिला को नाम पता पूछने पर अपना नाम 5.श्रीमति प्रियंमबदा उर्फ आरजू उर्फ रिंकी मिश्रा पति स्व संजय मिश्रा उम्र 38 वर्ष जाति ब्राम्हण निवासी मढवा पाण्डेयपुर थाना केन्ट जिला वाराणसी उत्तर प्रदेश के द्वारा अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा 36.500 किलो ग्राम को परिवहन करते पाये जाने से उक्त आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबध्द कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।उक्त कार्यवाही निरीक्षक नरेन्द्र पुजारी, सउनि पिताम्बर कठार, दिनेश पटेल, प्रधान आरक्षक नरेन्द्र देहरी, आरक्षक वेदराम चंदेल, दिनेश नेताम, महिला आरक्षक जानकी मण्डावी, उषा दुग्गा के द्वारा किया गया।

# अंततः जिला सहा. खाद्य अधिकारी किये गए रिलीज, सूरजपुर तबादले के 84 दिनों के बाद छुटा बालोद जिले से मोह

## पायनियर ने खाद्य सचिव डॉ.कमलप्रीत के सामने लाया था मामला संज्ञान में

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

पायनियर
खबर का असर

अंततः तबादला आदेश के पूरे 84 दिनों बाद जिले के सहायक खाद्य अधिकारी विजय किरण रिलीज कर दिए गए हैं। मंगलवार को उन्हें रिलीज कर दिया गया हैं। अब वे सूरजपुर में बतौर प्रभारी जिला खाद्य अधिकारी के रूप में अपनी ज्वाइनिंग देंगे। तबादला आदेश के 84 दिन एवं एकपक्षीय भारमुक्त आदेश के 70 दिनों के बाद सहायक खाद्य अधिकारी विजय किरण रिलीज हुए हैं। एकपक्षीय भारमुक्त आदेश के बाद भी नवीन स्थल में ज्वानिंग नही देने की खबर लगातार पायनियर ने प्रकाशित की थी। जिसके बाद अंततः विजय किरण को रिलीज कर दिया गया हैं। तबादले और एकपक्षीय भारमुक्त आदेश के बाद भी और शासन के आदेश की अवहेलना करने पर सहायक खाद्य अधिकारी का बालोद जिले से मोह न छूटना और नवीन स्थल याने के सूरजपुर में ज्वाइन नही करने के गंभीर मामले को पायनियर ने खाद्य सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह के सामने संज्ञान में लाया था। वही सूत्रों की माने तो आदेश की अवहेलना करने के मामले में श्री किरण पर निलबंन की भी तलवार लटक रही थी।


शासन ने जारी किया शोकॉज नोटिस, जारी हो सकता है निलबंन का आदेश भी
सहा. खाद्य अधिकारी विजय किरण ने एकपक्षीय भारमुक्त आदेश के बाद भी सूरजपुर में नहीं दी ज्वानिंग
सहा. खाद्य अधिकारी का जिले से नहीं छूट रहा मोह
पायनियर खास


जिला प्रशासन के पालने में पल रहे सहा. जिला खाद्य अधिकारी, तबादले के 2 माह बाद नही दी नवीन स्थल में ज्वानिंग, बालोद जिले से नहीं छूट रहा मोह

खाद्य अधिकारी के पद पर पदस्थ विजय किरण का स्थानांतरण सूरजपुर में प्रभारी खाद्य अधिकारी के पद पर किया गया हैं। तबादला आदेश को जारी हुए ढाई माह से भी ज्यादा हो गए। इतना ही नही

### यह था पूरा मामला

गौरतलब हो कि 1 दिसम्बर 2020 को खाद्य विभाग ने थोक में स्थानांतरण आदेश जारी किया था। जिसमें 54 खाद्य निरीक्षक एवं 10 सहायक खाद्य अधिकारीयों को इधर से उधर किया गया था। जिसमें बालोद जिले के खाद्य विभाग में सहायक

स्थानांतरण आदेश के पश्चात 14 दिसंबर 2020 को पत्र मांक एफ 1-42/2020/29-1 आदेश जारी करते हुए नवीन पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने हेतु तत्काल प्रभाव से एकपक्षीय भारमुक्त भी किया गया था। साथ ही जारी आदेश पत्र में यह भी कहा गया था कि आगामी माह का वेतन आहरण उनके नवीन पदस्थापना स्थल पर किया जावे। बावजूद उक्त एकपक्षीय भारमुक्त के आदेश की धज्जियां उड़ाते हुए नियम कायदों को ताक में रख सहायक खाद्य अधिकारी विजय किरण ने ढाई माह से भी ज्यादा बीत जाने के बाद भी नवीन स्थल सूरजपुर में पदभार ग्रहण नही किया था। इतना ही नही विजय किरण का माह दिसम्बर-जनवरी का वेतन भी बालोद से ही जारी हुआ हैं। आपको बता दे कि 14 दिसंबर को जारी पत्र क्रमांक एफ 1-42/2020/29-1 में साफतौर पर भार से मुक्त होकर नवीन स्थल पर ज्वॉइन करने आदेश जारी किया गया था। साथ ही जारी आदेश पत्र में यह भी कहा गया है कि आगामी माह का वेतन आहरण उनके नवीन पदस्थापना स्थल पर किया जावे। जिसके लिए कोषालय अधिकारी को भी सूचनार्थ किया गया था। बावजूद श्री किरण का वेतन बालोद जिले से ही जारी हुआ हैं।

### पायनियर ने लगातार उठाया था मामला

सहायक खाद्य अधिकारी विजय किरण के तबादले और एकपक्षीय भारमुक्त आदेश के बाद भी सूरजपुर ज्वाइन नही करने को लेकर पायनियर ने लगातार मामले को उठाया था। उक्त मामले को खाद्य सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह ने भी गंभीरता से लिया था। वही विभागीय सूत्रों की माने तो सहायक जिला अधिकारी विजय किरण द्वारा ताबदले व एकपक्षीय भारमुक्त आदेश के 2 माह बाद भी नवीन स्थल सुरजपुर में ज्वाइन नही करने के चलते उनपर निलंबन की गाज गिरने वाली थी।

# बृजमोहन अग्रवाल के सवालों पर आबकारी मंत्री ने दी जानकारी

## 5 करोड़ 71 लाख 63 हजार के अवैध शराब जब्त

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



भाजपा विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने आज विधानसभा में अवैध शराब के विक्रय वदर्ज प्रकरणों को लेकर प्रश्न किया। उन्होंने अपने प्रश्न में आबकारी मंत्री से जानना चाहा की 1 जनवरी 2019 से 31 जनवरी 2021 तक अवैध शराब के कितने प्रकरण के दर्ज हुए कितनी राशि की शराब जप्त हुई । कौन कौन से प्रदेश के शराब जप्त हुए क्या शासकीय शराब दुकान में अन्य राज्यों के शराब विक्रय का प्रकरण सामने आया है। तो कितने दुकानों और जिलों में कितने अधिकारियों के खिलाफ क्या क्या कार्रवाई की गई है। आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने लिखित उत्तर में बताया कि प्रदेश में 6560 अवैध शराब के प्रकरण दर्ज किए गए हैं जप्त शराब की अनुमानित कीमत 5 करोड़ 71 लाख 63 हजार रुपये है । प्रदेश में मध्य प्रदेश, हरियाणा, महाराष्ट्र , चंडीगढ़, पंजाब अरुणाचल प्रदेश उड़ीसा तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, झारखंड, के शराब छत्तीसगढ़ के 308 स्थानों पर अवैध रूप से बेचते पकड़े हैं।

अभी तक 4 कर्मचारियों को निलंबित किया गया है वह एक जिला आबकारी अधिकारी को कारण बताओ पत्र जारी किए गए हैं।

# अनुपूरक बजट पर चर्चा से पहले बोले चंद्राकर, 505 करोड़ के कुल बजट में 16 सौ करोड़ की डिमांड

**रायपुर।** अनुपूरक बजट पर चर्चा से पहले बीजेपी विधायक अजय चंद्राकर ने व्यवस्था का प्रश्न उठाया. उन्होंने कहा कि कुल बजट जब पांच सौ पांच करोड़ का दिया गया है, तो सिर्फ एक मद के लिए 16 सौ करोड़ का डिमांड किया गया है. ये कैसे हो सकता है? हम किस आकंड़े को सही मानकर सदन में चर्चा करें

**फिर हुआ सदन में हंगामाः** टंकण त्रुटि की वजह से सदन में बीजेपी सदस्यों ने किया हंगामा. आसंदी ने माना टंकण त्रुटि की वजह से 16 करोड़ की जगह 16 सौ करोड़ हुआ है।

**सीएम ने रखा प्रस्तावः** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल .ने सदन में प्रस्ताव रखते हुए कहा कि पेज क्रमांक 13 मांग संख्या 58 में 16 सौ करोड़ के स्थान पर 16 करोड़ पढ़ा जाए. मुख्यमंत्री के इस प्रस्ताव के बाद सदन में सहमति दी गई. सहमति के बाद अनुपूरक बजट पर चर्चा शुरू हुई।

**छत्तीसगढ़ की दुर्दशा :अजय चंद्राकरः** विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ की दुर्दशा दिखती है. पूंजीगत व्यय के लिए 300 रुपये है. देश के दूसरे राज्यों का तृतीय अनुपूरक मंगाकर देख लें कि कितनी है. सरकार के राजस्व में लगातार वृद्धि हो रही है. आने वाले दिनों राजस्व घाटा भी बढ़ेगा. इन सबसे जीडीपी पर असर होगा. उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की स्थिति दयनीय है. किसी भी जन आकांक्षाओं पर यह सरकार खड़े नहीं हो सकती।

**शराब दुकान में कांग्रेस नेता करते है हंगामा : चंद्राकर**

अजय चंद्राकर ने ये भी कहा कि शराब की दुकान में एक कांग्रेस का नेता जाता है. मांग करता है. हंगामा करता है, लेकिन कभी कार्रवाई नहीं होगी।

# धान खरीदी केन्द्र से 22 क्विंटल धान चोरी,हमाल के खिलाफ अपराध दर्ज

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

धान खरीदी केन्द्र से 22 क्विंटल धान चोरी करके हमालों ने दूसरे के घर रख दिया। घटना की रिपोर्ट अभनपुर थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार शीतलापारा गोबरानवापारा निवासी शशिकुमार यादव ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि धान खरीदी केन्द्र मानिकचौरी में समिति प्रबंधक के पद पर पदस्थ है। शासन के निर्देशानुसार समर्थन मूल्य में धान खरीदी का कार्य किया गया है। जिसमें कार्य करने एवं रख रखाव सुरक्षा हेतु समिती के द्वारा मजदूर दया राम साहू एवं अन्य निवासी मानिकचौरी को हमाल एवं धान तौलने के लिये नौकरी में रखा गया है। जिनकी जिम्मेदारी धान तौलने एवं धान को व्यवस्थित करने की रहती है। दिनांक 22.02.2021 को रात्रि 10.00 बजे पीड़ित को गांव से जानकारी मिला कि 56 कट्टा सरना धान पुरानिक राम साहू के घर में रखे है। जिसके बाद पुरानिक साहु के घर जाने पर वहां 56 कट्टा धान रखा हुआ मिला। जिस पर पुरानिक साहु के द्वारा जानकारी दिया कि हमाल दया राम साहू एवं अन्य हमाल लोग दिनांक 21 फरवरी 2021 को बरामदे 56 कट्टा सरना धान लाकर रखा है।

# नम्रता गुगलानी मिसेज इंडिया स्पर्धा में सेकंड रनरअप

**रायपुर।** अहमदाबाद में वीपीआर इंटरटेनमेंट द्वारा आयोजित मिसेज फैशन आईकॉन प्रतियोगिता का आयोजन 20 फरवरी को किया गया था जिनमें 150 प्रतियोगियों ने आवेदन किया था। 41 प्रतियोगियों में से मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में रायपुर कटोरातालाब निवासिनी नम्रता गुगलानी ने सेकेंड रनरअप का खिताब हासिल कर प्रतियोगिता में अपना उच्च स्थान बनाया। बिजनेस वुमेन नम्रता ने प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में बताया कि उन्हें सेकेंड रनरअप में फैशन आईकॉन का ताज मिला।

# बढ़ती महंगाई के खिलाफ महिला कांग्रेस का महाधरना प्रदर्शन आज

**रायपुर।** नरेंद्र मोदी के गलत नीति के कारण महंगाई बेलगाम हो गई। बढ़ती महंगाई और पेट्रोल, डीजल व गैस सिलेंडर के बढ़ते दाम को लेकर महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुष्मिता देव जी, छत्तीसगढ़ महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम जी, छत्तीसगढ़ महिला कांग्रेस प्रभारी सुनीता सहरावत जी के निर्देश पर 25 फरवरी 2021 को महिला कांग्रेस बढ़ती महंगाई पर बड़ा आंदोलन प्रदेश स्तर पर प्रदर्शन करने जा रही है। प्रधानमंत्री व वित्त मंत्री को गहरी निद्रा से जागने थाली व नगाड़ा बजाया जायेगा। महंगाई ताड़का सूर ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। दैनिक जीवन के प्रत्येक वस्तुओं के दाम आसमान छू रही है। बढ़ती महंगाई को नियंत्रण करने केन्द्र की भाजपा सरकार ने अब तक कोई भी आवश्यक कदम नहीं उठाये, महंगाई से राहत के कोई आसार नजर नहीं आ रही है। लेकिन अब बहुत हुआ महंगाई की मार अब तो बदलेंगे ये सरकार के साथ महिला कांग्रेस कसम खाकर काली पट्टी पहन कर केन्द्र की भाजपा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करने जा रही है। इस प्रदर्शन में प्रदेश के पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष ब्लॉक अध्यक्ष, वार्ड अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष सहित हजारों की संख्या में उपस्थित होंगे।

# चेम्बर चुनाव-2021 सूक्ष्म जांच के पश्चात प्रत्याशियों की सूची का प्रकाशन

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



चेम्बर चुनाव-2021 सूक्ष्म जांच के पश्चात प्रत्याशियों की सूची का प्रकाशन छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली, निर्वाचन अधिकारी प्रकाशचन्द गोलछा, बालकृष्ण दानी, रमेश गांधी, मनमोहन अग्रवाल, के.सी.माहेश्वरी, संजय देशमुख, विजय जैन, महावीर तालेड़ा, अनिल जैन (कुचेरिया), मुख्य निर्वाचन नियंत्रक-एस.एस. कर, चेम्बर चुनाव कार्यालय प्रभारी एस.एम.रावते की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारियों के चुनाव हेतु प्राप्त नाम निर्देशन पत्र (नामांकन पत्र) की सूक्ष्म जांच के पश्चात आज 24 फरवरी 2021, बुधवार को दोपहर 2 बजे चेम्बर कार्यालय - चौ.देवीलाल व्यापार उद्योग भवन, बाम्बे मार्केट, रायपुर में सूची का प्रकाशन किया गया जिसे सूचना-फलक पर चस्पा किया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली एवं निर्वाचन अधिकारी प्रकाशचन्द गोलछा ने आगे बताया कि जांच के पश्चात प्रत्याशियों की सूची में प्रदेश अध्यक्ष-2, प्रदेश महामंत्री-3, प्रदेश कोषाध्यक्ष-2 एवं रायपुर जिला उपाध्यक्ष-17, रायपुर जिला मंत्री-18, एवं अन्य बाहर जिले के उपाध्यक्ष34 एवं मंत्री-36 शामिल हैं जिसका विवरण निम्नानुसार है :प्रदेश अध्यक्ष पद हेतु -1. अमर पारवानी 2. योगेश अग्रवाल प्रदेश महामंत्री पद हेतु -1. अजय अग्रवाल 2. अजय भसीन 3. राजेश वासवानी प्रदेश कोषाध्यक्ष पद हेतु 1. निकेश बरड़िया 2. उत्तम गोलछा उपाध्यक्ष -रायपुर जिला- 1. आलोक सिंह 2. अमृत लाल पटेल 3. अश्वनी विग 4. चंदर विधानी 5. हरख मालू 6. हीरा माखीजा 7. कन्हैया लाल गुप्ता 8. महेश दरयानी 9. मनोज कुमार जैन 10. नरेश हरचंदानी 11. प्रकाश लालवानी 12. पृथ्वीपाल सिंह छाबड़ा 13. राजकुमार तारवानी (राजू भाई तारवानी) 14. राकेश कुमार ओचवानी 15. सुभाष अग्रवाल 16. टी.श्रीनिवास रेड्डी 17. वासुदेव जोतवानी मंत्री-रायपुर जिला -1. अजय तनवानी 2. आकाश धावना 3. दिनेश पटेल 4. गिरीश भाई पटेल 5.जितेन्द्र गोलछा (जैन) 6. लोकेश जैन 7. लोकेश साहू 8. निलेश मूंदड़ा 9. पी.किरण कुमार आचार्य 10. प्रशांत गुप्ता 11. राजेन्द्र खटवानी 12. राजेश गुरनानी 13. राजेश सेतपाल 14. राकेश वाधवानी 15. सतीश बागड़ी 16. सुदेश मंध्यान 17. सुखदेव सिंग सिद्धू 18. शंकर बजाज जांजगीर-चांपा जिला उपाध्यक्ष- 1. सुनील सोनी 2. शंकरलाल अग्रवाल, मंत्री- 1. मनोज धामेचा 2. सतीश कुमार अग्रवाल। महासमुंद जिला उपाध्यक्ष 1. भूपेश कुमार पोपट 2. लक्ष्मीकांत अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, मंत्री- 1. अशोक चौरड़िया 2. जितेन्द्र कुमार चंद्राकर, 3.संजय अग्रवाल । बलौदाबाजार-भाटापारा जिला उपाध्यक्ष 1. गिरधर गोविन्दानी 2. नानक राम गिदवानी, मंत्री- 1. लक्ष्मीनारायण सोनी 2. सुभाष भट्टर । कोरिया जिला- उपाध्यक्ष -1. कमल केजरीवाल 2. पंकज जैन, 3. श्यामसुंदर पोद्दार मंत्री- 1. संजीव कुमार ताम्रकार 2. शैलेष जैन । दुर्ग जिला उपाध्यक्ष 1. प्रकाश सांखला 2. विनीत कुमार जैन, मंत्री- 1. अशोक राठी 2. दर्शन लाल ठाकवानी । राजनांदगांव जिला उपाध्यक्ष 1. अनिल बरड़िया 2. हंसमुख भाई रायचा, मंत्री- 1. अमर लालवानी 2. राजेश माखीजा। भिलाई जिला उपाध्यक्ष- 1. महेश कुमार बंसल 2. प्रमोद अग्रवाल, मंत्री- 1. अशोक दलवानी 2. मनोज बख्यानी । कांकेर जिला उपाध्यक्ष 1. राधाकृष्ण मोटवानी मंत्री- 1. स्वपन बोस। बालोद जिला उपाध्यक्ष 1. स्वाधीन जैन, मंत्री- 1. अमित कुमार कुकरेजा। रायगढ़ जिला उपाध्यक्ष- 1. सुशील रामदास अग्रवाल 2. तरूण अग्रवाल, मंत्रीरतेरिया, 2. राजकुमार तेजवानी 3. शक्ति अग्रवाल बिलासपुर जिला उपाध्यक्ष- 1. कल्याणदास लालवानी 2. नवदीप सिंह अरोरा, मंत्री- 1. अनिल वाधवानी 2. राजेश कुमार गंगवानी 3. रमेश वाधवानी । गरियाबंद जिला उपाध्यक्ष 1. जगन्नाथ साहू 2. लालचंद मेघवानी मंत्री- 1. अरेन्द्र पहाड़िया 2. विनय पांडेय सरगुजा जिला उपाध्यक्ष- 1. गोपाल अग्रवाल 2. मुकेश कुमार अग्रवाल मंत्री- 1. बजरंग लाल गोयल 2. राजेश अग्रवाल धमतरी जिला उपाध्यक्ष- 1. रामचंद वाधवानी, मंत्री-1. धनराज जैन मुंगेली जिला उपाध्यक्ष- 1. दिनेश सोनी 2. प्रेम आर्य , मंत्री- 1. आशीष तिवारी 2. प्रवीण वैष्णव बेमेतरा जिला उपाध्यक्ष- 1. चंदन सोनी 2. केशव दास मोटवानी, मंत्री-1. अजय ठाकुर 2. राजेश जैन कोरबा जिला उपाध्यक्ष-1. विजय कुमार अग्रवाल मंत्री- 1. मुकेश कसेर 2. परमानंद अग्रवाल । दंतेवाड़ा जिला उपाध्यक्ष 1. ओमप्रकाश सोनी 2. सतीश प्रेमचंदानी, मंत्री- 1. हरीश शर्मा 2. वि म अग्रवाल

25 फरवरी 2021 गुरूवार को दोपहर 12 से 3 बजे तक नामांकन पत्रों पर लिखित में दावा-आपत्ति का आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं, उसी दिन प्राप्त दावा-आपत्ति के आवेदन पत्रों का निराकरण शाम 4 से 6 बजे तक रखा गया है । नामांकन पत्रों (नाम निर्देशन पत्रों )की वापसी का समय 27 फरवरी 2021, शनिवार को प्रातः 11 से 2 बजे तक है, उसी दिन शाम 5 बजे प्रत्याशियों की अंतिम सूची का प्रकाशन किया जावेगा।

# अबूझमाड़ पीस हॉफ मैराथन 27 को, देश-विदेश के 11 हजार से ज्यादा प्रतिभागी होंगे शामिल

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



नारायणपुर जिले में 27 फरवरी को आयोजित होने वाले अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी है। बस्तर संभाग के कमिश्नर जी.आर. चुरेन्द्र और आईजी पी. सुंदरराज आज नारायणपुर पहुंचकर अबूझमाड़ पीस हॉफ मैराथन की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने समीक्षा बैठक में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कमिश्नर चुरेन्द्र ने कहा कि यह जिले के लिए गौरव की बात है कि इतने बड़े कार्यक्रम का आयोजन अबूझ के नाम से जाने वाले जिले में हो रहा है। इस मैराथन दौड़ में देश-विदेश के धावक आयेंगे। कमिश्नर ने धावकों के ठहरने, बिजली, पानी, साफ-सफाई, शौचालय और भोजन आदि की बेहतर व्यवस्था करने निर्देश दिए। उन्होंने अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन में मास्क का उपयोग, हाथों को सेनेटाईज और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने कहा। साथ ही दूसरे राज्यों से आए धावकों का एक दिन पहले कोरोना जांच कराने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने बताया कि अबूझमाड़ पीस हॉफ मैराथन की तैयारियां लगभग पूरी हो गयी है। मैराथन दौड़ में लगभग 11 हजार धावक शामिल होने जा रहे हैं। दूसरे राज्यों सहित प्रदेश के अन्य जिलों से आये धावकों की कोरोना जांच करने टीमं गठित कर जिम्मेदारी दी गयी है। धावकों के रूकने, भोजन व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गयी हैं। मैराथन दौड़ के दौरान धावकों के लिए प्रत्येक किलोमीटर पर ग्लूकोस पानी, बिस्किट आदि की व्यवस्था की गयी है और वहां वालेंटियरों की नियुक्ति की गयी है।

# कलेक्टर ने शिवरीनारायण मेला के लिए लीना कोसम को नोडल और अनुविभागीय अधिकारी जांजगीर को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया

पायनियर संवाददाता < शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



जिला प्रशासन द्वारा नगर पंचायत शिवरीनारायण को माघ पूर्णिमा मेले के आयोजन की अनुमति दे दी है। मेले के लिए अपर कलेक्टर लीना कोसम को नोडल और अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) जांजगीर को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। मेला का अयोजन 27 फरवरी से 11 मार्च तक किया जाएगा। सार्वजनिक स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए मेले में शामिल होने वालों को कोविड-19, प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन करना होगा। माघ पूर्णिमा के पश्चात अन्य दिनों का मेला प्रातः 10 बजे से रात्रि 10 बज तक आयोजन की अनुमति होगी। मेले में चलित सिनेमा की रात्रि 11.30 बजे तक अनुमति दी गई है। मेले के दौरान भारत सरकार, छत्तीसगढ़ शासन एवं जिला प्रशासन द्वारा जारी कोविड-19, के प्रोटोकाल का पालन आयोजन समिति, अधिकारियों, गणमान्य नागरिकों द्वारा करवाया जाएगा। मेले के दौरान कोविड-19, सहित स्वास्थ्य सुरक्षा के निर्देशों का कड़ाई से पालन करवाया जाएगा। अन्य राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं को कोविड-19 निगेटिव का रिपोर्ट साथ में लाना होगा। यह रिपोर्ट 3 दिन से अधिक पुरानी नहीं होनी चाहिए। मेला स्थल के प्रवेश द्वार पर पहचान पत्र के आधार पर आगंतुकों की पंजी संधारित की जाएगी। सभी आगंतुकों को पहचान पत्र लेकर आना अनिवार्य होगा। इस संबंध में प्रचार-प्रसार के लिए सभी एसडीएम को मुनादी कराने के निर्देश दिए गए है। मेला स्थल में प्रवेश के पूर्व आगंतुको का थर्मल स्केन किया जाएगा। अलक्षण वाले आगंतुकों को प्रवेश की अनुमति होगी। बिना मास्क का प्रवेश वर्जित रहेगा। प्रवेश एवं निकास बिन्दूओं के साथ-साथ परिसर के भीतर समान्य क्षेत्रों में हेण्ड सेनेटाइजर की उपलब्धता सुनिश्चित करने का दायित्व आयोजन समिति का होगा।

## जिला अस्पताल के चिकित्सकों पर लग रहे आरोप, प्रशासन ने नहीं लिया कोई एक्शन

# जोया के पैर को काटकर किया अलग, डेड़ महीने से वेंटिलेटर पर जीवन, मां ने कहा कानूनी लड़ाई लड़ूंगी

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

पायनियर
लगातार

आखिरकार 5 साल की मासूम रिम्शा कुरैशी उर्फ जोया का पैर उसके शरीर से काटकर अलग कर दिया गया। 22 जनवरी सोमवार को प्रदेश के एम्स हॉस्पिटल में डॉक्टरों की टीम ने ऑपरेशन कर पैर काट दिया। इस संबंध में जानकारी देते हुए जोया की मां रूखसाना खातून ने बताया कि एम्स में जोया के पैर की लगातार बिगड़ती हालत को देखकर उसे जल्द से जल्द काटकर अलग करने का निर्णय लिया गया था लेकिन वेंटिलेटर में रहने और स्थिति नाजुक होने की वजह से ऑपरेशन कर पाना मुश्किल होता जा रहा था। अस्पताल में लगभग 10 दिन भर्ती रहने के बाद आखिरकार एम्स के डॉक्टरों ने सोमवार को पैर काटकर अलग कर दिया। ऑपरेशन के बाद जोया की स्थिति में थोड़ा सुधार होने की बात भी डॉक्टरों के द्वारा बताई गई है।


जिला अस्पताल के डॉक्टर और नर्स की लापरवाही से 5 साल की जोया का एम्स में काटा जा रहा है पैर
डॉक्टर्स की अनदेखी और ट्रेनी नर्सों की वजह से जिंदगी मौत से जूझ रही जोया
हालत बिगड़ी पैर में लगया कैन्यूला
एम्स में गंभीर अवस्था में है जोया
इस तरह बिगड़ती गई हालत

### अदालत का दरवाजा खटखटाऊंगी

जोया की मां रूखसाना खातून ने अपनी बेटी के पैर कटने की बात बताने के दौरान रोते हुए कहा, जशपुर जिला अस्पताल की लापरवाही की वजह से जोया का पैर खराब हुआ। प्रशासन की ओर से अबतक जांच के लिए कोई टीम नहीं बनाई गई है। मैं अदालत का दरवाजा खटखटाऊंगी और जांच की मांग करूंगी। जो जोया के साथ हुआ वह किसी और के बच्चे साथ ऐसा ना हो यह मेरी कोशिश होगी। किसी की जान के साथ खिलवाड़ करना बिलकुल भी गलत है। भगवान का दर्जा देने वाले डॉक्टरों की संवेदनाएं मरने के बाद इस तरह की स्थितियां निर्मित होती है।



### एम्स में गंभीर अवस्था में है जोया

15 जनवरी को जशपुर से रांची रेफर करने के बाद जशपुर के युवाओं और नागरिकों के द्वारा आर्थिक सहयोग करने के बाद उसे रानी चिल्ड्रन अस्पताल में भर्ती रखा गया। वहां 15 दिन आईसीयू में इलाज चलने के बाद वह कुछ हदतक ठीक हुई पर पैर का जख्म बढ़ता गया। अब उसे इलाज के लिए रायपुर के एम्स अस्पताल में भर्ती किया गया है। फिलहाल वह जिंदगी और मौत से जूझ रही है और एम्स के आईसीयू में भर्ती है।

### यह है मामला

जशपुर जिला मुख्यालय के आजाद मोहल्ला निवासी नौशाद उर्फ मैना कुरैशी पत्नी रूखसाना कुरैशी की 5 वर्षीय बच्ची रिम्शा उर्फ जोया कुरैशी को बचपन से ही मिर्गी की बीमारी है। परिजन उसका नियमित इलाज कराते हैं। वह इलाज के लिए कई बार जिला अस्पताल भी जा चुकी है। 15 जनवरी की सुबह 4 बजे बुखार आने पर माता-पिता उसे लेकर अस्पताल पहुंचे। आपातकालीन ड्यूटी में पदस्थ डॉक्टर ने उसे बुखार की दवा देकर घर जाने का कहा पर जोया की माता रूखसाना ने डॉक्टर से जोया की तबीयत बिगड़ने की बात कहते हुए एडमिट करने का निवेदन किया। डॉक्टर ने उसे बच्चों के वार्ड में जाने के लिए कह दिया। वे वार्ड में जाकर डॉक्टर का इंतजार करते रहे और वार्ड के नर्स को कैन्यूला लगाने के लिए कहा। पर नर्स ने कैन्यूला लगाने से यह कहते हुए इंकार कर दिया कि डॉक्टर से पर्ची में कुछ लिखा ही नहीं है। कैन्यूला दोपहर 2-3 बज के दरम्यान पैर में लगाया गया।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403